


हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण



वर्ष : 12 | अंक : 280 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### अच्छी शुरूआत के बाद लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स 193 और निफ्टी 73 अंक फिसला



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी दिन अच्छी शुरूआत के साथ हरे निशान पर खुला है. बीएसई का सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 216.37 अंक (0.26 प्रतिशत) चढ़कर 82,189.42 के लेवल पर शुरू हुआ. वहीं एनएसई का निफ्टी 61.30 अंक (0.24 प्रतिशत) की बढ़ोतरी के साथ 25,189.25 पर खुला. शुरूआती कारोबार में निफ्टी बैंक 159.70 अंक (0.31 प्रतिशत) की तेजी के साथ 51,976.60 पर पहुंच गया था. वहीं निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 79.00 अंक (0.13 प्रतिशत) बढ़कर 51, 976.60 के स्तर पर और निफ्टी 100 इंडेक्स 68.60 अंक (0.26 प्रतिशत) वृद्धि के साथ 26,266.50 के लेवल पर कारोबार कर रहा था. शुरूआती कारोबार में एनएसई पर 1323 शेयर हरे, जबकि 721 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे. वहीं बीएसई पर 1689 शेयर हरे और 852 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक डिजिटल नियमों और नैतिक एआई पर जोर दिया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे और वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दिशा-निर्देशों के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा स्थापित करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विषय को भारत ने अपने जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान उठाया था और वैश्विक संस्थाओं से वैश्विक शासन के लिए इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया।

# विधानसभा चुनाव: झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने आज मंगलवार को 3.30 बजे प्रेस कांफ्रेंस कर झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे. पहला चरण 13 नवबंर, और दूसरा 20 नवंबर को होगा. वहीं महाराष्ट्र में एक चरण में होगा. 20 नवंबर वोट डाले जायेंगे. महाराष्ट्र और झारखंड में एक साथ 23 नवंबर को मतगणना होगी. इसके अलावा चुनाव आयोग ने 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है. 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे. वहीं केरल की वायनाड सीट पर भी 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे. वहीं उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होगी. वहीं महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भी 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे. उपचुनाव की मतगणना भी 23 नवंबर को ही होगी. इससे पहले जम्मू कश्मीर और हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भारी संख्या में मतदाताओं को शामिल होने के लिए बधाई दी. चुनाव आयुक्त कहा कि एउ ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोका है. कहा कि जम्मू कश्मीर चुनाव में किसी तरह की कोई हिंसा नहीं हुई है।




### राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू

चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर वोटिंग होगी। इनमें से 44 सीट जनरल, 28 एससी और 9 एसटी है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में वोटर्स की कुल संख्या 2.6 करोड़ है। जिनमें से 1.29 करोड़ महिला मतदाता है। वहीं पुरुष वोटर्स की संख्या1.39 करोड़ हैं। सरकार का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

**झारखंड में 81 सीटों पर होंगे चुनाव**

बता दें कि झारखंड में 81 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा. इसमें जनरल 44, एसटी 28 और एससी 9 सीट हैं. झारखंड विधानसभा चुनाव में 2.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. इसमें 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं. पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है. झारखंड में 20281 क्षेत्रों में 29562 पोलिंग स्टेशन बनेंगे. शहरी क्षेत्रों में 5042 और ग्रामीण क्षेत्रों में 24520 मतदान केंद्र होंगे।

**महाराष्ट्र में 288 विस क्षेत्रों के 9.63 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट**

बता दें कि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा. इसमें जनरल 234, एसटी 25 और एससी 29 सीट है. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 9.63 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे. इनमें 4.97 करोड़ पुरुष और 4.66 करोड़ महिला मतदाता हैं. पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 20.93 लाख है. 57789 क्षेत्रों में 1,00,186 पोलिंग स्टेशन बनेंगे. शहरी क्षेत्रों में 42604 और ग्रामीण क्षेत्रों में 57582 मतदान केंद्र होंगे।

### झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होगा

13 और 20 नवंबर को वोटिंग होगी. वहीं, 23 नवंबर को वोटों की काउंटिंग होगी. वहीं, महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा. वहीं चुनाव के नतीजे झारखंड के साथ ही 23 नवंबर को आएंगे. राज्य की सभी 288 सीटों पर एक ही चरण में वोटिंग होगा. बता दें कि झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीट हैं. यहां सरकार बनाने के लिए किसी भी गठबंधन को 42 सीट की जरूरत होती है. झारखंड में पहले चरण यानी 13 नवंबर को 43 सीटों एवं 20 नवंबर को 38 सीटों पर चुनाव होगा।

**29 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तारीख**

झारखंड के पहले चरण के लिए नामांकन 18 अक्टूबर से शुरू होगा. वहीं, पहले चरण के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर होगा. दूसरे चरण के लिए नामांकन की शुरूआत 22 अक्टूबर से होगी. 29 अक्टूबर को नामांकन की आखिरी तारीख होगी।

**पहले चरण**

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, पूर्वी जमशेदपुर, पश्चिमी जमशेदपुर, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मणिका, लातेहार, पांकी, डाल्टनगंज, बिश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर में होंगे मतदान

**दूसरे चरण**

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोरैयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुना, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली और खिजरी में होंगे मतदान

**झारखंड विधानसभा चुनाव पहला चरण**

अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन- 18 अक्टूबर
नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख -25 अक्टूबर
नामांकन पत्रों की जांच -28 अक्टूबर
नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि -30 अक्टूबर
मतदान की तिथि -13 नवंबर
मतगणना की तारीख- 23 नवंबर

**झारखंड विधानसभा चुनाव दूसरा चरण**

अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन-22 अक्टूबर
नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख-29 अक्टूबर
नामांकन पत्रों की जांच-30 अक्टूबर
नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि -1 नवंबर
मतदान की तिथि- 20 नवंबर
मतगणना की तारीख- 23 नवंबर

## एससीओ शिखर वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर



दबंग हिन्द, संवाददाता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पाकिस्तान में बुधवार को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। नौ साल बाद ये पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे हैं। इससे पहले दिसंबर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान गयी थीं। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर विदेश मंत्री जयशंकर बैठक में शिरकत करने पहुंचे हैं।

विदेश मंत्री को लेकर भारतीय वायुसेना का विमान आज नूर खान एयर बेस पर उतरा। जयशंकर ने इस्लामाबाद में उतरने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत, पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके सदस्य हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि उनकी पाकिस्तान यात्रा बहुपक्षीय मंच में भागीदारी से जुड़ी है और इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं है। हालांकि वे हर यात्रा से पहले अपेक्षित और अनपेक्षित दोनों स्थितियों के लिए पूरी तैयारी के साथ जाते हैं।

## राज्य में मौसम में हुआ बदलाव, बारिश के आहात से ठंड ने दी दस्तक

दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** पिछले 24 घंटों में झारखंड के कई जिलों जैसे पूर्वी सिंहभूम, रांची और सरायकेला-खरसावां में हल्की बारिश दर्ज की गई है, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई हैं. इस बदलाव के कारण सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा हैं. मौसम विभाग के अनुसार, आज भी राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में छिटपुट बारिश और वज्रपात की संभावना हैं. मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल अरब सागर में बना एक डिप्रेशन राज्य के मौसम को प्रभावित कर रहा है, हालांकि यह काफी हल्का हैं. इसके कारण आज हल्की बारिश देखने को मिल सकती हैं. अगले 24 घंटों में राज्य के न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना हैं।

**दिन में भी ठंडक का एहसास**

मौसम विभाग ने यह पूर्वानुमान लगाया है कि रांची, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा सहित कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती हैं. आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिन में भी ठंडक का एहसास होगा. अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं हैं।



**दिवाली और छठ पूजा पर छाया बारिश का साया**

बिहार, झारखंड और ओडिशा में दुर्गा पूजा के दौरान बारिश ने खलल डाला था और अब दीपावली व छठ के दौरान भी बारिश का साया मंडरा रहा हैं. बंगाल की खाड़ी में बने इस चक्रवात से आने वाले दिनों में झारखंड के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है, हालांकि तापमान में बड़ी गिरावट की संभावना नहीं जताई जा रही हैं।

**देश के अन्य हिस्सों का मौसम**

देश के कई हिस्सों से मानसून की विदाई हो चुकी है और अब सर्दी की दस्तक होने वाली हैं. बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिससे महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना हैं. इस बीच दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सर्दी की आहट हो चुकी है और वहां न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा रही हैं.

**तमिलनाडु में भारी बारिश की चेतावनी**

बंगाल की खाड़ी में मौसमी हलचल के कारण तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया हैं. राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए कई जिलों में स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया हैं. इसके साथ ही आईटी कंपनियों को भी कर्मचारियों को घर से काम करने की सलाह दी गई हैं।

**झारखंड में भी ठंड का असर शुरू**

झारखंड के मौसम में भी बदलाव के संकेत दिख रहे हैं. बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दबाव का असर राज्य के दक्षिणी हिस्सों पर पड़ सकता हैं. हालांकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मानसून की विदाई हो चुकी है लेकिन आने वाले दिनों में हल्की बारिश और ठंडक का असर बना रहेगा।

## बहराइच में नहीं थम रही हिंसा, कई धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ व आगजनी

दबंग हिन्द, संवाददाता

**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. भारी संख्या में पुलिस बल तैनात होने के बावजूद उपद्रवियों ने सोमवार देर रात भी खूब तांडव मचाया है. करीब 10 से 15 लोगों ने नकवा गांव में आगजनी की है. इतना ही नहीं कुछ उपद्रवी तत्वों ने एक धार्मिक स्थल को भी तोड़ दिया है. वहीं कुछ धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ और आगजनी करने की कोशिश की है. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो उपद्रवी भाग गये. फिलहाल पूरे इलाके में माहौल शांत है, लेकिन स्थिति अब भी तनावपूर्ण है. हिंसा और तनावपूर्ण हालात को देखते हुए 50 से ज्यादा पुलिस कर्मी मौके पर मौजूद हैं।

**सीएम से आश्वासन के बाद परिजनों ने रामगोपाल मिश्रा का किया अंतिम संस्कार**

रामगोपाल मिश्रा के परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया. लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करने और आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने रामगोपाल मिश्रा का अंतिम संस्कार किया. इससे पहले परिजन समेत सैकड़ों लोग शव के साथ सड़क पर उतर आये थे. उग्र भीड़ पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने व सख्त कार्रवाई की मांग कर रही थी. उन्होंने प्रशासन से यह भी मांग की थी कि दोषियों का एनकाउंटर किया जाये और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।





**दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन देखने गया था युवक**

दरअसल 13 अक्टूबर को मां दुर्गा की मूर्ति को विसर्जन के लिए मंसूर गांव के महाराजगंज बाजार से ले जाया जा रहा था. इसी दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ. बात इतनी बढ़ गयी कि हिंसा का रूप ले लिया. दोनों ओर से जमकर पथराव और कई राउंड फायरिंग हुई. घटना में करीब 15 से अधिक लोग घायल भी हो गये. घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामगोपाल मिश्रा नाम के युवक को मृत घोषित कर दिया. एक युवक की मौत की खबर के बाद बवाल शुरू हो गया. हजारों की संख्या में सड़क पर उतर आये. उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ व आगजनी की. मौके पर पुलिस पहुंची. लेकिन पुलिस के लिए हालात पर काबू पाना मुश्किल हो गया. 14 अक्टूबर की दोपहर तक उपद्रवियों ने तांडव मचाया. उपद्रवियों ने अस्पताल और आसपास के दुकानों में तोड़फोड़ की और आगजनी की

## सब्जियों के दामों में 78 फीसदी तक का हुआ इजाफा



दबंग हिन्द, संवाददाता

**रांची।** सब्जियों पर महंगाई की मार देखने को मिल रही है. सितंबर में सब्जियों की थोक महंगाई दर (हढक) 48.73 फीसदी बढ़ गयी है. वहीं आलू और प्याज की कीमतों में 78 फीसदी, जबकि टमाटर की कीमतों में 48 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है. खुदरा महंगाई के आंकड़ों ने भी चिंता बढ़ा दी है. यह रिजर्व बैंक के 5 प्रतिशत की सीमा को पार कर गयी है और सब्जियों की महंगाई लगभग 36% बढ़ी है (अगस्त में यह केवल 10% थी). सितंबर में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 9.24% तक पहुंच गयी है, जो अगस्त में 5.66% थी. खुदरा महंगाई के सूचकांक में सब्जियों का योगदान लगभग 7.46% है.

आमतौर पर यह माना जाता है कि महंगाई किल?लत से बढ़ती है. लेकिन आलू, प्याज, और टमाटर की उपज लगातार बढ़ रही है. वर्ष 2022 तक पिछले एक दशक में उनकी पैदावार में 63% का इजाफा हुआ है. 2022-23 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आलू-टमाटर का उत्पादक है. वहीं भारत प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक है. इसके बावजूद सब्जियों पर महंगाई बढ़ती ही जा रही है।

## आज उमर अब्दुल्ला के शपथ में दिखेगा इंडिया ब्लॉक का दम

दबंग हिन्द, संवाददाता

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला 16 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए तैयार हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को मनोनीत सीएम को एक पत्र भेजकर उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। ऐतिहासिक शपथ समारोह में इंडिया ब्लॉक, एनसी और अन्य दलों वाले विपक्षी मोर्चे के कई नेताओं के शामिल होने की संभावना है, जिनमें से अधिकांश के आज पहुंचने की उम्मीद है।



नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की बहन कनिमोझी करुणानिधि, सीपीआई नेता डी राजा, सीपीआई (एम) नेता बृंदा करात शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वहीं, घटनाक्रम से अवगत लोगों ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर जम्मू-कश्मीर पहुंचेंगे। शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसे महाराष्ट्र और झारखंड में प्रमुख विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया ब्लॉक एकता प्रदर्शित करने के एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जनता को हमसे बहुत उम्मीदें हैं और मुझे उम्मीद है कि हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। केंद्र सरकार को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए और सभी शक्तियां राज्य सरकार को देनी चाहिए ताकि वह (राज्य सरकार) जनता को राहत प्रदान करें।

## जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू होगी: उपायुक्त

दबंग हिन्द,संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त एवं एसपी ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन किया गया। मौके पर उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण कहा की विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण, भयमुक्त वातावरण में होगा। जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है चुनाव के मद्देनजर सभी कोषागो का गठन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी को समूहो के वरीय मॉडल और प्रभावी पदाधिकारी के समक्ष बैठक हो चुकी हैं। इसमें निर्वाचन को त्रुटिहीन संपन्न कराने के लिए सारे को समूहों की भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान पहले 72 घंटे में की जाने वाली कार्रवाई आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, प्रशिक्षण कार्य मतदान केंद्र में आवश्यक सम्मेलन व उनके रिपोर्टिंग समय की अन्य जानकारी दी जा चुकी है। डीसी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के तहत जिले में चरणों में मतदान होगी। बताया की दो चरणो में मतदान होना है। लोहरदगा विधानसभा में कुल 428 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 72लोहरदगा विधान सभा में मतदान केन्द्रों की संख्या 324 तथा 69 विशुनपुर अंश भाग में 104 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही 72विधान सभा के कुल मतदाता 2लाख 87हजार 145 हैं। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 1लाख 45हजार 848 तथा पुरूष मतदाता 1लाख 41हजार 297 हैं। 69 विशुनपुर अंश मे कुल मतदाता 87096 है। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 43हजार 926 जबकि पुरुष मतदाता 43 हजार 170 हैं। कुल 3 लाख 74 हजार 241 हैं। बाक्स में उपायुक्त ने बताया की बताया कि लोहरदगा विधानसभा में मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा तथा मतगणना 23 नवंबर 2024 को होगा। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को हटाया संशोधित नहीं किया जा सकता है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अंतर्गत मुद्रानालायो पर नियम लागू होंगे। लाइसेंसी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

## छठ महापर्व पर हजारीबाग यूथ विंग का सराहनीय कदम 11 रु में सूप व पूजन सामग्री का होगा वितरण

### 11 रु में 21 सामग्री प्रदान की जाएगी जिसमें एक सूप तथा पूजन सामग्री

दबंग हिन्द,संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाली हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा आगामी छठ महापर्व के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, 4 नवंबर को बड़ा बाजार चौक पर किया जाएगा इस कार्यक्रम के जरिए श्रद्धालुओं को एक सूप तथा पूजन सामग्री प्रदान की जाएगी, इस कार्यक्रम का औपचारिक पोस्टर लॉन्चिंग मंगलवार को जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा किया गया। संस्था के इस कदम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को छठ महापर्व की तैयारी में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष सिंह भी मौजूद रहें। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इस वर्ष 300 सौ से अधिक श्रद्धालुओं के बीच सूप एवं पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। नारी शक्ति और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस वर्ष पोस्टर लॉन्चिंग का कार्य उपायुक्त के हाथों संपन्न कराया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने इस अवसर पर कहा छठ महापर्व हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा किया जा रहा यह प्रयास न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायक भी है। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने में सहायक होते हैं और हमें अपनी परंपराओं से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करते हैं। छठ महापर्व सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे समाज को एकता और समर्पण की भावना से जोड़ता है। हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

**संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि**

हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को छठ महापर्व के इस पावन पर्व में सम्मिलित करना है। हमारी संस्था समाज में सेवा के प्रति समर्पित है और इस पहल के माध्यम से हम सभी श्रद्धालुओं को महापर्व की तैयारियों में सहयोग करना चाहते हैं। कार्यक्रम संयोजक जय प्रकाश खण्डेलवाल ने कहा यह दूसरा वर्ष है जब हम इस आयोजन को कर रहे हैं, और हमारा लक्ष्य है कि हम हर साल अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें। इस बार 300 सौ लोगों को सूप और पूजन सामग्री प्रदान की जाएगी, जिससे वे छठ पूजा की तैयारियों में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करें। मौके पर : संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश खण्डेलवाल,सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक रितेश खण्डेलवाल,विकाश तिवारी, शंपा बाला,गुंजन मद्धेशिया एवं उदित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### मुखिया बिमला देवी जमानत पर जेल से छुटी ,प्रखंड मुखिया संघ व पंचायतवासियों द्वारा गर्मजोशी से किया स्वागत



**बड़कागांव।** पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी को डेढ़ माह पुर्व एसीबी की टीम ने मुखिया प्रतिनिधि व मुखिया बिमला देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उस समय जब राज्य भर के मुखिया अपने पांच सुत्रीय मांग को लेकर कलमबंद हड़ताल पर थें। और ग्रामिण मुखिया की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे कि मुखिया को साजिश के तहत फंसाया गया है उसी मामले में मुखिया बिमला देवी को न्यायालय से जमानत मिलने के बाद जेल से छुटने की सूचना पंचायतवासियों को मिली वैसे ही पहले से स्वागत के लिए गाजे-बाजे फूलमाला व बुके लेकर सैकड़ों की संख्या में हुजुम उमड़ पड़ा और अपने मुखिया को एक झलक देख पाने और फूलमाला पहनाने वालों का तांता लग गया ।वहीं अपने गांव पहुंची मुखिया ने भोक्ता स्थान मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया इस दौरान अपने दोनों छोटे बच्चों को देखकर मां की ममता उमड़ पड़ी और भावुक हो गई। वही अपने ग्राम व पंचायतवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के लिए पंचायतवासियों व मुखिया संघ के अध्यक्ष व सदस्यों व अन्य जनप्रतिनिधियों का अभिवादन स्वीकार किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे उपर लगाए गए आरोप झुठा है न्यायालय पर विश्वास है और न्याय मिला और जमानत पर छुटे है वहीं न्यायालय से उचित न्याय मिलेगा मुझे पुर्ण विश्वास है और पंचायत की जनता सब जानती है सही क्या है गलत क्या है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व पंचायत वासी ताशा पार्टी के साउंड पर भोक्ता स्थान से बरवाडीह होते हेठगढा.बड़कागांव उनके घर तक नाचते थिरकते पटाखें छोड़कर अपनी खुशी का इजहार करते और बड़कागांव पुर्वी पंचायत की मुखिया बिमला देवी जिंदाबाद, बड़कागांव पुर्वी पंचायत की मुखिया कैसी हो बिमला देवी जैसी हो आदि नारेबाजी करते रहे वहीं मुखिया का स्वागत के लिए मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य के मुखिया तकरीमुल्लाह खान,सांढ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो,पंसस रितेश ठाकुर,संदीप कुमार सिंह, अवधेश सिंह, प्रदीप कुमार, रामचंद्र साव,मनोज साव नागेश्वर साव, सरिता कुमारी, वार्ड सदस्य फिरोजा बेगम, भुनेश्वर महतो , संतोष कुमार साव, व पार्वती देवी सहित सैकड़ों महिला- पुरुष पंचायतवासी मौजूद थे।

## बालू लदा टॉली जब्त, ट्रैक्टर का इंजन लेकर भाग निकला चालक



**चाईबासा ।** खनन विभाग ने सोमवार को बालू लदा ट्रैक्टर की ट्रॉली जब्त की है. ट्रैक्टर से खरकई नदी से अवैध तरीके से बालू का परिवहन किया जा रहा था. इसी दौरान जिला परिषद कार्यालय जाने वाली सड़क में ट्रैक्टर का चक्का पंक्चर हो गया. इसके बाद चालक बालू लदी ट्रॉली वहीं छोड़कर ट्रैक्टर का इंजन को लेकर भाग गया. खनन विभाग के इंस्पेक्टर को इसकी जानकारी मिलने पर दलबल के साथ वहां. पहुंचे. बालू लदे ट्रैक्टर की ट्रॉली को जब्त कर ली. बाद में दूसरे ट्रैक्टर के इंजन से जोड़कर ट्रॉली को खनन विभाग कार्यालय ले जाया गया।

## संघवाद मुल्क को तबाही के रास्ते ले जाना चाहती है जिसे हम कभी कामयाब होने नही देंगे ,मुमताज अली

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला।** समाजवाद ही तरक्की और खुशहाली का रास्ता है अमन और सुकून का एहसास है ये बाते समाजवादी पार्टी की ओर से विधान सभा चुनाव प्रबंधन सेमिनार में समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर मुख्य महासचिव मुमताज अली ने अपने सम्मान समारोह में स्टेट कमिटी की और से किए जा रहे इस्तेकवाल में कहा इस अवसर पे स्टेट कमिटी और तालीम ए मजलिस की ओर से 2024 में होने वाले विधान सभा की तैयारी में आयोजित की गई सेमिनार में समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव और इस सेमिनार के मुख्य अतिथि मुमताज अली को कार्यकर्ताओ और नेताओं ने फूलो के हार पहनाकर और तालीम ए मजलिस की ओर से गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और सेमिनार में आए हुए बुद्धिजीवी वर्ग सामाजिक न्याय के पक्षधर जमात के लोगो ने मुमताज अली को अपना नेता नही अपना भाई अपना बेटा कहकर सम्मानित करने पे सभी आगंतुकों को बधाई एवं आभार प्रगट किया गया सेमिनार में आए हुए लोगो को संबिधित करते हुए मुमताज अली ने कहा की समाजवाद ही सारे जहां को सारी दुनियां को नई रौशनी दे सकता है रोटी रोजी कपड़ा और मकान दे सकता है भगवा ब्रिगेड संघवाद तो बंटवारे की बात करती है जिसे भारत जैसे विशाल देश में कोई भी इंसान आपसी भाई चारगी और आपसी मुहब्बत के बंटवारे को कबूल नहीं कर सकता मुमताज अली ने कहा की डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और लोकनायक जय प्रकाश का सपना था के हिन्दुस्तान में समाजवाद के पैगाम को घर घर तक हर लोगो तक पहुंचाकर इंसानों में भाइचारगी पैदा किया जाए लोगो को एक साथ जोड़कर मुल्क को मजबूत किया जाए मगर संघ भगवा ब्रिगेड के नुमाइंदों ने मुल्क में नफरत और अंग्रेजो की हुकूमत का गुलाम बनने का रास्ता अपनाया और आजादी की जंग में अंग्रेजी जुल्मियों के साथ खड़ा रहा ।

## बरवाडीह में मेगालिथ पार्क समेत एक दर्जन योजना का विधायक अंबा प्रसाद ने रखी आधारशिला

दबंग हिन्द,संवाददाता



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पंकरी बरवाडीह में मेगालिथ पार्क समेत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में एक दर्जन योजना का विधिवत शिलान्यास किया। ऐतिहासिक पर्यटक स्थल मेगालिथ स्थल में अब भव्य पार्क बनेगा जिससे प्रखंड वासियों को एक बेहतर वातावरण मिलेगा।

**इन सड़को का विधायक अंबा प्रसाद द्वारा रखी गई आधारशिला**

पकरी बरवाडीह में सैंता साव के घर होते हुए कैला साव के घर तक पीसीसी पथ व नाली निर्माण, बड़कागांव सूर्य मंदिर से आराहरा तक 4 किलोमीटर पथ निर्माण, एनटीपीसी पथ चेपा खुर्द से चेपा कला तक 4 किलोमीटर पथ निर्माण, हरली शिव मंदिर से नापो कला होते हुए सतबहिनी पुल तक पथ निर्माण, डोकाटांड से बरबनिया होते हुए मलडी तक पथ निर्माण, हरली शिव मंदिर चौक से प्रदीप पासवान के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, नापोखुर्द में पूरन साहू के घर से चंद्रिका साहू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, नापो खुर्द बरबनिया में मुख्य पथ गोविंद साव रामेश्वर साव के घर से झरना गोसाई राजू साव के घर तक पथ निर्माण का उद्घाटन, लुरूंगा से इंदरा तक 6.5 किमी पथ निर्माण, जुबला से चानो तक 6 किलोमीटर पथ निर्माण, महुदी मध्य विद्यालय से चुंबा गढ़ा तक पथ निर्माण शामिल हैं।

**इन योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई**

विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्राम चिरूडीह से हेसाबार तक 4.500 किमी सड़क निर्माण (लागत 5 करोड़ 80 लाख लगभग) व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से गोंदलपुरा पंचायत के ग्राम कौंसी से सेहदा तक 4.450 किमी सड़क निर्माण? (लागत 7 करोड़ 60 लाख लगभग) की प्रशासनिक स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग से प्राप्त हुई है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को कैबिनेट से ईपीएफ की मंजूरी दी जाने पर पारा शिक्षकों ने जताया आभार



**बड़कागांव ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड की 60 हजार पारा शिक्षकों ( सहायक अध्यापकों ) को ईपीएफ का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मामले को लेकर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा बड़कागांव के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी गई ।और सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को धन्यवाद व आभार जताया ।मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हम सुबे के पारा शिक्षकों का मानदेय बढ़ोतरी सहित ईपीएफ का लाभ दिया इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम को पूरे परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करता हूं।

**ईपीएफ में मानदेय से कटेंगे 1800 , सरकार देगी 1950**

बड़कागांव प्रखंड सहित सुबह के 60 हजार पारा शिक्षक लगभग 22 वर्षों से ईपीएफ का मांग कर रहे थे ।और ईपीएफ सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन समय-समय पर करते रहते थे ।ऐसा होता था कि किसी भी पारा शिक्षक की मृत्यु होती थी तो उसके परिजनों को पारा शिक्षक स्वयं अपने शिक्षकों से चंदा इकठ्ठा कर पारा शिक्षक के परिजनों को सहयोग राशि के रूप में देते थे। शमशेर आलम ने बताया कि 60 हजार शिक्षकों को सहायक अध्यापकों को ईपीएफ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है ।अब इन कर्मियों के मानदेय से प्रत्येक महिना 1800 रुपए ईपीएफ मद में काटेंगे , वहीं राज्य सरकार अधिकतम 1950 रुपए देगी ।जिसका लाभ सभी टेट पास , आकलन पास , प्रशिक्षित एवं अपारशिक्षित पारा शिक्षकों के 15 हजार मानदेय बेस पर ईपीएफ की कटौती होगी ।पारा शिक्षकों के मानदेय से 12% जबकि सरकार के मद से 13% ईपीएफ में भुगतान होगा ।दोनों राशि में अधिकतम ?3600 ईपीएफ में प्रत्येक माह जमा होंगे ।इसमें 1250 रुपए पेंशन मद में और 2750 रुपए भविष्य निधि में जमा होंगे ।आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम , बालेश्वर साव , सुनिता कुमारी, आरती कुमारी , कंचनमाला , इबादत हुसैन , खुर्शीद आलम , मोहम्मद जहांगीर सहित प्रखंड के तमाम पारा शिक्षक शिक्षकों की परिवार की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

## रोगाणुओं को रोकने का सरल और प्रभावी तरीका है हैंडवाश : विवेक प्रधान

दबंग हिन्द,संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रातःकालीन सभा में बच्चों को हैंडवाश एवं व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताते हुए स्वच्छता को आदत में शुमार करने के लिए प्रेरित किया गया। हैंडवाश दिवस के इस वर्ष के थीम स्वच्छ हाथ अभी भी क्यों महत्वपूर्ण है पर चर्चा की गई। बच्चों ने पेंटिंग, संवाद, भाषण के माध्यम से हैंडवाश के महत्व को सामने रखा। हैंडवाश के अलावा बच्चों को शारीरिक स्वच्छ्ता का भी महत्व बताते हुए कहा गया कि अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता से आप स्वस्थ रह सकते हैं और दूसरों को बीमार होने से भी बचा सकते हैं। व्यक्तिगत स्वच्छ्ता में नियमित स्नान, शरीर की साफ-सफाई का ध्यान रखना, स्वच्छ कपड़े पहनना, हाथ-मुंह धोना, समय पर नाखून-बाल काटना और दांतों की सफाई शामिल है। सभी ने स्वच्छ्ता का संकल्प भी लिया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हाथ धोने से कई तरह के इंफेक्शन से बचा जा सकता है। साबुन और पानी से हाथ धोना रोगाणुओं के प्रसार को रोकने और स्वस्थ रहने के सबसे सरल और प्रभावी तरीकों में से एक है। हाथ साफ रखने से डायरिया संबंधी बीमारियों और श्वसन संक्रमण जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। कोविड महामारी ने हमें प्रभावी ढंग से हाथ धोने के महत्व का एहसास कराया। आयोजन को सफल बनाने में दीपिका तिवारी, बसंत कुमार, दिव्या कुमारी, सोनम खातून, प्रीति कुमारी, रीता राय, मम्पी पॉल का योगदान रहा।

**हाथ धोने का सही तरीका बताया गया**

बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका बताया गया। हाथ धोने में हथेलियां, हाथों के पीछे का हिस्सा, अंगुलियों के बीच का हिस्सा, अंगुलियों के पीछे का हिस्सा, अंगूठे, अंगुलियों के सिरे व कलाई को धोना शामिल है। हाथ रगड़ने की पूरी प्रक्रिया कम से कम 20 सेकंड की होनी चाहिए। खाने से पहले, टॉयलेट का उपयोग करने के बाद, खांसने या छींकने के बाद, बाहर से आने के बाद यह हैंडवाश अत्यंत आवश्यक है। हाथ धोने से हैजा, डायरिया, कुपोषण, पेट में कीड़े, निमोनिया और कोविड जैसी कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

## केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य मनोनीत किए जाने पर निसार खान ने दी बधाई



**हजारीबाग ।** मंत्रिमंडल सचिवालय एंव निगरानी विभाग झारखंड सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल ने राज्यपाल के आदेश उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य सह जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने केशव महतो कमलेश जी को हार्दिक बधाई दी है और आशा व्यक्त कि है जन अकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के सामंजस्य स्थापित कर राज्य के विकास में केशव महतो कमलेश जी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।

## 18वीं झारखंड जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम को 12 पदक

दबंग हिन्द,संवाददाता





**जमशेदपुर।** राजरप्पा रामगढ़ में 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन मंगलवार को हो गया. पूर्वी सिंहभूम टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक हासिल किए, जिसमें छह स्वर्ण, चार रजत तथा दो कांस्य पदक शामिल हैं.पंकज यादव ने गोला प्रक्षेपण में स्वर्ण पदक, नीरज कुमार पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, हेमंत कुमार सोरेन ने लम्बी कूद में रजत पदक, गिनी सहगल ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, अनुकरण गोस्वामी ने 100 मीटर में कांस्य पदक, ममता मैरी मुर्मू ने 60 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, आस्था टोपनो ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर में पंकज यादव रजत पदक, अंकित किशोर ने 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक, कमल नायक ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, सूरज कुमार ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया. सुखप्रीत सिंह ने गोला प्रक्षेपण में कांस्य पदक हासिल किया. सभी पदक विजेता प्रतिभागियों को पूर्वी सिंहभूम जिला संघ के ओर से बधाई दी गई.टीम में भाग लेने वाले सदस्य थे गीता सिंह (टीम मैनेजर), पंकज यादव, नीरज कुमार पटेल, हेमंत कुमार सोरेन, गिनी सहगल, स्नेहा रानी महतो, अनुकरण गोस्वामी, मंगल कुमार यादव, ममता मैरी मुर्मू, संध्या रानी बास्के, ऋतुराज दत्ता, आस्था टोपनो, अंकित किशोर, प्रह्लाद दुबे, सूरज कुमार, सुखप्रीत सिंह, प्रेम मार्डी, कमल नायक, शुभंकर कुमार, आयुष राज, सौरव तिवारी, अस्मित कुमार देहुरी, निखिल सिंह, सृष्टि भट्ट, सानिया गोराई, यशश्वी रवि, प्रियांशु आदित्य सरदार, नीतू सिंह, श्रेया कुमारी, संदीप बेसरा, अर्पित कुमार श्रीवास्तव, शबाज मल्लिक, अनुपमा जाना, अजित कुमार तथा प्रणव कुमार महतो।

### विधायक ने किया महिला महाविद्यालय का भूमि पूजन सह वृद्धा आश्रम का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के कैबिनेट से बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में महिला महाविद्यालय निर्माण की स्वीकृति मिलने पर झामुमो प्रखंड कमिटी व क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है. इस अवसर पर झामुमो प्रखंड कमिटी तथा स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विधायक समीर मोहंती का आभार प्रकट किया. विधायक समीर मोहंती ने महिला महाविद्यालय निर्माण स्थल पर भूमि पूजन किया.साथ ही प्रखंड क्षेत्र के मनुषमुड़िया में वृद्धा आश्रम का उद्घाटन भी किया गया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वृद्धा आश्रम का संचालन वर्तमान बंद पड़े सरकारी विद्यालय में संचालित रहेगी वहीं भवन निर्माण का कार्य पूर्ण होने के पश्चात नए भवन में सुचारू रूप से संचालन के लिए स्थानांतरित कर दिया जाएगा. इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष आसित मिश्रा, गुरुचरण मांडी ,रास बिहारी साउ, सुमित माईती, मनोरंजन होता, अरुण बारिक ,क्षितिश मुंडा ,राघव घोष, शांति गोपाल दास ,मिथुन कर आदि उपस्थित थे।

### लक्ष्मी पूजा की तैयारी में जुटी कमेटियां



**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र में आने वाले बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारुलिया, मालुआ, रगुनिया, खांडामौदा, जगन्नाथपुर, गोहालडीह, मौदा गांव में धन-धान्य की देवी माता लक्ष्मी की आराधना भक्ति भाव से किया जाता है. पूजा कमेटी ने बताया कि बुधवार की देर रात माता लक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा होगी. वहीं मां लक्ष्मी की पूजा को लेकर कमिटी के सदस्यों ने जबर्दस्त तैयारी की है.दुर्गा पूजा के सात दिन बाद लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया जाता है. मालुआ व पारुलिया में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय मेला को लेकर पूजा केन्द्र पर आकर्षक साज-सज्जा ती जा रही है. वहीं दो दिवसीय मेला में स्थानीय प्रशासन व पूजा कमिटी द्वारा चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की जाती है. मूर्तिकार भी मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं. स्थानीय मूर्तिकार गोलक पाल व बिलटू पैड़ा ने कहा कि अभी के समय में महंगाई की मार है. मूर्ति बनाने पर मुनाफा पहले जैसा नहीं मिलता है. लोग ज्यादा पैसा देने के लिए तैयार नहीं होते हैं, लेकिन मूर्ति बनाने में काफी खर्चा हो जाती है।

### जादूगोड़ा के नए थाना प्रभारी राजेश ने लिया प्रभार



**जादूगोड़ा।** थाना के नए थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने मंगलवार की सुबह निवर्तमान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार से प्रभार ले लिया. निवर्तमान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार का तबादला जादूगोड़ा थाना से पुलिस लाइन गोलमुरी कर दिया गया है. इधर पदभार ग्रहण करते ही जादूगोड़ा के नए थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने कहा कि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण व सफलता पूर्वक कराना है. महिला उत्पीड़न समेत कानून तोड़ने वालों पर कड़ी नजर रहेगी।

## मईया सम्मान योजना की राशि 1000 रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए किये जाने पर माताओं-बहनों ने मिठाइयां बाटकर खुशी जाहिर की

दबंग हिन्द,संवाददाता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नागी पंचायत के ग्राम जमनीजारा, अलजरी में मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने मईया सम्मान योजना की राशि 1000 रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए कर दिया है. जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड के माताओं-बहनों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की मईंया सम्मान योजना माताओं-बहनों के अधिकारों की पूर्ति करता है जिन्हें हमेश से पूर्व की डबल-इंजन सरकार ने हाशिए पर रखा लेकिन हेमंत सोरेन जी की सरकार राज्य की हर माँ-बहन-बेटी को सम्मान देने का काम कर रही है ।आधी आबादी, पूरा हकह्व के संकल्प को मजबूत करते हुए मईंया सम्मान यात्रा आगे बढ़ रही है ।महिलाओं के लिए बहुत सारी योजना लाकर महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने का काम किया है वर्तमान में मंईया सम्मान योजना के माध्यम से राज्य के महिलाओं को हर महीना 2500 देकर नारी सशक्तिकरण की दिशा नया आयाम स्थापित किया है,जो महिलाओं में खुशी की लहर है उपस्थित सभी माताओं बहनों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया ।इस दौरान नागी पंचायत के पूर्व मुखिया नारायण गंझु, डीएम राज पटेल , लखन महतो, दिव्या देवी, बकसपुरा पंचायत से कंचन कुमारी किरण कुमारी टेकनी देवी, गुड़िया देवी राजेश टुडू, विनोद टुडू, समेत भारी संख्या में मताओ -बहनों उपस्थित थे।

## भाजपा नेता अनूप भाई ने जनसंपर्क अभियान चलाया

दबंग हिन्द,संवाददाता



**इचाक ।** 15 अक्टूबर 2024 को बरकट्ठा विधानसभा के इचाक प्रखंड में भाजपा नेता अनूप भाई ने चलाया जनसंपर्क अभियान जिसमें इचाक प्रखंड के बरकाकला पंचायत पहुंचे और लोगों से रूबरू हुए परीक्षक की समस्या के बारे में जानकारी लिए जिसमें लोगों ने कहा इचाक में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है वहीं भाजपा नेता अनूप भाई ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा ही इचाक प्रखंड धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही अच्छा है यहां पर सैकड़ो सैकड़ो वर्ष पुराना मठ मंदिर तालाब बगीचा है जिसका जिसका संरक्षण एवं विकास की आवश्यकता है इचाक प्रखंड में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है जिससे क्षेत्र में तेजी से विकास और रोजगार की संभावना बन सकती है इसलिए इचाक प्रखंड को राज्य सरकार राजकीय पर्यटक स्थल घोषित करें वहीं दूसरी और भाजपा नेता ने चलकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग शहर तक रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जिस हिसाब से अक्षर अभियान में तपेश्वर प्रसाद मेहता ,नागेश्वर मेहता ,संजय मेहता, अजय मेहता, प्रेम प्रकाश मेहता ,कमलेश कुमार, कुलदीप कुमार मेहता, शुभम कुमार, पीयूष कुमार, संतोष कुमार मेहता, विक्रम प्रजापति ,अजीत मेहता, महेंद्र कुमार प्रजापति ,पंकज कुमार, मोहम्मद मोईन, पवन कुमार, सुमित कुमार, कौशल्या देवी, मुस्कान कुमारी, राजकुमारी साहित्य सैकड़ो संख्या में लोगों ने अपना हस्ताक्षर किया।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन" गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान 22 अक्टूबर को होगी अधिसूचना निर्गत

## 14,87,103 मतदाता करेंगे मतदान, जिसमें 7,65,024 पुरूष एवं 07,22,046 महिला मतदाता शामिल

दबंग हिन्द, संवाददाता




**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 01 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहीं। वह मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रही थी। मौके पर सभी आरओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 14,87,103 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 76,50,24 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 72,20,46 है। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 33 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 15,904 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18,731 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 4,700 है। कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कुल 828 भवनों में 1581 मतदान केंद्र जिला अंतर्गत सभी 04 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1581 है। जिसमें 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 206 भवनों में 341 मतदान केंद्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 213 भवनों में 355 मतदान केंद्र, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 204 भवनों में 588 मतदान केंद्र, 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 205 भवनों में 297 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी। आगे, उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू करते हुए 247 कंट्रोल रूम कम्पोजिट कंट्रोल रूम में प्रारंभ है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा।

रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक लाउडस्पीकर बैन। मतदान के 48 घंटा पहले लाउडस्पीकर, चुनावी सभा, प्रसार-प्रचार पर रोक रहेगा। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा देना होगा। प्रत्याशियों को अपराधिक रिर्पोट भी देना होगा। विधानसभा चुनाव से संबंधित शिकायत जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नं.- डायल 1950 सेवा शुरू की गई है। जो सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक कार्यरत रहेगी। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्घंन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाया गया है। जिसके द्वारा प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाएगा। निर्वाचन कार्य के सफल संचालन को लेकर कुल 204 सेक्टर पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी नोडल पदाधिकारी का नोडल इनकोर आइडी बना लिया गया है जो निर्वाचन अवधि के दौराना निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्वस्थित करने एवं अनुमति देने या नहीं देने के संबंध में समूचित निर्णय लेने में मदद करेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका, निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे उपस्थित थे।

# डीसी ने मतदान करने से संबंधित संदेश वाले आर्मस बैंड की बांधने की अपील




दबंग हिन्द, संवाददाता

**बोकारो।** विधानसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर समाहरणालय सभागार में मंगलवार शाम डीईओ सह डीसी विजया जाधव ने आर्मस बैंड का लोकार्पण किया। बैंड में मतदान करने से संबंधित संदेश लिखा था। डीईओ सह डीसी ने कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, इस दाग को इस बार जिलावासियों को मिटाना है, उन्होंने जिले के मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का अपील किया, सभी को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने एवं दूसरों को भी मतदान करने का अपील करने को कहा।

डीईओ सह डीसी ने इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न एप (वोटर हेल्पलाइन, सी विजिल, डायल 1950, सक्षम एप, केवाईसी आदि के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी को मतदान करने के संदेश वाले आर्मस बैंड बांधने का अपील किया। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री गिरजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती मेनका, निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे, उपस्थित थे।

# शोकसभा आयोजित कर दिवंगत साहित्यकार को दी श्रद्धांजलि

दबंग हिन्द, संवाददाता



**बोकारो।** जनवादी लेखक संघ, बोकारो के संरक्षक, झारखंड राज्य परिषद के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नर नारायण तिवारी का आकस्मिक निधन 10 अक्टूबर, 24 को तब हुआ जब वे अपने परिवार के साथ मथुरा - वृंदावन की यात्रा पर थे। उनकी अंत्येष्टि क्रिया बलिया (उप्र) स्थित उनके पैतृक गाँव में किया जा रहा है। बीती शाम को जनवादी लेखक संघ, बोकारो के तत्वावधान में सेक्टर 4 डी में एक स्मृति सभा का आयोजन वरिष्ठ कवि और जलेस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें नगर के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने शिरकत की। वरिष्ठ कथाकार प्रह्लाद चंद्र दास, ललन तिवारी, डा परमेश्वर भारती, चांद मुंगेरी, अरुण पाठक, कुमार सत्येन्द्र, संगीता कुमारी, मीरा योगी, शांति भारत, आकाश खूंटी तथा प्रदीप कुमार दीपक आदि ने अपने प्रिय साथी के साथ बिताए क्षणों को तो साझा किया ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला। साहित्यकार विनोद कुमार दूबे ने ऑनलाइन अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। लगभग 45 वर्षों तक साथ - साथ रचनाधर्मिता निभाने वाले वरिष्ठ कवि - कथाकार ललन तिवारी ने कई मार्मिक प्रसंगों की तथा उनकी प्रथम पुस्तक ₹क्रांति रथ₹ की चर्चा की। प्रह्लाद चंद्र दास ने कहा कि उनके निधन से जलेस, बोकारो ने एक ओजस्वी और प्रखर वक्ता खो दिया। गजलकार चांद मुंगेरी ने कहा कि बोकारो साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कवि गोपाल प्रसाद बहुत ही भावुक हो गए। जनवादी लेखक संघ में आने के पूर्व वे किस तरह जनवादी शब्द से चिढ़ते थे और उसके सदस्यों विशेष रूप से गोपाल प्रसाद की आलोचना करते थे, वह वाकया उन्होंने सुनाया और कहा कि इसके बाद वे धीरे धीरे जलेस से जुड़ते गए और उसका सदस्य बने। फिर तो जनवाद ने उन्हें ऐसा जकड़ा कि अंत तक न उसके सदस्य और पदाधिकारी बने रहे। क्रांति रथ और मनीषा मंजरी उनके दो काव्य संग्रह हैं और एक पुस्तक ₹ मानवीय चिंतन₹ लेखों का संग्रह है। उपस्थित सभी साथियों ने उन्हें याद किया और अंत में दो मिनट मौन रहकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जलेस, बोकारो के जिला सचिव अजय यतीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हर्षोउल्लास के साथ मां दुर्गा को दी गई विदाई

दबंग हिन्द, संवाददाता



**जारंगडीह।** जारंगडीह मे सोमवार को मां का विदाई की गई, सभी महिला, पुरुष, युवक, युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया वहीं भक्तों को माँ से बिछुड़ने का गम सता रहा था नौ दिनों तक मां ने उन्हें अपनी ममता के आंचल की छाव दी और अब वे वापस चली भीड़ के बीच आस्था और मस्ती दोनों देखी गई कोई माँ की भक्ति में डूबा दिखा तो कहीं कोई मौज के मूड में इससे पहले महिलाओं ने मां को सिंधु? लगाते हुए सभी ने एक दूसरे के साथ सिंदूर खेला गया साथ ही साथ एक दूसरे को सभी ने गुलाल भी लगाय और मां का विदाई, सभी पूजा कमेटी के लोग और काफी महिला पुरुष भक्तों ने गाजे बाजे के साथ और आतिशबाजी, और नाचते गाते हुए दुर्गा माता का विसर्जन किया और मां का आशीर्वाद लिए और यहां सभी भक्तों ने अगले वर्ष दुर्गा माता के आने की कामना की इस दौरान शोभायात्रा में बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, एस आई अरविंद मेहता, एस आई गुड़िया वारला, महिला आरक्षी सुनीता देवी अपने दल बल के साथ जुलूस एवं विसर्जन में शामिल रहे और शोभायात्रा को संरक्षण देते हुए नजर आए और बतादूं कि मां की प्रतिमा इतनी बड़ी थी की श्रद्धालुओं भक्त जनों ने नहीं उठा सके इसके बाद कमेटी द्वारा किराण को मंगवाया गया और किराण से माँ की प्रतिमा को उठाकर ट्रैक्टर में रखा गया और जारंगडीह दुर्गा पूजा पंडाल से पूरा भ्रमण करते हुए कोनार नदी में मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया मौके पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार के द्वारा प्रशासन की व्यवस्था काफी दुरुस्त देखा गया।

# प्रीवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

दबंग हिन्द, संवाददाता



**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामग्री प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में मुख्य महाप्रबंधक हर्ष निगम मुख्य महाप्रबंधक सी आर मिश्रा तथा मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेश झा की उपस्थिति में प्रीवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 3 महीने तक चलने वाले अभियान का एक हिस्सा था एबीएमएस जागरूकता सत्र में संकाय के रूप में शनि रंजन सहायक महाप्रबंधक के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एबीएमएस के पृष्ठभूमि और कार्य बयान जैसे विभिन्न पहलू तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई विचार विमर्श किया गया मौके पर चित्र पाराशर वरिष्ठ प्रबंधक के द्वारा करे मामलों के प्रशंसकरण में क्या करें और क्या नहीं करें विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ केस स्टडीज के माध्यम से चर्चा की गई।

### सतर्कता विभाग द्वारा फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो।** सतर्कता विभाग के 3 महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज 15 अक्टूबर को बोकारो स्टील प्लांट के फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान अर्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के कुल 31 अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता ज्ञानेश झा एवं मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक के साथ संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक उपस्थित थे कार्यक्रम का उद्देश्य बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया आचार एवं नीति शासन आचरण नियम साइबर सुरक्षा करे इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था इस इंटरएक्टिव कार्यक्रम में सदस्यों ने संबंधित विषय पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा।

# विधायक ने किया पांच दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास

दबंग हिन्द, संवाददाता



बोकारो। विधायक बिरंची नारायण गरगा नदी पर पुल, पुस्तकालय भवन, कुपोषण केंद्र, कल्याण मंडप, रोड, नली, डीप बोरिंग, सिंचाई कूप, चापकल, चबूतरा, शेड सहित करोड़ों की लागत से लगभग 5 दर्जन योजनाओं का निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र के एक एक गांव, शहर, विस्थापित क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जनता की सहयोग व आशीर्वाद से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि एक एक ग्रामीण सड़को का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़को का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। काफी पुरानी मांग गरगा, इंजरी नदी और जोड़ियां पर पुल निर्माण की थी। उसे भी पूरा कर दिया गया है। गांव गांव में चबूतरा, स्नान घाट, छठ घाट का निर्माण किया जा रहा है। चास बोकारो वासियों की मांग पर क्षेत्र की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विवाह मंडप का निर्माण बड़ी संख्या में कराया गया है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उक्त अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, जिला मंत्री माथुर मंडल, जयप्रकाश तापड़िया, चास नगर उत्तरी अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, पन्नालाल कांदु, सुजीत चक्रवर्ती, भाजपा पिंडराजोरा मंडल अध्यक्ष हरिपद गोप, भाजपा चास मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष हरीश सिंह, निमाई महथा, उदय सिंह, झंटू दे, राजेश घोषाल, अशोक महतो, हरिकृष्ण, विनोद सिंह, टुनटुन मिश्र, जयशंकर, आकाश सिंह, सुमीता साहू, रघुनाथ टुडू, प्रकाश कुमार, दिलीप पाललालू मोदक, स्वरूप दास एवं हीरालाल मंडल भीगम्बर गोराई, माणिक गोप, संतोष गुप्तासहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# चार विधानसभा क्षेत्र में मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

दबंग हिन्द, संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो जिले के 34 गोमिया 35 बेरमो 36 बोकारो 37 चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र में कुल पुरुष मतदाता 765024 एवं महिला मतदाता 7 लाख 22046 मताधिकार का प्रयोग करेंगे वहीं 33 ट्रांसजेंडर भी मतदान की प्रक्रिया में भाग लेंगे जानकारी के मुताबिक 34 गोमिया में 158511 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 51801 महिला मतदाता तथा एक ट्रांसजेंडर यानी कुल 310343 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे इसके अलावा बेरमो विधानसभा क्षेत्र में 165851 पुरुष मतदाता तथा 159186 महिला मतदाता और एक ट्रांसजेंडर यानी कुल 325038 मतदाता मतदान की प्रक्रिया में भाग लेंगे। इसी प्रकार 36 बोकारो विधानसभा में 2 लाख 98 हजार 225 पुरुष मतदाता तथा 275487 महिला मतदाता एवं 30 ट्रांसजेंडर कुल मिलाकर 573742 मतदाता मतदान करेंगे वही चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र में 142437 पुरुष मतदाता 13542 महिला मतदाता एक ट्रांसजेंडर यानी कुल मिलाकर 277980 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि 27 अगस्त तक जोड़े गए नए मतदाता जो पहली बार मतदान करेंगे उनकी संख्या 15904 है जिसमें गोमिया में 620 पुरुष 1952 महिला बेरमो में 742 पुरुष 1818 महिला बोकारो में 2836 पुरुष 5522 महिला चंदनक्यारी में 739 पुरुष और 1672 मतदाता शामिल है आईडीसी ने बताया कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र की संख्या 341 है जो 206 भवन में स्थित है इसी प्रकार बेरमो में 355 मतदान केंद्र 213 भवन में स्थित है वहीं बोकारो में 588 मतदान केंद्र 204 मतदान भवन में है वही चंदनक्यारी में 297 मतदान केंद्र 205 मतदान भवन में स्थित है इस प्रकार बोकारो जिले में 1581 मतदान केंद्र पर मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 18 से लेकर 19 वर्ष के यंग वोटर्स की संख्या 61975 है जिसमें 26744 पुरुष एवं 35229 महिला शामिल है।

## एक नजर

### बालीडीह में नाला से बुजुर्ग का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित एक नाला से पुलिस ने मंगलवार को 85 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया है. मृतक का पहचान पुनर्वास महतो टोला निवासी रामनरेश सिंह के रूप में की गई. पुलिस ने शव को नाला से निकालकर जांच-पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. कयास लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग व्क्ति अंधेरे में शार्ट कट रास्ता से जा रहा होगा और पैर फिसलने से नाला में गिर गया होगा. वृद्ध होने की वजह से वह नाला से निकल नहीं पाया और मौत हो गई. परिजनों के अनुसार, वह दो दिनों से गायब था. उन्हें काफी ढूंढा गया, लेकिन कहीं पता नहीं चला. अंत में परिजनों ने स्थानीय थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### ग्रामीणों को मिला बकाया बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र



**गोमिया।** गोमिया पेटरवार प्रखंड के कोह पंचायत अंतर्गत जाराडीह में सोमवार को भाकपा राजद जन अभियान के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद ने दर्जनों ग्रामीणों को बकाया बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरित किया. इस अवसर पर देवीलाल महतो, सीताराम महतो, इंद्रनाथ महतो, धनेश्वर रविदास, महेश्वर रविदास, झुबर महतो, करमचंद महतो, सुकरी देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महमूद ने कहा कि भाकपा राजद जन अभियान द्वारा 1 फरवरी 2023 से शुरू किए गए आंदोलन के दबाव में राज्य सरकार को घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली और बकाया बिल माफी देने पर मजबूर होना पड़ा. उन्होंने इसे जनता के आंदोलन की बड़ी सफलता करार दिया. इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने सहारा समूह से जुड़ी समस्याओं को उठाया और इस पर भी आंदोलन चलाने की मांग की. श्री महमूद ने महिलाओं की बातों का समर्थन करते हुए भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### मुखिया ने लगभग 50 ग्रामीणों को दिया प्रमाण पत्र




**तेनुघाट।** तेनुघाट में पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव के द्वारा जसू श्रीवास्तव, शालिग्राम प्रसाद सहित लगभग 50 ग्रामीणों का बकाया बिजली बिल को ऊर्जा विभाग द्वारा समाप्त किए जाने का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के राज्य सरकार के इस कार्य से जनता काफी खुश हैं। आगे बताया कि तेनुघाट के लगभग 500 लोगों का बकाया बिजली बिल माफ किया गया है। उन्हें भी शीघ्र प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### मनोज स्वगीर्यारी बने बोकारो एसपी

**बोकारो।** रेल धनबाद एसपी के पद पर पदस्थापित मनोज स्वगीर्यारी को बोकारो जिले का नया एसपी बनाया गया है. वहीं बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से बोकारो एसपी का पद प्रभार में चल रहा था।

### बाइक व टोटो में टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड के भगैया मेहंदी चौक पर टोटो व बाइक के बीच टक्कर में बाइक सवार युवक सुशील बेसरा की मौत हो गई. जबकि बाइक पर पीछे बैठे दो अन्य लोग घायल हो गए. घटना सोमवार शाम गी बताई जाती है. मृतक सुशील बेसरा मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बिरनियांकिता गांव निवासी लाल बेसरा का पुत्र था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और टोटो जब्त कर थाना ले गई. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ट्रिपल लोड बाइक सुशील बेसरा चला रहा था, जबकि पीछे उसके दो साथी रोशन कुमार (16 वर्ष) व आशीष कुमार (12 वर्ष) बैठे थे. दोनों साथी घायल हैं।

### कार की चपेट में आकर बच्ची घायल, रेफर

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के बरहेट-बड़हरवा मुख्य सड़क पर बरमसिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह कार की चपेट में आकर 5 वर्षीय बच्ची घायल हो गई. घायल बच्ची साहिता खातून बरमसिया गांव की रहने वाली है. बताया गया कि बच्ची सड़क पार कर दुकान जा रही थी. तभी बड़हरवा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में लिया. बच्ची सड़क किनारे गिर कर घायल हो गई. घटना के बाद कार चालक वाहन की गति तेज कर बरहेट की ओर भाग निकला. स्थानीय लोगों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन सफल नहीं हुए. ग्रामीणों की मदद से घायल बच्ची को बरहेट सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया. डॉक्टर ने बताया कि बच्ची को गंभीर चोट लगी है।

### साहिबगंज जिले की राजमहल, बोरियो व बरहेट सीट पर 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले के अंतर्गत आने वाले 3 विधानसभा क्षेत्रों राजमहल, बोरियो (एसटी) व बरहेट (एसटी) में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा. यह जानकारी डीसी हेमंत सती ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोज त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है. इसके साथ ही साहिबगंज जिला सहित पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है. तय कार्यक्रम के अनुसार, जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर चुनाव दूसरे चरण में होगा. इसकी अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी. नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर व नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी. 1 नवंबर को नाम वापसी की आखिरी तारीख है. राजमहल विधानसभा के लिए निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ बनाए गए हैं. वहीं, बोरियो विस. के निवार्ची पदाधिकारी सदर एसडीओ और बरहेट विस के निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता होंगे. प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अमित कुमार सिंह, अपर समाहर्ता गौतम भगत, राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार, आईटीडीए के निदेशक संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महामहिम राज्यपाल ने किया एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड में पूर्वी भारत के अत्याधुनिक एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का भव्य उद्घाटन संतोष कुमार गंगवार, महामहिम राज्यपाल, झारखंड ने किया। उद्घाटन समारोह में जिले के शीर्ष राजनेताओं में पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक धनबाद राज सिन्हा, बीजेपी झारखंड कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, बीजेपी नेत्री सिन्दरी तारा देवी, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, वाईस चांसलर बीबीएमकेयू रामकुमार सिंह, आईएमए धनबाद अध्यक्ष सहित राज्य के उच्चाधिकारियों के साथ अस्पताल के शीर्ष प्रबंधन और डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। मौके पर सीएमडी गणेश प्रसाद सिंह, एमडी अमरेन्द्र कुमार सिंह, सीओओ निकिता सिंह, निदेशक शिवेंद्र कुमार सिंह और सीईओ जितेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे। महामहिम का स्वागत करते हुए अस्पताल के सीएमडी गणेश प्रसाद सिंह एवं श्रीमती गीता सिंह ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया। तत्पश्चात राज्यपाल ने धनबाद के बुद्धिजीवियों से परिचय एवं स्वागत स्वीकार करते हुए अस्पताल में लगे शिलापट्ट के अनावरण के साथ अस्पताल की आधिकारिक घोषणा की। तदुपरांत वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलन एवं इस अस्पताल के प्रणेता ह्रस्व० सर्वजीत सिंहह्व के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। अस्पताल उद्घाटन के साथ ही धनबाद और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों के लिए ही नहीं, अपितु आस-पास के राज्यों के निवासियों के लिए भी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के नये युग की शुरूआत हुई। राज्यपाल ने उद्घाटन के पश्चात अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा किया और वहां की अत्याधुनिक सुविधाओं का जायजा लेने के उपरांत कहा कि एक पुनीत लक्ष्य के साथ निर्मित यह विश्वस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं से युक्त अस्पताल निश्चय ही झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों के निवासियों के लिये संजीवनी सिद्ध होगा। सीएमडी गणेश प्रसाद सिंह ने अस्पताल के उद्देश्यों और इसकी आधुनिक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल का मुख्य उद्देश्य धनबाद और आस-पास के इलाकों के लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए अन्य शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे मरीजों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी एवं लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। एमडी अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल में विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ओर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी जैसी 19 सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा आईसीयू, एनआईसीयू और सीसीयू जैसी विशेष सुविधाएं भी मौजूद हैं। अस्पताल में मोडुलर ऑपरेशन थिएटर, 24७7 इमरजेंसी सेवा, डायग्नोस्टिक लैब्स, और एडवांस्ड रेडियोलॉजी सेवाएं लायनैक, ब्रैची थेरेपी के साथ कुल 32 स्पेशलिटी उपलब्ध हैं। यहां पर लेजर तकनीक का उपयोग विभिन्न उपचारों में किया जाता है। इससे सर्जरी के दौरान मरीजों को कम से कम दर्द और नुकसान होगा। अस्पताल में 80 बेड उन लोगों के लिए आरक्षित हैं, जो इलाज के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इन मरीजों का इलाज अस्पताल की ओर से मुफ्त में किया जाएगा, ताकि उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाओं से वंचित न रहना पड़े। इस कदम के पीछे अस्पताल की टीम का उद्देश्य है कि चिकित्सा सुविधाएं केवल सक्षम लोगों तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। अस्पताल के निदेशक शिवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल का मुख्य लक्ष्य सेवा भाव से प्रेरित है। इस अस्पताल का निर्माण केवल व्यावसायिक उद्यम नहीं, बल्कि यह सेवा का प्रतीक है, जो जरूरतमंदों के लिए समर्पित है। इस अवसर पर जीजीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद के बच्चे अपने शिक्षक एवं प्राचार्य इंद्रनाथ सिंह के साथ महामहिम के स्वागत में उपस्थित थे।

## वैश्विक हाथ धुलाई दिवस का आयोजन

**मैथन।** बीमारियों को फैलाने में हाथ अहम भूमिका निभाते हैं। अपने हाथों को पानी, साबुन या अल्कोहल आधारित रगड़ से नियमित साफ करना लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने का बेहद किफायती तरीका है। उक्त बातें शैक्षणिक अचल निरसा-3 स्थित मध्य विद्यालय एग्यारकुंड के प्रांगण में आज वैश्विक हाथ धुलाई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कही। उन्होंने कहा कि साबुन और पानी से हाथों को अच्छी तरह धोने से बैक्टिरिया तथा वायरस फैलने से रोकने में मदद मिलती है। हाथों की स्वच्छता कीटाणु को फैलने से रोकने और संक्रमण को रोकने का सबसे अच्छा तरीका है। कार्यक्रम में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-3 इकाई के अध्यक्ष-सह-प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, सोना दास, ज्योति कुमारी, सरस्वती वाहिनी संचालन समिति की सदस्य मारुति बाउरी, अपर्णा बाउरी, चंदना बाउरी, दुलारी बाउरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## बलियापुर अंचल कार्यालय पर ग्रामीणों का धरना



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत निपनिया मौजा की सरकारी जमीन को गलत तरीके से अंचल कार्यालय द्वारा पेट्रोल पंप खोलने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र देने को लेकर निपनिया गांव के ग्रामीणों द्वारा आज अंचल कार्यालय बलियापुर में एक दिवसीय धरना दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त और अंचलाधिकारी को आवेदन देकर जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मांग नहीं मानने पर ग्रामीणों ने 16 अक्टूबर को अंचल कार्यालय से बलियापुर चौक तक मशाल जुलूस, 17 अक्टूबर को निपनिया गांव में महाजुटान करने तथा 21 अक्टूबर से अंचल कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल करने की बात कही है। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो, जेएलकेएम नेता प्रेमानंद महतो, पंचायत समिति सदस्य दिवाकर महतो, विनोद महतो, विश्वजीत महतो, मुक्तेश्वर महतो सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** बड्स गार्डेन स्कूल परिसर में मंगलवार को क्षेत्र की नये थाना प्रभारी अलीशा अग्रवाल के माध्यम से स्कूल प्रबंधन द्वारा 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण-पत्र और उपहार प्रदान किया गया। अलीशा अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और खेल प्रतिभा की काफी प्रशंसा की। प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने महिला खिलाड़ियों का झारखंड की टीम में चयन होने पर अग्रिम शुभकामनाएं दी और उनकी कड़ी मेहनत को सैल्यूट किया। स्कूल की निदेशक गौरी चौरसिया ने पुष्पगुच्छ देकर थाना प्रभारी का स्वागत किया। स्कूल के स्काउट एंड एनसीसी बैंड ग्रुप द्वारा थाना प्रभारी और सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को मार्च पास्ट और सलामी देकर स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रमोद कुमार चौरसिया ने ट्रायल कैंप के मुख्य सेलेक्टर के रूप में झारखंड फुटबॉल टीम के मुख्य सेलेक्टर एवं मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब कोलकाता के पूर्व खिलाड़ी नियाजुद्दीन एवं अध्यक्ष एके पाल ने टीम के कोच पारस करमाली का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। इस दौरान स्कूल की छात्राओं व शिक्षक परिवार ने तालियों की गड़गड़ाहट से सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया, जिससे खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## क्लिनिक में महिला की मौत पर सड़क जाम



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा स्थित क्लिनिक में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। इस खबर के मिलने के बाद गुस्साये परिजनों ने हरिणा-गोमो मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टर द्वारा गलत इलाज करने के कारण महिला की मौत हुई है। खबर पाकर बाघमारा और बरोरा थाने की पुलिस घटना स्थल पर मौजूद थी और परिजनों को शांत कराने का हर संभव प्रयास कर रही थी। डॉक्टर क्लिनिक को छोड़कर फरार हो गया था।

## पपरवांटाड़ उर बनियाडीह में मां दुर्गे का विसर्जन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** सीसीएल क्षेत्र स्थित पपरवांटाड़ एवं बनियाडीह में जगत जननी मां दुर्गे का विसर्जन किया गया। इस दौरान सैंकड़ों महिलाओं ने मां की खोंछ भराई कर सिंदूर दान किया और आपस में सिंदूर की होली खेली। चार दिनों की चहल-पहल के बाद लोगों ने नम आंखों से मां दुर्गे को विदा किया। इस दौरान पुलिस चौकस रही और विसर्जन तालाब तक गयी। शांति व सौहार्द के साथ इस वर्ष दुर्गा पूजा के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हुआ। पूजा को सफल बनाने में पूजा कमेटी के अध्यक्ष ओपनकास्ट सीसीएल के मैनेजर, सचिव प्रशांत कुमार, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर साव, पपरवांटाड़ पूजा कमेटी के दिलीप राम, कमलचंद साहू, शिवनाथ साव, हरगौरी साव, अर्जुन रवानी, तेजपाल मंडल, मुकेश साव, गोपाल विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा, सूरज साव, विरेन्द्र मंडल, सोमनाथ पाल, राजेन्द्र पंडित, रमेश कधंवे, पिंटु राम, अविनाश कंधवे, कन्हैया सिंह, सुधीर विश्वकर्मा, पवन राय, अनिल ठाकुर, जगत पासवान, गणेश ठाकुर, संजय राम, बासुदेव साहु, दशरथ मंडल, बिरजु कुमार, पुजारी रामू पाण्डे, मुरारी पांडे, पंकज पांडेय समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, ट्रक दुर्घटनाग्रस्त से खुला राज



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** शराब माफिया नकली शराब की बड़ी खेप गिरिडीह में खपाने की तैयारी में थे, लेकिन एक दुर्घटना ने शराब माफियाओं के मंसूबे पर पानी फेर दिया। ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गयी है। इसकी पुष्टि डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने की है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरिडीह के एसपी डॉ बिमल कुमार को सूचना मिली थी कि एक 12 चक्का ट्रक गिरिडीह पहुंचा है, जिस पर नकली शराब लोड है, जिसे गिरिडीह में खपाने की तैयारी है। इस सूचना पर पुलिस दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो और धावाटांड़ के बीच यूपी नंबर का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पाकर मधुबन और पीरटांड़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तलाशी ली, तो ट्रक के अंदर चावल की भूसी में छिपाकर रखी गयी अवैध शराब की पेटियां मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया तथा प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। एसडीपीओ सुमित कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में शामिल शराब माफियाओं की तलाश की जा रही है।

## 108 एंबुलेंस चालकों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** 108 एंबुलेंस की सेवा दे रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इस कारण दुर्गा पूजा इन लोगों के लिए फीका रहा। अब झारखंड मजदूर मोर्चा के बैनर तले 108 एंबुलेंस ड्राइवर और टेक्नीशियनों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जिला के विभिन्न अस्पतालों में सेवा दे रहे सारे कर्मी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गये हैं। इनका कहना है कि पिछली दफा भी उनके वेतन का पैसा लेकर एजेंसी भाग गयी थी। इस बार भी उन्हें तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है। कर्मियों का कहना है कि उन्हें न सिर्फ वेतन दिया जाये, बल्कि उनकी सेवा को रेगुलर किया जाये। इनके आंदोलन का समर्थन कर रहे श्रमिक नेता अशोक सिंह ने कहा कि 108 एंबुलेंस में पिछले सात वर्ष से सेवा दे रहे ड्राइवर, टेक्नीशियनों का लगातार शोषण हो रहा है। इनका न तो पीएफ काटता है और ना ही बीमा किया जाता है। उल्टे तीन माह से वेतन भी बंद कर दिया गया है। पिछली बार एजेंसी दो माह का वेतन ही लेकर भाग गयी थी। इस बार सभी कर्मी सजग रहे और पूजा से पहले सरकार से लेकर प्रशासन को नोटिस दिया कि तीन माह का बकाया वेतन दुर्गा पूजा के पहले नहीं दिया गया, तो वे लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चल जाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि जब उन्हें वेतन मिला नहीं, तो सभी ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जब अस्पताल व एंबुलेंस स्थायी है, तो इसमें काम करने वाले कर्मी स्थायी क्यों नहीं हैं? उन्होंने कहा कि आज पैसे की बंदरबाट हो रही है और एंबुलेंस के साथ मरीजों की सेवा में लगे चार हजार श्रमिकों का शोषण हो रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## कलवार नारी शक्ति ने किया डांडिया नृत्य का आयोजन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** कलवार वैश्य जागृति मंच नारी शक्ति द्वारा आज उत्सव भवन धनबाद में डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ दुर्गा की पूजा विधि- विधान से की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने माता दुर्गा से समाज और देश में शांति, सद्भाव व उन्नति की प्रार्थना की। मंच के अध्यक्ष महेशचंद्र भगत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दशहरा के अवसर पर ऐसा आयोजन भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रति समर्पण का भाव जगाता है और समाज में मानवीय मूल्यों की समझ बनती है। नारी शक्ति की अध्यक्ष ज्योति जायसवाल ने कहा कि नवरात्रि का पर्व महिलाओं में समाज की बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा देता है और स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। सचिव संजय जायसवाल ने कहा कि डांडिया कार्यक्रम सामाजिक परंपरा और धार्मिक आस्था के साथ हमें मानसिक और शारीरिक स्तर पर ऊर्जा देता है। नगाड़े संग ढोल बाजे आदि संगीत पर महिलाओं ने थिरकते हुए जमकर आनन्द उठाया। इस अवसर पर अधिवक्ता अंजना जायसवाल, जूली भगत, मनोरमा जायसवाल, पूनम गुप्ता, कंचन शरण, मनीषा भगत, मधु जायसवाल, रश्मि जायसवाल, रेणुका भगत, रीता जायसवाल, इंदु भगत, सुप्रिया जायसवाल, संगीता जायसवाल, प्रिया जायसवाल, रिचा जायसवाल, दीपा जायसवाल, अनिता जायसवाल, रंजीत जायसवाल, मनोज जायसवाल, अजय भगत, विजय भगत, मनोज भगत, अशोक जायसवाल, सुरेश जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, दीपू जायसवाल, मोहन जायसवाल, नृत्य कोरियोग्राफर रोहित पांडेय सहित दर्जनों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## एक नजर

### एनएसयूआई ने रोका आईआईटी-आइएसएम का बाउंड्री निर्माण



**धनबाद।** बगैर जानकारी दिये धनबाद आईआईटी-आइएसएम ने पीके रॉय कॉलेज के सामने अपने संस्थान के बाउंड्री निर्माण करने की कोशिश की, जिससे पीके रॉय कॉलेज के छात्रों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कॉलेज में किसी भी प्रकार की आपदा होने पर बाहर निकलने के लिए केवल एक रास्ता है। इसको देखते हुए आज सभी शिक्षक तथा दर्जनों छात्र के साथ एनएसयूआई कार्यकताओं ने आंदोलन किया और बाउंड्री निर्माण रोक दिया। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव रवि, विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, सन्नी सिंह, अनिकेत, रोशन कुमार, पियूष सिंह, अमन, आयुष, ध्रुव, नवनीत, अविनाश, वरुण, मुकेश, सचिन तथा अनेक छात्र मौजूद थे।

### सफाई कर्मी के निधन पर शोकसभा



**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम में कार्यरत एक सफाई कर्मी के निधन पर आज बस स्टैंड रोड स्थित निगम कार्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित की गयी, जिसमें झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के पदाधिकारी और कई सफाई कर्मी मौजूद थे। मालूम हो कि नगर निगम के दैनिक सफाई कर्मी राजू हाड़ी की बीती रात अचानक मौत हो गयी। शोक सभा में मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। मौके पर महासंघ के राज्य अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अजीत चंद्रा, सचिव लखन हरिजन, लखन शर्मा, शब्बीर अंसारी, रामकुमार सिन्हा सहित निगम के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### 108 एंबुलेंस चालकों का सीएस कार्यालय के समक्ष धरना



**धनबाद।** 108 एम्बुलेंस चालक अपने बकाया वेतन की मांग को लेकर गत रात्रि से पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल गये हैं। धनबाद में भी आज चालकों ने 108 एम्बुलेंस सेवा बंद कर सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे। एम्बुलेंस चालकों का कहना था कि जब तक उनकी 6 सूत्री मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। चालकों का कहना था कि तीन माह का बकाया वेतन भुगतान किया जाये व उन्हें स्थाई किया जाया। उन्होंने बताया कि जो भी नयी एजेंसी आती है, तो ट्रेनिंग के नाम पर 25 हजार रुपए लेती है, जबकि 10-12 साल से वे यहां काम कर रहे हैं।

### भक्ति जागरण में समाजसेवी उदय प्रताप सम्मानित



**धनबाद।** समाजसेवी उदय प्रताप सिंह और दिलीप सिंह श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, निचितपुर टाउनशिप द्वारा आयोजित भक्ति जागरण में सम्मिलित हुए। पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार राय व आजाद मुखिया ने उदय प्रताप सिंह को मां की चुनरी ओढ़कार सम्मानित किया और उनको मां की ज्योत ले जाने का सौभाग्य दिया। श्री सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी माता का जागरण आयोजित करती है, तो संस्कारिक एवं धार्मिक क्रियाकलापों में इनके झुकाव से बहुत प्रसन्नता होती है। समाज में धार्मिक अनुष्ठान करने से हिंदुत्व का संस्कार बढ़ता है। इसलिए सभी को अपना कर्तव्य समझ कर धर्म का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। जागरण में समिति के संतोष उरांव, जगदीश उरांव, अशोक झा, मुकेश मोदी, प्रदीप सिंह, उज्जवल सिंह, संजय सिंह समेत अन्य सक्रिय थे।

### शिविर में बारह यूनिट रक्त संग्रह



**धनबाद।** फेडरल बैंक, मटकुरिया रोड, धनबाद एवं भारतीय रेडक्रॉस समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में आज रक्तदान शिविर का आयोजित कर 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटीज, धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन बेनजीर परवीन, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, नोडल पदाधिकारी चिकित्सा डॉ जिम्मी अभिषेक, कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार, चेयरमैन, आजीवन सदस्य प्रमोद गोयल, आजीवन सदस्य उज्जवल नायक एवं बैक की तरफ से समीर कुमार प्रबंधक एवं ब्रांच हेड राणा रोहित उपस्थित थे। शिविर में एसएनएमएमसीएच के माणिक, विष्णु, राजू एवं शंभू साहनी ने आदि ने सहयोग किया।

### खिचड़ी महाभंडारा का आयोजन



**धनबाद।** कतरास की जीएमएम दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा दुर्गा पूजा धूमधाम व शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद आज खिचड़ी महाभंडारा का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादस्वरूप खिचड़ी भोग ग्रहण किया। मौके पर पूजा कमिटी के सभी लोग सक्रिय थे।

### एसएनएमएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार



**धनबाद।** राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों के साथ धनबाद एसएनएमएमसीएच में जूनियर डॉक्टर आज 12 घंटे के कार्य बहिष्कार आंदोलन पर रहे। यह आंदोलन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर किया गया। आज सुबह से ही जूनियर डॉक्टर कार्य बहिष्कार पर रह कर शाम 6 बजे ओपीडी और रूटीन सर्जरी में सेवा नहीं दी। हालांकि आपातकालीन सेवाएं संचालित रही। मालूम हो कि आईएमए द्वारा देशव्यापी कार्य बहिष्कार का आह्वान किया गया था। जिसमे आरजीकर मेडिकल कॉलेज वा हॉस्पिटल कोलकाता के जूनियर चिकित्सक पिछले 10 दिनों से हड़ताल पर हैं। आपको बता दे कि कॉलेज कैंपस में ड्यूटी के दौरान पिछले दिनों महिला चिकित्सक के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में अबतक न्याय नहीं मिलने एवं अस्पताल के डॉक्टरों की सुरक्षा में सुधार नहीं होने से जूनियर डॉक्टर्स नाराज हैं।

## मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर हड़ताल पर



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोलकाता की घटना को लेकर जहां एक तरफ कोलकाता में डॉक्टरों का आंदोलन 2 महीने से जारी है। वहीं कई घंटे से मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी डॉक्टर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर हैं। वहीं अब इस आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है। मंगलवार से आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के आह्वान पर डॉक्टरों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है। इस आंदोलन का समर्थन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने भी किया है। मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए भूख हड़ताल की जा रही है। इस दौरान अस्पताल की तमाम ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद हैं, हालांकि जूनियर डॉक्टरों ने आपातकालीन सेवाएं बहाल रखने का निर्णय लिया है। इस हड़ताल के कारण मरीज भी बेहद परेशान नजर आ रहे हैं। वही दूर-दराज से मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचे थे। लेकिन सेवाएं बंद होने के कारण इलाज नहीं हो पा रहा था। वहीं मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर डॉक्टर स्नेहल का कहना है कि कोलकाता में हुई घटना का विरोध लगातार जारी है। लेकिन किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में भी लगातार सुनवाई हो रही है और सीबीआई भी जांच कर रही है। लेकिन अब तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है। इसे लेकर देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स भी उसका सर्मथन कर रहे हैं। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से चलेंगी, जबकि अन्य सभी सेवाएं ठप रहेंगे। मौके पर डॉक्टर विजय, रिजवान, राज रत्न, वंदना, नितेश, सुरेंद्र, स्नेहल सहित कई दो मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन ने नोडल पदाधिकारी संग समीक्षात्मक बैठक की




**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कोषांगवार विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से इलेक्शन मोड में रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है, उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपने देख-रेख में ससमय पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी से विभिन्न स्तर के प्रशिक्षणों की तिथि से अवगत हुए, वहीं निर्वाचन कोषांग द्वारा अबतक किये गये कार्यों की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने संबंधितों को मतदान कर्मियों का डाटा बेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने, पोस्टल बैलेट, सुविधा केंद्र स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने, वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। उन्होंने इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निदेर्शों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अंतर जिला पर चेकिंग अभियान को सक्रीय करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान 24, 48 व 72 घण्टे के प्रोटोकॉल को अनिवार्य रूप से लागू करने पर बल दिया। स्वीप कोषांग को विशेषकर स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए स्वीप के गतिविधियों के संचालन पर बल दिया गया। एफएसटी व एसएसटी के टीमों को सक्रियता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने की बात कही गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त, तीनों एसडीओ, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छठ पूजा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के लोटार डैम स्थित सूर्यमंदिर परिसर में छठ पूजा मनाने को लेकर मंगवार को ग्रमीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रयाग दांगी व संचालन राजेश कुशवाहा ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने छठ पूजा धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया। साथ ही पूजा के सफल संचालन को लेकर पूजा समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से राजेश कुशवाहा को अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिर्वित शिक्षक देवचरन दांगी, पंचायत की मुखिया निर्मला देवी, समाजसेवी निरंजन दांगी, लखन दांगी, जेएमएम प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज वर्मा, मंटू कुमार, प्रनाथ दांगी, शिक्षक सुबोध दांगी, कवींद्र कुमार, बबलू साव, मनोज व्यपारी, विक्की कुमार, शुभम कुमार, सचिन कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## दुर्गा जौहरी को अविलंब गिरफ्तार करे प्रशासन रूचिर तिवारी



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्व ब्राह्मण विकास समिति ने ग्राम महुगांवा निवासी अक्षय कुमार पांडे पिता श्री श्रवण कुमार पांडे एवं अक्षय कुमार के बहन के साथ मारपीट कर अभद्र अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने की घटना की घोर निंदा करती है। यह विदित है कि दुर्गा जौहरी भाजपा नेता एवं व्यवसायी ने कल बाजार जाने के क्रम में स्कूटी एवं चार पहिया वाहन में थोड़ा टक्कर हो गया इसके बाद मामला सलटने के बाद दुर्गा जौहरी उसके भाइयों एवं गुंडो के द्वारा अक्षय कुमार पांडे एवं उनकी बहन के साथ भरे बाजार में मारपीट करना अभद्र अभद्रता पूर्वक व्यवहार करना यह बड़े अपराध के श्रेणी में आता है महिला अपने भाई को बचाने के लिए आगे आ रही है जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज कैमरा में कैद भी हुआ है उसके बावजूद उसके साथ भी मारपीट करना या भाजपा नेता के चरित्र और उसके गुंडे को दशार्ता है पलामू आरक्षी अधीक्षक अभिलंब धारा 323, 504, 506, 354 के तहत एफआईआर दर्ज कर दुर्गा जौहरी और उसके गुंडे साथियों को अभिलंब गिरफ्तार करें अन्यथा सर्व ब्राह्मण विकास समिति अन्य लोगों को साथ लेकर के शहर थाना का घेराव करने के लिए बाध्य हो जाएगी। इससे पहले सर्व ब्राह्मण विकास समिति के पदाधिकारी ने पलामू आरक्षित अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया जिस पर कार्रवाई करने की बात कही ज्ञापन देने में सर्व ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सचिन त्रिपुरारी तिवारी, संरक्षक रूचिर कुमार तिवारी एवं कार्यकारी सदस्य श्री गोरखनाथ पांडे, शाहिद कई अन्य लोग थे।

# झामुमो के नेताओं ने राजेंद्र सिन्हा को प्रत्याशी बनाने की मांग की

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**झामुमो।** स्थानीय शिवाजी मैदान में झामुमो का अपना उम्मीदवार बनाने को लेकर एक जन समर्थन सभा सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिन्हा का नेतृत्व में किया गया वहीं संचालन झामुमो जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी ने किया इस जन समर्थन सह कार्यकर्ता सम्मेलन में डाल्टनगंज विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए इस भीड़ ने ये तो साबित कर दिया कि लोगों के मन में झामुमो के प्रति विश्वास बढ़ा है लोगों को संबोधन करते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से विधायक का कार्यकाल शून्य रहा है भाजपा केवल जुमला कि राजनीति करती है केवल मिठ्ठी बातों से जनता को गुमराह करने का काम करती है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी मईया सम्मान योजना राशि को कैबिनेट में पास कर 1 हजार से बढ़ा कर 2500 कर सभी बहनों को सौगात दी है। हेमंत सोरेन जी




ने सभी क्षेत्रों में कार्य किया है, अबूआ आवास, बिजली बिल माफ, ओल्ड पेंशन, सर्वजन पेंशन, किसान ऋण माफ, सहित सभी योजना ने झारखंड को राहत दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा किसी कि सरकार रही तो वो भाजपा कि रही। अगर भाजपा चाहती तो आज हमारा झारखंड का रूप कुछ ओर होता मगर भाजपा नहीं चाहती कि झारखंड तरक्की करे। आज हेमंत सोरेन झारखंड को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है तो कई तरह से उन्हें रोकने का काम कर रही है मगर अब जनता जाग चुकी है भाजपा के जुमलो में झारखंड कि जनता नही आने वाली है। मौके पर उन्होंने कहा कि अगर पार्टी हमें टिकट देती है और हम यहां से विधायक बनते हैं तो विकास कैसे होता है यह हम करके दिखाएंगे और उन्होंने कहा कि बिना विधायक रहते हुए भी वह हमेशा लगातार लोगों की समस्याओं को निदान को लेकर हमेशा प्रयासरत रहते हैं। उनका समस्या कैसे समाधान हो लगातार गरीब गुरबों के लिए लगे रहते है इस जन समर्थन सभा में कई सैकड़ों युवाओं ने झामुमो का दामन थामा राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने उन्हें माला पहनाकर और पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर झामुमो में शामिल किया इस कार्यक्रम में जिले के सभी झामुमो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया कि एक दिन के आह्वाहन में हजारों कार्यकताओं ने शिवाजी मैदान को भर दिया है उसके लिए सबों का आभार। झामुमो के सभी पदाधिकारियों सभी मोर्चा के अध्यक्षों और कार्यकताओं ने डाल्टनगंज विधानसभा में राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को उम्मीदवार बनाने की मांग की।

## तेज धारदार हथियार से युवक की हत्या, 4 घंटे बाद उठा शव



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूणार्डीह में एक युवक की सोए अवस्था में तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को मौके पर आने औ? खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग को लेकर 4 घंटे तक डेड बॉडी को उठने नहीं दिया।हालांकि बाद में थाना प्रभारी अंचित कुमार के समझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भेजा। युवक की पहचान इसी टोल के निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र साव पिता सरेश साव के रूप में हुई है।घटना के पीछे जमीन विवाद और पैसों के लेनदेन की चर्चा है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है और जल्द खुलासा होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सकेंद्र साव सोमवार रात पुराने घर से भोजन करके सोने के लिए नवनिर्मित पक्के मकान में चला गया था मंगलवार की सुबह उसकी डेड बॉडी मकान के बरामदे में खून से लथपथ पाई गई। उसके सिर पर तीन जगह गड़ासा से वार करने के निशान पाए गए।

## विधायक ने किया 15 करोड़ के आठ योजनाओं का शिलान्यास

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में हरिहरगंज - हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आठ योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक ने लगभग 15 करोड़ की लागत से सात सड़क के अलावा एक पुल निर्माण की आधारशिला रखा. ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया गया। वही पिपरा प्रखंड अंतर्गत मेन रोड़ से तेंदुई तक पथ का सुदृढ़ीकरण, मेन रोड़ से दमवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरसीडी पथ से पिपरा ब्लॉक एवं थाना तक सुदृढ़ीकरण कार्य, मेन रोड़ बारा से बनाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण, दलपतपुर से पोलदा भाया महुगाईन तक पथ का सुदृढ़ीकरण जबकी हरिहरगंज एनएच 139 ढाबकला से



भांवर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, तुरी पथ से कोशडीहरा भाया विशुनपुर पिपरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य तथा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत तेंदुई पंचायत के टंडवा जगदीशपुर अमझर नदी पर पुल निर्माण कार्य शामिल हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, कान्हा सिंह, बबलू सिंह, जनेश्वर भुइयां, रामप्रवेश भुइयां विजय भुइयां, सुनील सिंह, भगवती सिंह, जयशंकर सिंह, नागेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, विमलेश सिंह, महेंद्र भुइयां, प्रमोद, हरेंद्र, सीताराम भुइयां सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे।

## शांति किरण छात्रवृति योजना से लाभान्वित हो रहे मेधावी छात्र



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मयूरहंड प्रखंड की दो छात्राओं को प्रति माह 1000 रुपये देने की घोषणा शांति किरण छात्रवृत्ति योजना के तहत की गई है। बताते चलें की माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन जाखंड से मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं के समूह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दो छात्राओं को इंटर करने तक प्रति छात्रा 1000 रुपये प्रति माह एवं ग्रेजुएशन करने तक प्रति छात्रा 1500 रुपये प्रति माह शांति किरण (निजी संस्था) द्वारा दिया जाता है। इस वर्ष सिमरन कुमारी पिता अक्षय कुमार राम कदगावां कला 442 अंक एवं रीना कुमारी पिता बाबूलाल दांगी परोरिया ने 392 अंक प्राप्त कर छात्राओं के समूह में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर थी। इस योजना की शुरूवात इटखोरी प्रखंड की दो बहन स्वाति सिंह, रेशु सिंह एवं भाई आभास सिंह के द्वारा सन 2021 से की गई। जो अनवरत माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन जाखंड में संचालित है। अभी तक लगभग दर्जनों छात्राओं को लाभ पहुंचाने का कार्य उक्त तीनों भाई बहन ने किया है। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार के ओर से नारी शिक्षा के प्रति इस सर्वोच्च योगदान के लिये उनके जज्बे को प्रणाम करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

# 18 वी झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता

### पलामू को दो गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल के साथ कुल तीन मेडल

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड स्टेट ऐथलेटिक्स एसोसिएशन और रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14 से 15 अक्टूबर 2024 तक रजरप्पा स्टेडियम में 18वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू से मोनू कुमार, और प्रीती कुमारी के नेतृत्व में बालक/ बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और एक सिल्वर के साथ कुल 3 मेडल प्राप्त किया। हाई जंप में संध्या कुमारी तथा डिस्कस थ्रो में शिवानी कुमारी गोल्ड मैडल हाई जंप में मानसी सिंह ने सिल्वर मेडल मेडल प्राप्त कर पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन का नाम रौशन किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार




त्रिपाठी ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामना दिया। शुभकामना व्यक्त करने वालों में पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन सह एथलेटिक्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, एथलेटिक और खो-खो एसोसिएशन संरक्षक महेंद्र कुशवाहा, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे, पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वूशु संघ के सचिव सुमित वर्मन, वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, सचिव सिद्धार्थ कुमार, रायफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता, एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय, मोनू कुमार एवं, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी एवं पलामू खेल जगत में खुशी व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया है।

# सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में मतदान

### जिले में आदर्श आचार संहिता लागू, उपायुक्त ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रेस कान्फ्रेंस कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के घोषणा से संबंधीत जानकारी दी। उपरोक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो चुका है। आदर्श आचार संहिता के अवहेलना करने वालों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। जिले में कुल 19 कोषांगों का गठन कर लिया गया है। इसके सफल संचालन हेतु सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। पूरे राज्य में पहले चरण में 13 नवंबर व दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। जिसमें जिले के चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव 13 नवंबर 2024 को पहले चरण में




होगा। जिसके लिए 18 से 25 अक्टूबर 2024 तक उम्मीदवारों का नामांकन, 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों का स्क्रुटनी। वहीं नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर है। मतगणना 23 नवंबर को होगा। उम्मीदवारों का नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/ सिमरिया के कार्यालय कक्ष में होना है। चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 419 व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 475 मतदान केंद्र हैं। वहीं चतरा जिले के 20 मतदान केंद्र बड़कागांव विधासभा क्षेत्र में आते हैं। जिले में अगर कुल मतदान केंद्रों की बात करें तो कुल 914 मतदान केंद्र हैं। दोनो विधानसभा क्षेत्र मिलाकर कुल 8,04,392 मतदाता हैं। इसमें सिमरिया विधानसभा में 3,77,183 व चतरा विधानसभा में 4,27,209 मतदाता हैं। सिमरिया में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,92,872 व महिला 1,84,311 है। चतरा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 2,17,096, व महिलाओं की संख्या 2,10,111 है। जबकी थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 2 है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में चुनाव की लगभग सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता चतरा अरविंद कुमार, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा वेदवती कुमारी समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

## एक नजर

### विचार गोष्ठी सम्मेलन का हुआ आयोजन

#### चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के नेशनल आइटीआइ कॉलेज कौवाखोह में मंगलवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को देखते हुए विचार गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्ध लोग, जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने कहा कि पहले की अपेक्षा आज के माहौल में वोटर्स में जागरूकता बढ़ी है। वे अपने हक और अधिकारों को समझने लगे हैं। जरूरत है कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधि को ही चयन किया जाए। इसके लिए क्षेत्र के तमाम मतदाताओं को वोट की अहमियत समझना होगा। उन्होंने तमाम वोटरों से वोट के अधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। विचार गोष्ठी के बाद दोपहर में भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, अवधेश मेहता, रघुनंदन साव, मृत्युंजय सिंह, विनय सिंह, विश्वदीप कुमार, विजय प्रजापति, संजय मेहता, अरविंद बोस, नवीन दुबे, ब्रजेश सिंह, संजय पासवान, विनय विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुरेश यादव, अनिल यादव, मनोज सिंह, अजय स्वर्णकार, शंभू यादव, दिलीप मेहता, अनुज मिश्रा, विजय शौंडीक, नरेंद्र गुप्ता, रवि रंजन वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थें।

### पंचायत सचिव के मनमानी से नाराज मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ से की शिकायत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ के पहरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने मंगलवार को बीडीओ राहुल देव से भेंट कर शिकायत की। श्री साव ने पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा पर अबुआ आवास में मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास की सूची में 44 नम्बर तक दिया गया। इसके बाद पंचायत सचिव श्री शर्मा ने वरीयता क्रम तोड़कर 154 की छलांग लगाकर अबुआ आवास लाभुक का रजिस्ट्रेशन किया है। जबकि इसके बीच कई ऐसे लाभुक आवास लेने योग्य हैं। वरीयता क्रम टूटने से बीच के सभी लाभुक रिमाइंडर में चले गए। मुखिया प्रतिनिधि में बीडीओ से शिकायत कर पंचायत सचिव को पहरा से हटाने की मांग की। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास में पंचायत सचिव की मनमानी करने का लिखित आवेदन मुखिया प्रतिनिधि ने बीडीओ को दिया है। हलांकि पहरा पंचायत में अबुआ आवास लाभुकों से जमकर वसूली की जा रही है। कई ऐसे सुखी सम्पन्न लाभुक को आवास दिया गया और कई लेने लायक लाभुक छूट गए हैं।

### बीजेपी का गढ़ बचा पाएंगे भाजपा उम्मीदवार?

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले की सिमरिया विधानसभा सीट पर 2024 में बीजेपी और जेएमएम के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार दिखाई पड़ रहा है। वर्ष 2019 में बीजेपी ने यहां जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार जेएमएम ने मनोज चंद्रा को मैदान में उतारकर नई रणनीति बनाई है। हालांकि आजसू के साथ गठबंधन से बीजेपी को फायदा होने की उम्मीद भी है। झारखंड में चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है, लेकिन अब यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बीजेपी को घेरने की पुख्ता रणनीति तैयार की है। वर्ष 2019 के चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार किशुन दास को आजसू के मनोज चंद्रा ने कड़ी टक्कर दी थी, परंतु इस बार श्री चंद्रा के सहारे जेएमएम ने बीजेपी के किले को ध्वस्त करने की रणनीति बनाई है। हलांकी वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू के बीच गठबंधन नहीं हो पाई थी। लेकिन इस बार के चुनाव में तालमेल लगभग तय है। ऐसे में सिटिंग सीट होने के कारण बीजेपी का सिमरिया सीट पर दावा मजबूत है, हालांकि दूसरे स्थान पर रहने के कारण आजसू की जगह किसी अन्य सीट देने का दबाव बीजेपी पर बना रही है। आजसू उम्मीदवार खड़े नहीं होने से वोटों का बिखराव नहीं होगा, जिससे बीजेपी को फायदा मिलने की उम्मीद है। जेएमएम उम्मीदवार के रूप में मनोज चंद्रा होंगे मैदान में दूसरी तरफ वर्ष 2023 में ही मनोज चंद्रा आजसू छोड़ कर जेएमएम में शामिल होने के बाद से वो लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं सिमरिया विधानसभा सीट कांग्रेस और आरजेडी की कोई खास मजबूत दावेदारी भी नहीं है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि मनोज चंद्रा जेएमएम टिकट पर सिमरिया विधानसभा सीट से इंडिया अलायंस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में होंगे। ऐसे में वर्ष 2024 में चतरा लोकसभा सीट के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी को बड़ी बढ़त हासिल हुई। लोकसभा इस चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी काली चरण सिंह को 1.40 लाख वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को 66 हजार मतों से ही संतोष करना पड़ा था। दुसरी ओर 2019 के विधानसभा चुनाव में किशुन दास ने भाजपा के 12 वर्षों का वनवास तोड़ा था। इससे पहले सिमरिया सीट पर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के उम्मीदवार ने 2009 और 2014 में जीत हासिल की थी। 2009 में झाविमो के जयप्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की, जबकि 2014 में गणेश गंझू को सफलता मिली।

### बीएलओ को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय व बीडीओ राहुल देव ने बीएलओ को से मतदान केंद्र में पानी, बिजली, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ मतदान के समय मतदान केंद्र के 100 से 200 मीटर के आसपास भीड़ एकत्रित नहीं होने की बात कही। साथ ही सभी बूथ पर वरिष्ठ मतदाता बूथ होने, 85 वर्ष प्लस आयु वाले मतदाता, दिव्यांग मतदाता व स्थायी बुनियादी ढांचा, मतदाता जागरूकता के तहत बैग का गठन कर मतदाता जागरूक करने की बात कही। प्रशिक्षण में बीएलओ के साथ सुपरवाजर मौजूद थे।

### प्रीमियर लीग मैच का फाइनल महा मुकाबला आज

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगावां पंचायत के सिन्दवारी मैदान में प्रीमियर लीग सीजन 2 का महा मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। जिसमें मुख्य टीम राजेश कुमार एवं लखन भुइंया के खिलाड़ी होंगे। मैच में खेल प्रेमियों को आनंद उठाने के लिए मुखिया सरिता देवी एवं समाजसेवी बसंत नारायण सिंह अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने की अपील की है।

### रिम्स में सांसद से मिले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री बसंत नारायण सिंह

**इटखोरी(चतरा)।** चतरा के पूर्व जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रह चुके बसंत नारायण सिंह एवं ईटखोरी के वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर पोद्दार मंगलवार को रांची रिम्स पहुंचकर सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात की। दोनो ने रिम्स में इलाजरत सांसद के हालचाल ली और जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। ज्ञात हो कि सांसद अचाानक बीमार होने के बाद सदर अस्पताल चतरा से बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती किया गया है। जहां अब सांसद स्वस्थ्य हो गए हैं।

### निर्धारित रुट से अलग मोदी कंस्ट्रक्शन बेधड़क कर रही है फ्लाई ऐश की ढुलाई

**टंडवा (चतरा)।** निर्धारित रुट छोड़कर एनटीपीसी प्लांट से निकले गीला कचरा (फ्लाई ऐस) की ओवरलोड ढुलाई मोदी कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी इन दिनों बेधड़क कर रही है। बताया जाता है कि राख ढुलाई के लिए बिजुपाडा.का रुट निर्धारित है। जिसे एनटीपीसी प्रबंधन व डीटीओ को मैनेज कर ले जाया जा रहा है। वहीं घनी आबादी वाले सड़कों में गीला कचरा गिरने से भारी प्रदूषण हो रहा है। सूत्रों के अनुसार इस रुट से ढुलाई करने पर दो टोल टैक्स की चोरी व प्रति टन एक सौ रुपए का अतिरिक्त वृद्धि भाड़ा मोदी कंस्ट्रक्शन कंपनी बचाकर लाखों रुपए धनोपार्जन कर रही है। सूत्रों की माने तो इसका अंश संबंधित अधिकारियों व बिचौलियों में भी बांटा जाता है। पूछे जाने पर डीटीओ इंद्र कुमार ने बताया कि शीघ्र हीं नियमित जांच अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध चला प्रशासन का चाबुक, दो ट्रेक्टर व एक हाईवा जप्त

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को टंडवा थाना क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में छापेमारी के दौरान अवैध बालू लदे दो ट्रेक्टर को जप्त कर कार्रवाई की गई। छापेमारी कर उडसु मोड़ में खनन निरीक्षक राकेश हांसदा ने एक ट्रेक्टर जेएच 13 ई 6009 व एक हायवा को जप्त किया। जबकि सीओ विजय दास ने किसुनपुर में बालू लदे ट्रेक्टर जेएच 02 बीएच 3632 को जप्त कर स्थानीय थाने को सौंपा। जानकारी देते हुवे सीओ श्री दास ने बताया कि नियमित छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू उत्खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल, प्रशासनिक कार्रवाई से अवैध बालू ढुलाई में लगे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# टीका-टोपी को टकराने सीमांचल आ रहे गिरिराज

## AIMIM प्रदेश अध्यक्ष बोले- मुस्लिम आंखों में खटकते हैं; पूर्व मंत्री ने बताया देश का दुश्मन

**किशनगंज।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह 18 अक्टूबर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा करने वाले हैं। उनकी यात्रा से पहले बिहार की सियासत गरमाई हुई है। पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने गिरिराज सिंह की यात्रा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ये लोग देश के दुश्मन हैं, जो समाज को बांटना और तोड़ने का काम करना चाहते हैं। वहीं यात्रा के दौरान 22 अक्टूबर को गिरिराज सिंह किशनगंज पहुंचेंगे। यहां उनकी यात्रा का पहला फेज खत्म होगा। गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर AIMIM प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि ये टीका-टोपी को टकराने आ रहे हैं। भाजपा का जनाधार गिर रहा है और इसीलिए फिर से सिर्फ नफरत की सौदागरी करने आ रहे है। अख्तरुल ईमान ने कहा कि वो केंद्रीय कपड़ा मंत्री है। उन्होंने बताना चाहिए कि आज तक सीमांचल के लिए उन्होंने क्या किया है।अख्तरुल ईमान ने कहा कि सीमांचल में टीका और टोपी को टकराने की बात केंद्रीय मंत्री करेंगे। यहां कि मस्जिद, मुसलमानों की आबादी उनको खटकेगी और यहां के हिंदू और मुसलमानों में जो प्रेम है, वो उन्हें खटकेगा। क्योंकि ये नफरत के सौदागर है। जबकि, यह अमन पसंद इलाका है। एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने गिरिराज सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो केंद्रीय कपड़ा मंत्री हैं। आज तक सीमांचल के लिए उन्होंने क्या किया है, बताना चाहिए। वो फिर से सिर्फ नफरत की सौदागरी करने आ रहे हैं और



सीमांचल में टीका और टोपी को टकराने की बात करेंगे। यहां की मस्जिद, मुसलमानों की आबादी उनको खटकेगी और यहां के हिंदू और मुसलमानों में जो प्रेम है वो उन्हें खटकेगा। किशनगंज को अमन पसंद है

गिरिराज सिंह को नफरत का सौदागर बताते हुए उन्होंने कहा कि यह अमन पसंद इलाका है। किशनगंज के हिंदू और मुसलमानो ने कभी यहां के सौहार्द का सौदा नहीं होने दिया। यहां हिंदू मुसलमानों के बीच जितना सौहार्द है, वो पूरे देश को नसीब नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जब उनका दौरा किशनगंज में हुआ था, तब उन्हें यहां की गरीबी, यहां का भाई चारा नजर नहीं आया, बल्कि यहां के मस्जिद और दाढ़ी टोपी में उन्हें पाकिस्तान नजर आता है।पूर्व शिक्षा मंत्री चद्रशेखर ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की यात्रा पर कहा कि ये लोग बस समाज को बांटना और तोड़ने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी जीभ की कीमत लगाने वालों पर भी निशाना साधा। चंद्रशेखर ने कहा कि पाखंडवादी लोग भगवान की दुकान सजाकर उल्लू सीधा करते हैं। यह लोग भगवान के संदेश का अपमान करते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ मेरी लड़ाई है। संप्रदाय और नफरतवाद इन लोगों के संस्कार में है। ये देश के दुश्मन हैं। चंद्रशेखर नालंदा में राजद के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे।

उसी दौरान उन्होंने यह बातें कही। 18 अक्टूबर से शुरू होगी गिरिराज सिंह की यात्रा गिरिराज सिंह 18 अक्टूबर से 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' का पहला चरण भागलपुर से शुरू कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य हिंदू समुदाय को एकजुट करना बताया जा रहा है,

जिसका विषय है- 'संगठित हिंदू - सुरक्षित हिंदू', इसमें हिंदुओं की एकजुटता पर जोर दिया गया है।

# छुट्टी नहीं दी तो सीओ की गाड़ी में लगाई आग

**नालंदा।** के कतरीसराय उड धीरज प्रकाश की कार में आग लगाने वाले की पहचान हो गई है। सीओ की कार में आग उन्हीं के अंडर में काम करने वाले राजस्व कर्मचारी ने लगाई थी। छुट्टी नहीं मिलने और काम का दबाव ज्यादा होने की वजह से उन्होंने उड के निजी वाहन को आग के हवाले कर दिया। घटना 13 अक्टूबर यानी की शनिवार की रात करीब 1.30 बजे की है। गाड़ी सीओ के सरकारी आवास के बाहर खड़ी थी। स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, तब तक गाड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। वीडियो-फुटेज के आधार पर हुई कार्रवाई



राजगीर के DSP सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने वीडियो-फुटेज, फोरेंसिक साक्ष्य और डॉग स्क्वायड की मदद से मामले की गहनता से जांच की। जांच के दौरान पता चला कि यह काम किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि एक राजस्व कर्मचारी ने किया था जो वर्तमान में प्रभारी अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि 'गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में वह कतरीसराय अंचल में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। सबक सिखाने के लिए कार में लगाई आग पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने यह कदम काम के दबाव और छुट्टी न मिलने के कारण उठाया है। उसने स्वीकार किया कि सीओ से हुई नोकझोंक के बाद उसने सबक सिखाने के लिए यह कदम उठाया था। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। इस मामले में एक बोलेरो गाड़ी और दो मोबाइल भी जब्त किया गया हैं। छापेमारी टीम में थाना अध्यक्ष कतरीसराय सत्यम तिवारी, दरोगा शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रशिक्षु दरोगा आदित्य कुमार, जमादार मनीष कुमार, संजय दास और कतरीसराय थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।सीओ धीरज प्रकाश ने बताया कि यह एक बेहद गंभीर मामला है। मेरी निजी गाड़ी पिछले चार दिनों से सरकारी आवास के बाहर खड़ी थी। यदि स्थानीय लोगों की तत्परता नहीं होती, तो यह घटना और भी भयावह रूप ले सकती थी। घटना स्थानीय थाना से महज 200 फीट की दूरी पर हुई।

# 4 बच्चों के साथ मां ने खाया जहर, दो गंभीर



**मधेपुरा।** में सोमवार को एक महिला ने चार बच्चों के साथ जहर खा लिया। परिजनों ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई हैं। मामला मुरलीगंज थाना क्षेत्र के पड़वा नवटोल का है। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र राम की पत्नी सीमा देवी पारिवारिक कलह से परेशान होकर पहले अपने चार बच्चे प्रिया कुमारी (7), पल्लवी कुमारी (5), दिव्यांशु कुमार (4) और आयांश कुमार (3) को कीटनाशक खिला दिया। इसके बाद खुद भी जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर आसपास के लोगों ने पांचों को मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद पांचों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल से भी जन नायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पति से हुआ था विवाद पति शैलेन्द्र राम ने बताया कि मामूली बात को लेकर सोमवार को पत्नी से विवाद हुआ था। झगड़ा के बाद हम शौच के लिए खेत की ओर चले गए थे। घर पर पत्नी सीमा देवी (30) ने 4 बच्चों के साथ खुद भी कीटनाशक खा लिया। जिसमें से दो बच्चे की स्थिति गंभीर है। सदर अस्पताल के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि 'मुरलीगंज सीएचसी से पांचों मरीज आए थे। महिला और चार बच्चों का लगभग एक घंटे तक इलाज किया गया, लेकिन स्टेबल नहीं होने के कारण सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चारों बच्चों को एक एम्बुलेंस और महिला को दूसरे एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। मारपीट कर घर से भगाने का किया प्रयास सीमा देवी ने बताया कि पति शैलेन्द्र राम मेरे साथ अक्सर मारपीट करते थे। बच्चों के साथ भी मारपीट करता था। सभी को घर से भागने के लिए कहता था। इसी से परेशान होकर जहर खा लिया और बच्चों को भी जहर खिला दिया। अवैध-संबंध को लेकर हुआ था विवाद वहीं, महिला की रिश्तेदार समसी देवी ने बताया कि सीमा देवी का गांव के एक युवक (राजकुमार) से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर पति से विवाद हुआ था। जिसके बाद सीमा देवी ने अपने बच्चों संग कीटनाशक खा लिया। आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई मुरलीगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। सभी का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस को अभी लिखित में कोई जानकारी नहीं मिली है।

# एक-एक पाई जोड़कर घर बनाया, गंगा में समा गया

**भागलपुर।** में बाढ़ के कारण गंगा नदी के आस पास के कई इलाकों के लोग बेघर हो चुके हैं। सिर्फ सबौर प्रखंड के मसाढ़ू गांव में 300 से अधिक परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। 2 सितंबर से कटाव शुरू हो गया था। पिछले 45 दिनों में 70 से अधिक आशियाना गंगा में समा गए। 6 बीघा जमीन कटाव की वजह खत्म हो गई। इसकी अनुमानित कीमत करीब 7 करोड़ बताई जा रही है। बाढ़ का पानी कम हो गया है। लेकिन, गांव में गंगा का कटाव अभी भी जारी है। इस वजह से हर परिवार की आंखों में आंसू है।बाढ़ पीड़ित पिंकी देवी ने बताया कि 'एक-एक पाई जोड़ कर घर बनाए, जो एक मिनट में गंगा में समा गया। अब न रहने के लिए घर है और न खाने के लिए अनाज। इसके बावजूद सरकार की ओर से



कोई मदद करने नहीं पहुंचा है।'कटाव के कारण सबसे पहले गंगा नदी के किनारे बसे घर प्रभावित हुए। धीरे-धीरे तबाही का मंजर ऐसा बना कि 70 से अधिक परिवारों को 7 करोड़ का नुकसान हो गया। लेकिन, इन पीड़ित परिवारों को मुआवजे के रूप में एक रुपए की मदद नहीं मिली है। 42 परिवारों ने अब तक आवेदन दिया है, लेकिन मुआवजा किसी को नहीं मिली है।बाढ़ की वजह से आज भी कुछ लोग सड़क पर रहने को मजबूर हैं। वहीं, कुछ लोग अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे हैं। बाढ़ पीड़ित सिकंदर मंडल ने 'रविवार को उट नवल किशोर चौधरी निरीक्षण करने पहुंचे थे। लेकिन, मसाढ़ू गांव में नहीं आकर छायाचक गांव चले गए। जहां अभी ही कटाव की शुरूआत हुई है।' मसाढ़ू गांव के रहने वाले पीड़ित आर्यन ने बताया कि 'गंगा में घर के समा जाने से रहने की ही दिक्कत नहीं है, बल्कि खाने-पीने में भी परेशानी हो रही है। जिंदगी भर की कमाई चंद सेकेंड में आंखों के सामने बह गया। हर घंटे गिर रहे थे घर बाढ़ का कहर इस तरह था कि हर घंटे घर गंगा में समा रहे थे। जल मीनार, स्कूल और शौचालय से लेकर 2 मंजिला मकान गंगा में पल भर में समा गए। सब कुछ बर्बाद होता देख ग्रामीणों में जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी था। आंखों में आंसू भी थे। लेकिन, ग्रामीण किसी को कुछ कह नहीं पा रहे थे। ग्रामीण सिकंदर मंडल ने बताया कि 'जल संसाधन विभाग की तरफ से कटाव रोधी कार्य किया गया, जो नाकाफी था। जल संसाधन विभाग ने इस पर 20 लाख से अधिक रुपए खर्च भी किए। लेकिन, एक इंच जमीन नहीं बच पाई।'

## संक्षिप्त डायरी

### सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा जख्मी



**नालंदा।** में सोमवार की शाम बिहार शरीफ परवलपुर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बेलदारी गांव की समीप की है।मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के ढिबरी पर गांव निवासी टमाटर राम के (30) वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार उर्फ कैला के रूप में की गई है। जबकि जख्मी की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहसराय निवासी स्वर्गीय राजकुमार प्रसाद के बेटे दीपक कुमार के रूप में की गई है। दोनों रिश्ते में साला-बहनोई लगते हैं। मृतक के परिजन ने बताया उन्हें पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि सत्येंद्र कुमार व दीपक कुमार सड़क हादसे में घायल हो गया है। सूचना मिलने के बाद जब सदर अस्पताल पहुंचा तो देखा कि सत्येंद्र कुमार की मौत हो चुकी है। जबकि दीपक इलाजरत है। दोनों साला बहनोई परवलपुर से डेकोरेशन का काम खत्म कर बिहार शरीफ लौट रहे थे। इसी बीच सड़क हादसे का शिकार हो गए।नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सत्येंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि दीपक इलाजरत है। प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात सामने आई है कि गाड़ी ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई। जिसके कारण बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनमें एक की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**नालंदा।** के बिंद थाना क्षेत्र के अमावां गांव में एक मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से सोमवार की शाम मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के कोरमा थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी स्व. पदारथ राम के (28) वर्षीय पुत्र विपिन कुमार उर्फ विपिन राम के रूप में हुई है। देर शाम परिजन शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।विपिन पिछले 12 साल से अपने ससुराल सारे थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में मजदूरी करते थे। दुर्गा पूजा के दौरान वह अमावां गांव में टेंट लगाने का काम कर रहा था। बीते शनिवार को दुर्गा पूजा का मेला समाप्त होने के बाद विपिन सोमवार शाम को पीपल के पेड़ पर चढ़कर टेंट खोल रहा था, तभी वह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।स्वजन और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को रखकर सड़क जाम किया। यातायात बाधित हो गया।पुलिस के आने के बाद मामला ांत हुआ घटना की सूचना मिलते ही बिन्द थानाध्यक्ष रौशन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के स्वजनों को समझा-बुझाकर यातायात सेवा बहाल की। अमावां पंचायत के मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राजा बाबू भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। पत्नी दौलती देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे 3 साल का बेटा और एक वर्ष की पुत्री को छोड़ गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### कमरे से छात्र का जला शव मिला

**पटना।** के पीरबहोर थाना क्षेत्र में एक घर कमरे से छात्र का जला हुआ शव मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के लिए FSL टीम भी पहुंची हैं। पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। मृतक की पहचान मयंक कुमार उर्फ रौनक के तौर पर हुई है। 1 माह पहले बीएड में एडमिशन लिया था। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर रहा था। घटना बाकरगंज इलेक्ट्रोनिक गली की है। मेरे भाई ने उसे गोद लिया था मृतक के चाचा ने बताया कि सुबह 8 बजे के करीब पास के एक लड़के ने बताया कि आपके घर से धुआं निकल रहा है। मैं ऊपर के कमरे में गया, जिसमें रौनक रहता था। गेट अंदर से बंद था। दरवाजे के दरार से हल्की धुआं बाहर निकल रही थी। आसपास के लोगों ने गेट तोड़ा।

## रोड़ेबाजी में तीन पुलिसकर्मी हुए घायल



**भोजपुर।** जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर बंगला के समीप में सोमवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जाति सूचक गाना बजाने को लेकर दो गुटों के बीच रोड़ेबाजी हुई। जिसमें होमगार्ड जवान और तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसके अलावा पुलिस की प्राइवेट गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में होमगार्ड जवान धारीक्षण दुबे के 55 वर्षीय बेटे सियाराम दुबे, स्व. प्रभाहंस सिंह के 54 वर्षीय बेटे योगेंद्र सिंह और उदय पासवान के 24 वर्षीय बेटे व सिपाही रोहित कुमार शामिल हैं। वह तीनों धोबहा थाना में कार्यरत हैं। इधर होमगार्ड जवान सियाराम दुबे ने बताया कि वे लोग मूर्ति विसर्जन के दौरान ड्यूटी पर थे। तभी जाति सूचक गाना बजा दिया गया। जिसको लेकर दूसरे पक्ष के लोग भड़क उठे और उनके बीच पहले धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद रोड़ेबाजी हुई। जब पुलिस ने उन्हें मना किया तो पुलिस पर भी रोड़ेबाजी कर दी गई। धोबहा थानाध्यक्ष संजीव कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। वहीं, दूसरी और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को हिरासत में भी लिया है। हालांकि इसकी अधिकारी पुष्टि नहीं हो पाई है।

# पोती बोली-बाबा, पापा ने मम्मी का गला काट दिया

**मोतिहारी।** में पति ने अपनी पत्नी की गर्दन काटकर हत्या कर दी। उसके बाद वह लाश के पास ही बैठा रहा। आरोपी पति के पिता ने बताया कि सुबह का समय था। पोती मेरे पास आई और बोली कि पापा ने मम्मी का गला काट दिया है, जल्दी चलिए। मैं दौड़कर गया तो बहू लहूलुहान होकर तड़प रही थी, बगल में मेरा बेटा बैठा था। उसकी आंखों में एक बूंद आंसू नहीं थे।ये घटना 10 अक्टूबर की सुबह 7.30 बजे स्थान लखोरा थाना क्षेत्र का झीटकहिया गांव में हुई थी। महिला का नाम संजू देवी था। उसकी पति संतोष सहनी से 15 साल पहले शादी हुई थी। पुलिस ने फिलहाल पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का कारण अवैध संबंध बताया गया है। मामले की पड़ताल करने भास्कर रिपोर्टर आरोपी पति संतोष सहनी के घर पहुंचे जहां कई कहानियां निकलकर सामने आई। संतोष के घर में उसके माता-पिता और बच्चे थे। घटना के संबंध में उनसे बातचीत करने की



कोशिश की गई तो मृतक महिला की सास ने कैमरे पर कुछ भी बोलने से इनकार दिया। फिर संतोष के पिता ने ऑफ कैमरा घटना का भयानक मंजर बताया। बेटे का पूरा हाथ खून से सना था संतोष के पिता रमेश सहनी ने बताया कि उनके चार बेटा हैं, जिसमें संतोष सबसे बड़ा था। इसलिए उसे सबसे पीछे वाला घर मिला था। मेरी पत्नी नवरात्र करती है, उसे 10 अक्टूबर की सुबह मंदिर छोड़कर मैं आया और बांध पर खड़ा था। अचानक मेरी बड़ी पोती दौड़कर आई और बोली कि बाबा पापा मम्मी का गला काट दिए हैं, जब मैं दौड़ कर गया तो वह हाथ में दबिया लेकर बैठा था। मेरी बहू संजू तड़प रही थी। हम डर गए कि कहीं इस हत्या का आरोप हम पर न लग जाए। मैंने तुरंत मुखिया जी, बहू के मायके वाले सहित अन्य को फोन कर बताया और बेटे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बहू की मौत पर सभी रो रहे थे, लेकिन मेरे लड़के की आंख से एक बूंद पानी नहीं आया।पिता ने बताया कि पिछले कुछ दिन से संतोष मानसिक रूप से बीमार था। हमने कई ओझा गुनी से दिखाया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। हमें क्या पता था कि इस तरह की घटना कर देगा, उसे तीन बेटी और तीन बेटा है, जिसकी उम्र एक से 10 साल के बीच है। संतोष बोला- पत्नी का दूसरे से था संबंध जब पुलिस ने संतोष सहनी को पकड़ कर पूछताछ शुरू की तो उसने अपने कबूले बयान में बताया कि मैंने पत्नी की हत्या की है। हमें इस बात का शक था कि मेरी पत्नी का किसी के साथ अबैध संबंध है, यह शक उस वक्त हकीकत में बदल गया, जब पटना से वह दुर्गा पूजा में घर आने के लिए मना की। फिर भी मैं घर आया, रात में सौ गया, जब दो बजे रात में मेरी नींद खुली। तो मेरी पत्नी संजू बेड पर नहीं थी, सुबह वह घर आई तो मैं पूछा कि कहां थी। उसने कहा कि दो दिन बाद हम दूसरी शादी कर लेंगे। इसी बात पर मेरे सिर पर गुस्सा सवार हो गया। वहीं पास में दबिया रखा हुआ था, उससे उसका गला काट दिया।मृतक संजू दो समूह से लोन ली थी, जिसका अमाउंट करीब दो लाख था। इसके अलावा संतोष सहनी ने बाइक का लोन लिया था, साथ ही गांव के भी कुछ लोगों से पैसे लिए थे, जिसको लेकर दबाव में था। मेरा बिजनेस नहीं चल रहा था, इसी वजह से पटना जाकर काम कर रहा था। बता दें कि संतोष सहनी मछली का व्यवसाय करता था। काम नहीं सही चल रहा था जिसकी वजह से पटना के मछली बाजार में काम कर रहा था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले में एफएसएल की टीम को जांच के लिए भेजा गया है। परिजन ने संतोष के दिमागी संतुलन ठीक नहीं होने की बात बताई है, इसकी भी जांच की जाएगी। वहीं, इस मामले में साइकोलॉजिस्ट डॉ मुकेश कुमार ने भी अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि कभी कभी ऐसा होता है कुछ लोगों के बारे में सबको पता होता है कि हां इसका मानसिक संतुलन खराब है। लेकिन अब हर कोई ऐसा कहे कि वो नशा करता था, उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

# कब भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?



ललित गर्ग

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए।

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार ह्ल आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बबार्दा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए ह्यप्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाह्ल व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दशार्ती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बबार्दी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है ह्लह्ल अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दशार्ता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?




## संपादकीय

### ढोल में पोल न हो

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधीकरण बुजुर्गों के लिए अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आंकलन कर रही है। इससे तकरीबन साढेरूचार करोड़.परिवारों के छह करोड़.बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। यह आवेदन आधारित योजना है। इसके लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण करना होगा। 70 या उससे अधिक उम्र वाला हर बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड.प्राप्त करने व तथा विस्तारित योजना शुरू होने पर सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त कराने के पात्र होंगे। पहली सितम्बर तक साढ़े बारह हजार से अधिक निजी अस्पतालों समेत 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचिबद्ध किया जा चुका है। वर्तमान में दिल्ली, ओड़िशा तथा पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इसे लागू किया जा रहा है। जो लोग पहले से केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं, पूर्वसैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र बल का लाभ उठा रहे हैं, वे दोनों में विकल्प चुन सकते हैं। आम जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से गंभीर रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा व आयुष्मान जैसी सुविधाओं की शुरूआत का उद्देश्य किफायती दर पर सबको इलाज मिलने की व्यवस्था उन्होंने ही दी है। हालांकि जितना इसका प्रचार किया गया, यह उतनी सफल नहीं हो पाई। खासकर देश के पिछड़े. राज्यों व इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओंको उपलब्ध कराना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि इस नई योजना के तहत अस्पतालों की संख्या काफी बढ़ाई गई है। वरना अब तक लोगों को अपने मरीज को लेकर बड़े. कस्बों या नजदीकी शहर की तरफ भागना पड़ता रहा है। दवाओं और निजी अस्पतालों के मोटे-मोटे बिलों को चुकाने लायक सामर्थ्य अभी अपने यहां बड़े. वर्ग की नहीं है। जिन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों से लेकर गंभीर रोगों का इलाज कराने के लिए परिवार का मुंह ताकना पड़ता है। इस योजना के चलते उम्मीद की जा सकती है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जो अपने बुजुर्गों के इलाज में पैसों की कटौती करने को मजबूर है, अब उनका बेहतर इलाज करवा सकेगा। परंतु मह'वपूर्ण तथ्य याद रखना होगा कि इन अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों व सहयोगी कर्मचारियों का अकाल न रहने पाए। वरना योजनाओं का लाभ बुजुर्गों को प्राप्त नहीं हो सकता।

## गुजरात हादसा : कब तक जिन्दा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर



नरेन्द्र भारती

कब तक जिन्दा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है बेशक प्रतिवर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । केवल मात्र एक दिन बडे-बड़े सैमिनार, गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किये जातें है मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते है।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। ताजा हादसा 12 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा के कड़ी कस्बे मे घटित हुआ जहाँ काम करते समय 9 मजदूर जिन्दा दफन हो गए सभी मजदूरों के शव निकाल दिए है दफन होने वाले मजदूर 25 से तीस साल के थे'मजदूरों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा की उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी'देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रशन है। हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकडों योजनाए चलाई जाती है मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तरकाशी में बेकसूर मजदूरों ने 17दिन और 16 रातें कैसे निकाली थी यह मजदूर ही जानते होंगे' खौफनाक मंजर को कभी नहीं भूल पाएंगे' 17 दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए थे' मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था की जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं उसमें कैद हो जाएंगे' करोड़ों देश वासिओं की दुआएं रंग लाई और मजदूरों को नया जीवन मिल गया और 12दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे' 12 तारीख को एक तरफ रविवार को दीपावली के दिन जहाँ पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियाँ मना रहा था वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निमार्णाधीन सुरंग में बहुत ही भयंकर दुःखद हादसा हुआ था जब सुरंग ढहने से 41मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए थे' उत्तरकाशी के सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत के बीच झूल रहे थे सरकार द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू अभियान का 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा था और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था' देश प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें हैं।हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है।कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं।हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे है।मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है।हादसों को देखकर रौगंटे खडे.हो जाते हैं देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं।मजदूरों के पसीने से ही ईटें पकती हैं मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है।मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है।मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे है।आकडों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके है।हादसों नं सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। बीते वर्ष में रायबरेली के उंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100के लगभग घायल हो गए थे।500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था जहां टाज्सफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपूर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे।गत वर्ष एक निमार्णाधिन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए।यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई सात मजदूर तो भागकर बच गए मगर बेचारे चार मजदूर जिन्दा दफन हो गए थे ।इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई यह बहुत ही दुखद हादसा था। मुम्बई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए और 19 घायल हो गए थे। और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लु के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जो के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में फिर एक निमार्णाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी। जब यह इमारत ढही उस समय 40 लोग काम कर रहे थे इस घटना ने सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं गत वर्ष महाराष्ट्र में एक इमारत के गिरने से 75 मजदूरों की असमय मौत गई थी और 60 मजदूर घायल हो गए थे आखिर कब तक मजदूर इमारतों में जमीदोज होते रहगें।कुछ दिन पहले निमार्णाधीन यह इमारत ताश मे पतों की तरह ढह गई यहां ज्यादातर मजदूर ही रह रहे थे ।यह बहुत ही दर्दनाक हादसा था जिसने एक साथ इतने लोगों को लील लिया । प्रशासन मुआवजे का मरहम लगाता है मगर जो बेमौत मारे गये क्या वे लौट आएगें यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। सरकार ऐसी घटनाओ के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती लेकिन यदि पहले ही इन लोगों पर करवाई कर ली जाए तो ऐसे हादसे रुक सकते है मगर सरकारों की तन्द्रा तो हादसे के बाद ही टूटती है। आखिर कितने हादसों के बाद प्रशासन अपनी जिम्मेवारी निभायेगा इस प्रशन का जबाब सरकार को देना होगा। इमारतो का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो इन हादसों के लिये प्रत्यक्ष रुप से जिम्मेवार है। जो चंद चादी के सिक्कों के की चाहत के लिए मजदूरों की जिन्दगियां ले रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए जो मानव की जान लेने से भी नहीं हिचकचाते ऐसे जल्लादों को सरेआम फांसी देनी चाहिए।


## चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया।

संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं।

## जंगली जानवर : न उजाड़ें नैसर्गिक संरचनाओं को



पंकज चतुर्वेदी

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है। उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता।

यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी ड़र की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ या क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे। चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यवास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए जंगल छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इस ने उनक काई मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिह्न भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कहीं भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं, तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं।

हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी घर है, उतना ही हमारा भी है। तेंदुआ अपना जंगल छोड़ कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करता था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यवास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला ना बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा ना जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में स्कूल पर हमले में बच्चों समेत 20 लोगों की मौत, सुरंग में इजराइली सेना के सामने हिजबुल्लाह आतंकी कर रहे सरैंडर

**येरूसलम, एजेंसी।** मध्य गाजा में एक स्कूल में इजराइल के हवाई हमले में बच्चों समेत कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। स्थानीय अस्पताल ने यह जानकारी दी। नुसरत में रविवार रात हुए इस हमले में दो महिलाएं भी मारी गईं। गाजा में साल भर से जारी युद्ध के बीच कई लोगों को विभिन्न स्थानों पर शरण लेनी पड़ी हैं। इस स्कूल में कुछ फलस्तीनियों ने शरण ली हुई थी। शवों को नुसरत के अल-अवदा अस्पताल और दीर अल बला के अल-अक्सा शहीद अस्पताल ले जाया गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की बमबारी और गाजा पर उसके जमीनी आक्रमण में 42 हजार से अधिक फिलीस्तीनी मारे गए हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह के आतंकवादी अब इतने डरे हुए हैं कि वे मरने से बचने के लिए इजराइली बलों के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों दक्षिणी लेबनान के एक गाँव में भूमिगत ढाँचे (सुरंग) में रह रहे एक आतंकवादी ने वहाँ पहुँची सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के आतंकी टनल तक पहुंच गई जिसका एक वीडियो भी शेयर किया गया है जिसमें सेना के सामने हिजबुल्लाह आतंकी सरेंडर करते दिखे। बता देमं दक्षिणी लेबनान में टनल में बड़ी संख्या में हिजबुल्लाह के आतंकी सक्रिय हैं जिनके खात्मे के लिए ह्वष्ठस्न लगातार इन टनल को निशाना बना रही है। राजधानी बेरूत पर इजराइल के हमलों के जवाब में की गई कार्रवाई बताया। इस हमले में 22 लोग मारे गए थे। बाद में हिजबुल्ला ने कहा कि उसने इजराइल के विशिष्ट 'गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया तथा ड्रोन के हमले के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर कब्जा करने के लिए कई मिसाइलें दागीं।

### अमेजॉन की जनजाति पर इंटरनेट का असर, शिकार छोड़कर फोन चलाते रहते हैं लोग

**वाशिंगटन एजेंसी।** इंटरनेट ने लोगों की जिंदगी को अच्छे और बुरे दोनों ही तरीकों से प्रभावित किया है। दूरस्थ अमेजॉन के जंगलों में रहने वाली जनजाति भी इसके प्रभाव से अपने आप को अछूता नहीं रख पाई है। अमेजॉन की मरूबो जनजाति के लोग पिछले दशक तक आधुनिक दुनिया से पूरी तरह से दूर रहते थे लेकिन पिछले कुछ समय में इंटरनेट ने उनकी दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। जंगलों में बहुत अंदर बसे होने के कारण 2023 तक इनके पास मोबाइल फोन तो थे लेकिन लेकिन नेटवर्क ना होने की वजह से वह आधुनिक तकनीकि से अधिक प्रभावित नहीं थे। लेकिन फिर एलन मस्क ने इस क्षेत्र में अपने सैटेलाइट इंटरनेट स्टारलिंक को लॉन्च करके पूरी कहानी पलट दी। मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक ने इस जनजाति के गांव में कुछ एंटीना लगाए और अमेजॉन वर्षावनों की गहराई में रहने वाली मोरुबो जनजाति तक भी इंटरनेट की पहुंच सुनिश्चित कर दी। सितंबर 2023 में इंटरनेट की पहुंच के बाद इस जनजाति के लोगों के जीवन में बहुत ही तेजी से बदल गया। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक जांच रिपोर्ट में इस गांव के बदले हुए हालातों को बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गांव में लोगों के पास पहले से फोन थे लेकिन इंटरनेट ना होने की वजह से वह इनका उपयोग केवल फोटो खींचने और कभी-कभार बात करने के लिए करते थे लेकिन जब स्टारलिंक यहां आया तो जिंदगी बदल गई। त्साइनमा मोरूबो ने टाइम्स को बताया कि हमारी जनजाति में पहले लोग बहुत खुश रहते थे। अब वह दिन भर अपना काम काज छोड़कर मोबाइल फोन पर ही लगे रहते हैं। हमारे युवा जिन्हें काम करना चाहिए, वह इंटरनेट की वजह से आलसी हो रहे हैं। वे गोरे लोगों के तौर-तरीके सीख रहे हैं और लगातार अपनी जड़ों से कट रहे हैं। जनजाति के नेता अल्फ्रेडो मारुबो ने कहा कि युवा लोग अपने फोनों में अश्लील वीडियो देख रहे हैं।

### यूक्रेन पर आफत गिरी, नारंगी हो गया आसमान ; रूस का गुप्त हथियार जो किसी के पास नहीं

**कीव , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध दिन बढ़ने के साथ खतरनाक होता जा रहा है। इस महायुद्ध को अगले साल फरवरी महीने में तीन साल पूरे हो जाएंगे। इस बीच पूर्वी यूक्रेन के एक शहर कोस्तियातिन्विका में रूस का ऐसा गुप्त और रहस्यमयी हथियार गिरा, जिसने पूरी दुनिया में कौतूहल बढ़ा दिया है। यह गुप्त हथियार दुनिया में इकलौता और सबसे उन्नत किस्म का है, जो रूस के अलावा किसी और के पास नहीं है। जब यह यूक्रेन में फटा तो कुछ देर के लिए आसमान नारंगी हो गया। यूक्रेनियों ने ऐसा नजारा पहली बार देखा और मारे दहशत के बंकरों में छिप गए। इतने लंबे वक्त से चल रहे इस युद्ध में कभी इस हथियार का इस्तेमाल नहीं हुआ है। यूक्रेन आशंकित है कि रूस का यह हथियार बताता है कि वह कुछ बड़ा करने की योजना बना रहा है। इस गुप्त हथियार से किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। ऐसी चर्चाएं हैं या तो यूक्रेनी लड़ाकों ने इसे हवा में ही नष्ट कर दिया या रूस द्वारा गलती से छोड़े जाने पर उसी ने इसे नष्ट कर दिया, क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस गुप्त हथियार के साथ रूसी लड़ाकू विमान भी आसमान पर दिखाई दिए। रूस नहीं चाहता था कि यह दुश्मन के हाथ लगे और इस हथियार से जुड़ी जानकारी दुनिया के सामने आए। यह हथियार रूस का प्रसिद्ध एस-70 ओखोत्निक ड्रोन बताया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि इस तरह का उन्नत हथियार दुनिया में किसी के पास नहीं है। इससे पहले रूस ने जब भी यूक्रेन पर हवाई हमले किए हैं, आसमान पर सफेद रंग की रोशनी दिखाई दी है, लेकिन इस बार पूरा आसमान नारंगी रंग में नहाया हुआ दिखाई दिया।

# दुनिया की इस जमीन पर नहीं है किसी भी देश का कब्जा, कोई भी जाकर बन सकता है पीएम

**येरूसलम, एजेंसी।** जमीन के लिए दुनिया के कई हिस्सों में देशों के बीच में लड़ाई मची हुई है। सबसे बड़ी लड़ाई इस वक्त फिलीस्तीन और इजरायल के बीच मची हुई है, जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। लेकिन इजरायल से कुछ किलोमीटर दूर ही जमीन का एक हिस्सा ऐसा है जिस पर कोई भी देश कब्जा नहीं करना चाहता। दरअसल, हम बात कर रहे हैं बिर ताविल नामक क्षेत्र की, जो कि इजिप्ट और सूडान की सीमा के बीच में बसा हुआ है। इस रेगिस्तानी क्षेत्र पर ना तो सूडान अपना दावा करता है और ना ही इजिप्ट।



पिछले 60 सालों में यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय नेताओं के लिए एक चुनौती बना हुआ है। सहारा रेगिस्तान के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में बसे इस 2060 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र का नाम खानाबदोशों ने बीर ताविल रखा है, जिसका अरबी में अर्थ होता है ऊंचा पानी वाला कुंआ।

**आखिर कोई देश क्यों कब्जा नहीं करना चाहता :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक तरफ जहां पड़ोस में ही जमीन के एक छोटे से हिस्से के लिए इतना बड़ा युद्ध चल रहा है ऐसे में क्यों इजिप्ट, सूडान या फिर कोई अन्य देश इस खाली जमीन पर कब्जा नहीं करना चाहता.. दरअसल, इसके पीछे का कारण भी ब्रिटेन और 20वीं सदी में उसके द्वारा खींची गई सीमाएं ही हैं। एक समय पर इस पूरे इलाके पर ब्रिटेन का कब्जा था, 1899 में ब्रिटेन और तत्कालीन सूडान सरकार के बीच हुए सीमा समझौते में एक सीमा रेखा खींची गई थी। कुछ ही समय बाद बिट्रेन के छोड़कर चले जाने के बाद इलाके में परेशानी होनी शुरू हो गई, लेकिन इस क्षेत्र को लेकर विवाद तब और ज्यादा बढ़ गया जब इजिप्ट और सूडान के बीच में 1902 में एक और सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इन दोनों सीमा समझौतों के कारण बिर ताविल एक ऐसा क्षेत्र बन गया कि अगर कोई देश उस पर अपना अधिकार जमाता है तो उसे एक बड़े हिस्से (हलाब त्रिभुज) पर से अपना अधिकार खोना पड़ेगा।

क्योंकि बिर ताविल एक सूखाग्रस्त इलाका है इसलिए यहां की जमीन में ना तो किसी तरह के कोई मिनरल्स हैं और ना ही यह जमीन उपजाऊ है। इसके कारण ना तो सूडान और ना ही इजिप्ट इस इलाके को अपने देश में शामिल करना चाहता है। दोनों ही देशों ने इस वनस्पतिविहीन और जनसंख्या विहीन इस रेगिस्तानी क्षेत्र के विवाद को अनसुलक्षा छोड़ना ही बेहतर समझा है। देशों ने छोड़ा तो लोग नया देश बनाने की कोशिश करने लगे दोनों देशों ने जब इस रेगिस्तानी इलाके के ऊपर के अपने विवाद को अनसुलझा छोड़ने का मन बना लिया तो कई लोगों ने इस पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश की। 2014 में वर्जीनिया के एक किसान ने बिर ताविल में एक झंड़ा गाड़ दिया और खुद को उत्तरी सूडान के राज्य का गवर्नर घोषित कर दिया। उनका कहना था कि वह चाहते हैं कि उनकी बेटी राजकुमारी बनें। इसके लिए उन्होंने अपना झंडा बनाया और यहां पर गाड़ दिया। लेकिन उनके दावे को निरस्त कर दिया गया। इस घटना के तीन साल बाद 2017 में इंदौर के रहने वाले एक शख्स ने इस जगह को अपना देश घोषित कर दिया और इस जगह का नाम 'किंगडम ऑफ दीक्षित' रख दिया। उन्होंने अपने आप को यहां का राजा घोषित किया और अपने पिता को अपना प्रधानमंत्री बना लिया। इन दोनों के अलावा कई और लोगों ने भी इस जगह को अपना देश बनाने की कोशिश की। लेकिन सहारा के रेगिस्तान में इस जगह को लेकर ऐसा करना एक घूमने के उद्देश्य से ही किया गया था। सूखाग्रस्त होने की वजह से किसी भी देश की इस इलाके में दिलचस्पी नहीं है।

## भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ीं, अपने ही सांसदों ने घेरा

**ओटावा एजेंसी।** भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी ही पार्टी के सांसदों का उन पर भरोसा नहीं रहा है। कनाडा




में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के भीतर सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल ही में हुए उप-चुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है, जिसके कारण असंतुष्ट सांसदों के बीच कई गुप्त बैठकें हुईं। ये सांसद प्रधानमंत्री पद से जस्टिन ट्रूडो को हटाना चाहते हैं और नेतृत्व में बदलाव के लिए कम-से-कम 20 नेताओं ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी साल जून महीने में टोरंटो-सेंट पॉल उपचुनाव में ट्रूडो की पार्टी आश्चर्यजनक हार हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी में जबरदस्त असंतोष पनप रहा है। संसद की वापसी के साथ यह अशांति और बढ़ गई और मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और भी बढ़ गई। एशिया में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ कैटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को बैठक करने और आगे की रणनीति बनाने का मौका दे दिया। इससे पहले, टोरंटो स्टार के शुक्रवार के एक पुराने आर्टिकल में भी 52 वर्षीय ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए सार्वजनिक रूप से दबाव डालने की कोशिशों के बारे में विस्तार से बताया गया था। अखबार ने बताया कि कम-से-कम 30 से 40 सांसद एक पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। ट्रूडो पर दबाव बनाना चाहते हैं लिबरल पार्टी के सांसद हालांकि, आर्टिकल में बताई गई संख्या से असल आंकड़े कुछ कम हो सकते हैं। ट्रूडो की लिबरल पार्टी के पास कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 153 सीटें हैं। असहमति जताने वाले नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित इस दस्तावेज को पारंपरिक पत्र के बजाए एक प्रतिज्ञा के रूप में बताया गया है, जिसका उद्देश्य ट्रूडो के इस्तीफे के लिए सांसदों से प्रतिबद्धता हासिल करना है, ताकि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से विरोध होने पर एक बाध्यकारी समझौता बनाया जा सके।

## डोनाल्ड ट्रंप की जान के पीछे पड़े दुश्मन, हत्या का एक और प्रयास; रैली में संदिग्ध बंदूकधारी गिरफ्तार

**बेरूत, एजेंसी।** क्या अमेरिका में चुनाव में दौरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का तीसरी बार प्रयास हुआ है? दरअसल, रिपब्लिकन कैंडिडेट की कैलिफोर्निया रैली के पास सुरक्षा चौकी पर एक संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई। इसके पास से गोलियों से भरीं बंदूकें, कई पासपोर्ट और नकली लाइसेंस प्लेट बरामद हुआ। इसे लेकर आशंका जताई जा रहा है कि यह शख्स रैली में ट्रंप की हत्या करने के मकसद से आया था। रिवरसाइड काउंटी शेरिफ चाड बियांको ने कहा, हमारा मानना है कि विभाग ने हत्या के प्रयास को रोक दिया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ये फिलहाल अटकलें ही हैं। जेल रिकॉर्ड के मुताबिक, संदिग्ध को शनिवार को जमानत पर रिहा भी कर दिया गया। सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि संघीय जांच चल रही है। उन्होंने कहा, हम यही जानते हैं कि संदिग्ध अलग-अलग नामों से कई पासपोर्ट, फर्जी लाइसेंस प्लेट, बिना नंबर वाली गाड़ी और हथियारों के साथ चुनावी रैली में पहुंचा था। इसे देखते हुए विश्वास है कि हमने हत्या के एक और प्रयास को रोक दिया। इससे पहले, ट्रंप पर हमले की घटना बीते महीने उस समय हुई जब वह गोल्फ खेल रहे थे। उनसे कुछ ही दूरी पर तैनात सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने देखा कि लगभग 400 गज की दूरी पर मैदान के किनारे झाड़ियों के बीच एके राइफल का हिस्सा बाहर निकला हुआ था।

# हिजबुल्लाह ने इजरायल के आर्मी बेस पर दागे ड्रोन, 4 सैनिकों की मौत और 60 से ज्यादा घायल

**बेरूत, एजेंसी।** ईरान समर्थित आतंकी गुट हिजबुल्लाह ने इजरायल के आर्मी बेस पर ड्रोन हमले किए हैं। यह अटैक इतना घातक था कि 4 इजरायली सैनिकों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हैं। इजराइली बचाव सेवा की ओर से कहा गया कि बिनयामीना शहर में स्थित सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया। लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है। इजरायल की वायु-रक्षा प्रणालियां इतनी मजबूत मानी जाती है कि ड्रोन या मिसाइल हमले में इतनी संख्या में लोगों के घायल होने की आशंका नहीं के बराबर रहती है। हालांकि, इस बार नुकसान पहुंचा है। इजरायली मीडिया ने बताया कि रविवार को लेबनान से 2 ड्रोन दागे गए। इजराइली सेना का कहना है कि एक ड्रोन को मार गिराया गया। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घायलों में शामिल लोग आम नागरिक हैं या सैनिक। हिजबुल्लाह ने बयान में कहा कि उसने बेरूत में इजरायल की ओर से किए गए 2 हमलों के जवाब में इजरायल की सेना के प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया। गुरुवार को बेरूत में किए गए हमले में 22 लोग मारे गए थे। पिछले 2 दिन में यह दूसरी बार है जब इजरायल में ड्रोन से हमला किया गया। शनिवार को तेल अवीव के उपनगर में ड्रोन अटैक हुआ, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हिजबुल्लाह के 50 लड़ाकों को मार गिराया- इजरायली सेना दूसरी ओर, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में दक्षिणी लेबनान में आमने-सामने की मुठभेड़ों में हिजबुल्लाह के 50



आतंकवादियों को मार गिराया। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि उसने उत्तरी इजरायल के इलाकों और सेना बलों को निशाना बनाकर भूमिगत सुरंग शाफ्ट, कई हथियार भंडारण बुनियादी ढांचे, रॉकेट लांचर, मोर्टार बम और एंटी-टैंक मिसाइलों सहित 200 से अधिक हिजबुल्लाह के लक्ष्यों को निशाना बनाया। बयान में कहा गया कि इजरायली वायु सेना ने सीरिया-लेबनान सीमा पर भूमिगत सुविधाओं को निशाना बनाकर अभियान भी चलाया, जहां हिजबुल्लाह के हथियार रखे गए थे। इस बीच, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में अपना अभियान जारी रखा। सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया और टैंक फायर, शॉर्ट-रेंज फायर व वायु सेना के हमलों के माध्यम से कई आतंकवादियों को मार गिराया।

## इजरायल पर आंच नहीं आने देगा अमेरिका, अब सबसे धांसू रक्षा प्रणाली की तैनाती का ऐलान

**वाशिंगटन।** इजरायल ईरान के बीच तल्खी बढ़ने के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। एक और जहां अमेरिका का कहना है कि वह क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने की कोशिश में है, वहीं दूसरी तरफ वह अपने साथी इजरायल को जंग में हर मोर्चे पर मदद भी कर रहा है। अमेरिका कथित तौर पर अपने सबसे बेहतरीन एंटी-मिसाइल सिस्टम, टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस को इजराइल भेज रहा है। साथ ही इसे संचालित करने के लिए अमेरिकी सैनिकों को भी इजरायल भेजा जाएगा। इससे पहले 13 अक्टूबर को ईरान ने अमेरिका को इज़राइल का साथ ना देने की चेतावनी दी थी। हालांकि इसके तुरंत बाद ही अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के निर्देश पर इस कदम को उठाने का ऐलान किया है। हाल ही में 1 अक्टूबर को ईरान ने इज़राइल में 180 मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद से ही इजरायल इन हमलों का जवाब देने की तैयारी में है जिससे क्षेत्र में कभी भी जंग भड़क सकता है। थाड अमेरिका में निर्मित एक मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह छोटी, बड़ी और कम दूरी की मिसाइल हमले को आसानी से बेअसर कर सकता है। थाड एक बड़े इलाके को कवर कर सकता है और 150-200 किलोमीटर के बीच की दूरी पर दुश्मन के लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। इससे पहले इजरायल ने पैट्रियट सिस्टम को भी तैनाती की थी। हर थाड बैटरी में आमतौर पर छह ट्रक-माउंटेड लॉन्चर, इंटरसेप्टर, रडार शामिल होते हैं और इसे संचालित करने के लिए करीब 95 सैनिकों की जरूरत होती है। अमेरिकी सेना का महत्वपूर्ण हिस्सा इस तैनाती से अमेरिका इजरायल-ईरान संघर्ष में सीधे तौर पर कूदने के संकेत दे रहा है। ईरान ने इज़राइल के खिलाफ मिसाइल हमले किए हैं और अमेरिका जवाब में इज़राइल की रक्षा में हर संभव प्रयास करने की बात कर चुका है। अब थाड सिस्टम की तैनाती से इजरायल की वायु सेना की क्षमता कई गुणा मजबूत हो जाएगी। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी सेना में फिलहाल सात थाड हैं।




## इजरायल पर 9/11 जैसा हमला करने वाला था हमास, ऐसा क्या हुआ जो पीछे हट गए आतंकी

**गाजा , एजेंसी।** हमास के एक हमले के जवाब में इजरायल ने आतंकियों के गढ़ गाजा और राफा को श्मशान बना दिया है। कम से कम 44 हजार लोग मार डाले। इस भीषण नरसंहार से पहले हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर इजरायल पर विनाशकारी हमला किया था। यह हमला इतना भयावह था कि महज 20 मिनट में 5000 मिसाइलें दागी गईं। मिसाइलों की इतनी संख्या के कारण इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम भी उसे रोकने में नाकाम रहा। नतीजन इस हमले में 1200 से ज्यादा लोग मारे गए और इसके बाद हमास ने सीमा पार करके सैकड़ों को बंधक बना लिया। 250 में से 100 बंधक अभी भी उसके कब्जे में हैं। जिन्हें इजरायल छुड़ाने की जद्दोजहद में है। ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि हमास ने 7 अक्टूबर से पहले इजरायल पर 9/11 जैसा हमले करने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐन वक्त पर उसे प्लानिंग बदलनी पड़ी। 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास का इजरायल पर हवाई हमला न सिर्फ इजरायल अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी उतना ही चौंकाने वाला था। इस हमले को लेकर हाल ही में सामने आए दस्तावेजों से पता चलता है कि इसकी योजना कई वर्षों से बनाई जा रही थी और इसे 2022 में ही अंजाम देने की योजना थी। हमास अमेरिका पर हुए 9/11 हमला जैसा करने की योजना बना रहा था। द न्यू यॉर्क टाइम्स, द वाशिंगटन पोस्ट और द वॉल स्ट्रीट जर्नल समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स ने इसे लेकर सनसनीखेज रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक, हमास इजरायल पर एक साल पहले ही हमला कर लेता, लेकिन हिजबुल्लाह और ईरान से मदद मिलने में देरी के कारण यह मुमकिन नहीं हो पाया। हमास इन दोनों की मदद से अतिरिक्त धन से अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना चाहता था। हमास नेताओं और ईरानी अधिकारियों के बीच हुई वार्ता से जुड़े दस्तावेजों से पता चलता है कि हमास की प्लानिंग 7 अक्टूबर जैसे भयावह नरसंहार से कहीं अधिक थी।

**हमास का बिग प्रोजेक्ट :** ऐसा पता चलता है कि जनवरी 2022 की शुरुआत में ही हमास एक बड़े पैमाने पर ऑपरेशन पर चर्चा कर रहे थे। जिसमें इजरायल में घुसकर उसके फेमस अजरीली टॉवर को 9/11 की तरह उड़ाने का विचार था। अलकायदा ने 11 सितंबर 2001 में अमेरिका में दो विमानों का अपहरण किया और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में क्रैश कर दिया। इस हमले ने अमेरिका को हिला दिया था। जवाब में अमेरिका ने कुछ ही महीनों के भीतर अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान स्थित उसके ठिकाने पर मार गिराया। दो वर्षों तक हमास का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व इजरायल को तगड़ी चोट देकर बड़ा आघात करना चाहता था। इसके लिए उसने ईरान और हिजबुल्लाह के साथ 10 हाई लेवल की बैठकें भी की।

# 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की साजिश में शामिल था ईरान? तेहरान ने दिया जवाब

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के दल ने उन सभी रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें ईरान के ऊपर 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। 7 अक्टूबर को हुए हमले को लेकर इजरायली सेना के हवाले से अमेरिकी अखबारों और इजरायली सरकार ने यह दावा किया था कि इजरायल के ऊपर अचानक हमला करने से पहले हमास ने एक गुप्त मीटिंग के जरिए ईरान और हिजबुल्लाह को इस बात की जानकारी दी थी। ईरानी मिशन से मीडिया कर्मियों ने जब इन दावों के ऊपर सवाल पूछा तो उन्होंने इन्हें पूरी तरह से बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। वहीं कतर में मौजूद हमास के उच्च अधिकारियों ने भी 7 अक्टूबर को हुए हमलों के बारे में बताया कि इस मिशन की जानकारी केवल गाजा में ऑपरेट कर रही हमास की सैन्य शाखा को थी। इस पूरे मिशन में उन्हें ही योजना बनाने, निर्णय लेने और निर्देश देने की जिम्मेदारी दी गई थी। ऐसे में इस घटना से किसी भी तरह से ईरान या हिजबुल्लाह को जोड़ना गलता है। इससे पहले शनिवार को न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इजरायली सेना ने अपने जमीनी अभियान के द्वारा हमास की गुप्त मीटिंगों के बारे में कुछ दस्तावेज जब्त किए थे, जिन्हें बाद में अखबार को दिए गए। इन दस्तावेजों में 7 अक्टूबर के हमले के साथ-साथ याह्या सिनवार और हमास के महत्वपूर्ण सूचनाएं दर्ज थीं। इन दस्तावेजों में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह दावा किया गया था कि हमास ने हिजबुल्लाह और ईरान को इस हमले के बारे में मनाने की कोशिश की थी। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर



हमला करके करीब 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके साथ ही हमास के आतंकवादी करीब 250 लोगों को बंधक बना कर अपने साथ गाजा ले गए थे। इसके बाद इजरायल ने हवा और जमीन दोनों जगहों से गाजा पर हमला बोल दिया।

पिछले एक साल में इजरायल ने गाजा में हमास की कमर तोड़ कर रख दी। इन हमलों के बाद लेबनान का हिजबुल्लाह और ईरानी सरकार लगातार हमास का समर्थन करते हुए नजर आए हैं। लेबनान लगातार इजरायल के ऊपर मिसाइलों और रॉकेटों से हमला कर रहा है जिसके कारण इजरायल ने हमास के बाद लेबनान में भी जमीनी कार्रवाई करने का फैसला किया और हिजबुल्लाह के तत्कालीन प्रमुख नसरल्लाह की हत्या कर दी थी।

### तीनों खान से लेकर

# अक्षय कुमार तक बॉलीवुड स्टार्स को मिल चुकी है जान से मारने की धमकियां



**बाबा** सिद्दीकी को सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई. जिसके बाद से पूरी मुंबई दहशत में है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बॉलीवुड स्टार्स को भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं. मुंबई देर रात तब दहल उठा जब एनसीपी (अजित पवार) के नेता बाबा सिद्दीकी को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई. बाबा सिद्दीकी का कनेक्शन राजनीति और बॉलीवुड की हस्तियों के साथ भी रहा है. बाबा सिद्दीकी एक बड़ा नाम है, जो अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान की दोस्ती करायी थी.इस समय पूरी मुंबई में चप्पा-चप्पा पर पुलिस तैनात हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड स्टार्स को भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं.

## सलमान खान

सलमान खान को भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं. राजस्थान के गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान को जान से मारने की धमकी दी है. एक बार तो सलमान के घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी. जिसके बाद से सलमान की सुरक्षा को और भी बढ़ा दिया गया. इतना ही सलमान के पिता सलिम खान को भी धमकियां मिल चुकी है. फिलहाल सलमान खान के घर के बार सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है साथ ही मुंबई पुलिस ने उन्हें घर के अंदर रहने की सलाह दी है.

## शाहरुख खान

बादशाह शाहरुख खान को भी जान से मारने की कई बार धमकियां मिल चुकी है. शाहरुख खान को अंडरवर्ल्ड की तरफ से ये धमकी मिली थी. एक्टर पर लगातार अंडरवर्ल्ड के साथ काम करने और साथ ही फिल्मों की कमाई से हिस्सा देने की मांग की जा रही थी. यह भी मामला उन दिनों काफी सुर्खियों में बना था.

## आमिर खान

सत्यमेव जयते की शूटिंग के समय आमिर खान को भी धमकी मिल चुकी है. जिसे देखते हुए आमिर ने खुद की सेफ्टी के लिए बुलेट प्रूफ कार खरीदी थी. यह भी केस उस समय काफी छाया हुआ था.

## राकेश रोशन

बॉलीवुड फिल्म मेकर राकेश रोशन को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. इतना ही नहीं राकेश रोशन को धमकी के साथ-साथ कई बार उनपर गोलियों भी चलाई गई थी. जिनमें से एक बार तो राकेश रोशन के हाथ में गोली लग गई थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था.

## महेश भट्ट

फिल्म मेकर महेश भट्ट को भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 12-13 लोगों के एक ग्रुप ने महेश भट्ट पर हमला करने की प्लानिंग की थी. हालांकि मुंबई पुलिस ने अंडरवर्ल्ड की इस साजिश को नाकामयाब कर दिया था. लेकिन यह मामला भी काफी सुर्खियों में बना था.

## संजय दत्त

अभिनेत्रा संजय दत्त को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. क्योंकि संजय दत्त की दोस्ती अंडरवर्ल्ड के साथ काफी अच्छी है. लेकिन बीच में खबर आने लगी थी कि दाऊद इब्राहिम और अबू सलेम की तरफ से उन्हें धमकियां दी जाती थी.

## अक्षय कुमार

अक्षय कुमार को भी गैंगस्टर रवि पुजारा की तरफ से धमकी मिल चुकी है. मीडिया रिपोर्ट की माने तो जब अक्षय कुमार ने काम करने वाले नौकर को काम पर से निकाल दिया था तब गैंगस्टर ने अक्षय को फोन कर बोला था कि नौकर को काम से हटाकर अच्छा नहीं किया है. यह केस भी उन दिनों काफी ट्रेंड में था.



# जन्नत जुबैर के इस पोस्ट पर थम गई निगाहें



## टीवी और फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस जन्नत

साल 2001 में जन्मीं जन्नत टीवी और फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं। उन्हें काशी, फुलवा और तू आशिकी में दमदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। वो 2022 में खतरों के खिलाड़ी 12 में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं।

टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर अपने चाहने वालों के लिए ऐसे पोस्ट शेयर करती हैं कि हर कोई दिल थामकर देखता रहता है। उनके हालिया पोस्ट को देख हर किसी की निगाहें थम गईं। फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, लेकिन कुछ यूजर्स हैं, जो ताना मार रहे हैं और उन्हें उर्फी जावेद की छोटी बहन बता रहे हैं।

जन्नत के पोस्ट पर जैस्मीन भसीन ने कॉमेंट किया, बहुत प्रिटी। पर कुछ यूजर्स उन्हें ताने मार रहे हैं। एक ने लिखा, उर्फी जावेद की छोटी बहन। तो दूसरे ने कॉमेंट किया, मुस्लिम नाम पर कलंक। कई उन्हें छपरी बोल रहे हैं तो भद्दी बातें बोल रहा है। जन्नत को बीते दिनों लाफ्टर शेफ्स शो में देखा जा रहा था। उनकी जोड़ी उनकी दोस्त रीम शेख के साथ बनी थी। इस शो में ऐसी 6 जोड़ियां थीं। अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक, निया शर्मा-सुदेश लहरी, राहुल वैद्य-अली गोनी, अर्जुन बिजलानी-करण कुंद्रा। होस्ट भारती सिंह और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी।

## जल्द आएगा शो का दूसरा सीजन

बताया जा रहा है कि लाफ्टर शेफ्स को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया, इसलिए इसका दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। हालांकि, अभी इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है।



# करण जौहर ने दिव्या खोसला को कहा मूर्ख

**आलिया** भट्ट स्टारर फिल्म जिगरा रिलीज होने के बाद से ही करण जौहर और दिव्या खोसला कुमार के बीच बहस जारी है। दरअसल, दिव्या का आरोप है कि करण जौहर ने उनकी फिल्म सावी को कॉपी कर जिगरा बनाई है। स्क्रिप्ट चुराने के आरोप लगाने के बाद दिव्या ने हाल ही में जिगरा के खाली थिएटर्स की तस्वीरें शेयर कर कहा था कि आलिया ने अपनी फिल्म की टिकटें खरीदीं और फेक कलेक्शन अनाउंस करवाया है। इसके बाद करण जौहर ने एक पोस्ट शेयर कर दिव्या का नाम लिए बिना उन्हें मूर्ख कहा है।

दिव्या ने बीते दिन पोस्ट में लिखा था, 'जिगरा देखने सिटी मॉल के पीवीआर गई थी, थिएटर पूरी तरह खाली था। बल्कि हर जगह सभी थिएटर्स खाली जा रहे हैं। आलिया भट्ट में सच में बहुत जिगरा है, खुद ही टिकट खरीदे और फेक कलेक्शन अनाउंस कर दिए। मैं हैरान हूं कि आखिर पेड मीडिया चुप क्यों है? जनता को उल्लू नहीं बनाना चाहिए। झूठ के ऊपर सच है।

इसके जवाब में करण जौहर ने बिना नाम लिए लिखा है, बेवकूफों के लिए खामोश रहना ही सबसे बेहतरीन जवाब है। दिव्या खोसला ने करण की पोस्ट सामने आने के बाद जवाब में लिखा है, सच्चाई हमेशा इसके खिलाफ खड़े मूर्खों को भड़का देती है। अगली पोस्ट में उन्होंने लिखा, जब आप बेशर्मी से दूसरों की चीजों पर हक जमाते हुए उसे चुराते हैं, तो आपको चुप रहकर ही बचना पड़ेगा। आपकी कोई आवाज और रीढ़ की हड्डी नहीं होती।

### क्या है पूरा मुद्दा?

31 मई 2024 को दिव्या खोसला कुमार की फिल्म सावी रिलीज हुई थी। फिल्म में एक बहन की कहानी थी, जो अपने भाई को बचाने की जद्दोजहद करती है। हाल ही में 11 अक्टूबर को आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर फिल्म जिगरा रिलीज हुई है, जिसकी स्टोरीलाइन सावी से एकदम मेल खाती है। जिगरा का ट्रेलर आने के बाद से ही दिव्या की टीम, जिगरा मेकर्स पर सावी की कहानी चोरी करने का आरोप लगा रही है। उनकी पीआर टीम ने एक नोट शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। एक्ट्रेस का आरोप है कि, आलिया ने उनकी फिल्म की स्क्रिप्ट चुराई और फिर डायरेक्टर वासन बाला के साथ मिलकर उसमें बदलाव करके 'जिगरा' नाम से रिलीज कर दिया।

# डायरेक्टर राज शांडिल्य ने मैडॉक से मांगी माफी



राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। हालांकि, इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर राज शांडिल्य को मैडॉक फिल्म्स से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल राज ने मैडॉक फिल्म्स की फिल्म 'स्त्री' के किरदार और डायलॉग बिना इजाजत अपनी फिल्म 'विक्की विद्या..' में यूज किए थे। राज ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए अपनी फिल्म से ऐसे सीन हटाने की बात भी कही है। राज ने एक पोस्ट में लिखा, 'मैं राज शांडिल्य, फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का डायरेक्टर अपनी और हमारी फिल्म के मेकर्स की ओर से, मैडॉक फिल्म्स की फ्रेंचाइजी 'स्त्री' के कैरेक्टर और डायलॉग्स अपनी फिल्म में बिना इजाजत इस्तेमाल करने के लिए ईमानदारी से माफी मांगता हूं। इस उल्लंघन की वजह से मैडॉक फिल्म्स और उनकी फ्रेंचाइजी को जो भी नुकसान हुआ उसके लिए हमें गहरा खेद है।'

### कपिल शर्मा शो में करीना ने किया खुलासा

# करिश्मा से जलते हैं सैफ

हाल ही में कपूर सिस्टर्स करीना और करिश्मा द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का हिस्सा बनी हैं। शो में दोनों ने पर्सनल लाइफ और इक्वेशन पर मजेदार बातचीत की है। हाल ही में शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें करीना ने ये दावा किया है कि उनके पति सैफ अली खान, बहन करिश्मा से जलते हैं।

बातचीत के दौरान कपिल शर्मा ने कपूर सिस्टर्स से पूछा था कि क्या वो हर हफ्ते मिलते हैं। इस पर करीना ने कहा है कि अगर वो शूट नहीं करती तो रोज करिश्मा से मिलती हैं। आगे करीना ने कहा है, मेरे पति सबसे ज्यादा लोलो (करिश्मा) से जलते हैं। वो हमेशा कहते हैं कि तुम मुझसे भी ज्यादा लोलो से बातें करती हो। मुझे ऐसा लगता है कि तुम मेरे साथ नहीं लोलो के साथ ही रहती हो।

आगे करीना ने कहा है, हम बहुत क्लोज हैं। हम दिन में कम से कम 3-4 बार कॉल पर बात करते हैं। मैं पेरेंट्स के बारे में या कुछ भी हो जाए, हर बात उससे शेयर करती हूं। इस पर करिश्मा ने कहा है कि हम बच्चों के बारे में,



कुक के बारे में हर बात करते हैं। हमारी बात सुबह शुरू होती है और रात होने तक खत्म होती है। शो में करिश्मा ने बताया है कि जिस समय करीना ने उन्हें अपने और सैफ के रिश्ते के बारे में बताया तब वो लंदन में थीं। दोनों की डेटिंग की खबर सुनकर करिश्मा कपूर शॉक हो गई थीं। शो में कपिल शर्मा ने करीना से करिश्मा से जुड़े कुछ सवाल किए थे। उन्होंने करीना से पूछा कि करिश्मा की वो कौन सी फिल्म है जो उन्हें नापसंद है। इस पर करीना ने मैदान-ए-जंग का नाम लिया। आगे जब उनसे पूछा गया कि करिश्मा का पहला सेलिब्रिटी क्रश कौन था, तो जवाब में करीना ने सलमान खान का नाम लिया।

### करिश्मा कपूर के को-स्टार रह चुके हैं सैफ अली खान

बताते चलें करिश्मा कपूर और सैफ अली खान एक समय में ऑन-स्क्रीन जोड़ी बनकर काम कर चुके हैं। दोनों को 1999 की फिल्म हम साथ-साथ हैं में साथ देखा गया था, जिसमें उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था।

# मल्लिका शेरावत का कैलिफोर्निया वाला घर किसी सपने से कम नहीं!


### कई सारे स्विमिंग पूल, जिम और बाहर सुंदर सी झोपड़ी





मल्लिका शेरावत लंबे समय के बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं। उनके बारे में लंबे समय से बातें नहीं हुई हैं लेकिन अब लोग काफी कुछ जानना चाहते हैं। मल्लिका के कैलिफोर्निया वाले घर पर अगर आपकी नजर नहीं पड़ी तो ये फोटोज जरूर देखिए। मल्लिका शेरावत ने 2002 में फिल्म जीना सिर्फ मेरे लिए से फिल्मों में कदम रखा। हालांकि, 2004 की फिल्म मर्डर से उन्हें काफी पहचान मिली और वह अपने करियर में एक के बाद एक फिल्मों में काम करती गईं। बाद में वो अमेरिका चली गईं और अब हम आपको उनके अमेरिका वाले घर की फोटोज दिखा रहे हैं, जो किसी के भी सपनों का घर हो सकता है।

# शादी के 2 साल बाद फिर दूल्हा बने रणबीर



राहा के पापा रणबीर कपूर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर छा गए हैं. इस समय फैंस के बीच रणबीर कपूर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रणबीर कपूर दूल्हे के लिबास में नजर आ रहे हैं. रणबीर कपूर बॉलीवुड के जानेमाने डिजाइनर तरुण तहिलियानी के फैशन शो का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली पहुंचे थे. यहां पर रणबीर कपूर ने शोजटॉपर बनकर धमाकेदार एंट्री मारी. इस दौरान रणबीर कपूर दूल्हा बनकर सफेद गाड़ी की सवारी करते नजर आए. वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर तरुण तहिलियानी के साथ नजर आ रहे हैं. वीडियो में रणबीर कपूर सफेद रंग की शेरवानी पहने दिख रहे हैं. जिसके साथ रणबीर कपूर ने सफेद रंग की खूबसूरत पगड़ी पहनी है. रणबीर कपूर की मोजड़ी ने तो उनके लुक पर चार चांद ही लगा दिए. अब रणबीर कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है. लोग सोशल मीडिया पर लगातार रणबीर कपूर के लुक की तारीफ कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि रणबीर कपूर का मुकाबली कोई नहीं कर सकता. रणबीर कपूर को लेग बेस्ट शोज टॉपर बता रहे हैं. बता दें इन दिनों फिल्म रणबीर कपूर लगातार फिल्म धूम 4 की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं. कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि रणबीर कपूर यशराज फिल्म्स की इस हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने वाले हैं.

# हम कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं होना चाहते, न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले बोले रोहित

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि टीम के पास बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है और वह तेज गेंदबाजी में भी इसी तरह का समूह बनाना चाहते हैं जिससे कि चोटों का टीम के संतुलन पर असर नहीं पड़े। रोहित की यह टिप्पणी उस समय आई है जब सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चोट से उबरने में अधिक समय लग रहा है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के कंधे में भी चोट लगी है जिन्हें जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था।

रोहित ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, 'जब बल्लेबाजी की बात आती है तो बहुत सारे विकल्प हैं। हम गेंदबाजी में भी यही करना चाहते हैं। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं जहां अगर कल किसी को कुछ भी होता है तो हमें चिंता नहीं हो।' उन्होंने कहा, 'हम कुछ खिलाड़ियों पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहते। ऐसा करना सही नहीं है। हम भविष्य को देखते हुए यह सुनिश्चित करने की कोशिश करना चाहते हैं कि हमें सही खिलाड़ी मिलें।'

यही कारण है कि भारत द्वारा तेज गेंदबाजों मयंक यादव, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए रिजर्व के रूप में चुना जाना आश्चर्य की बात नहीं थी। हालांकि प्रसिद्ध की टीम के साथ यात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से फिटनेस स्वीकृति मिलने पर निर्भर है क्योंकि उन्हें इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक के शुरुआती रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान चोट लग गई थी। रोहित ने साथ ही बताया कि भारतीय थिंक टैंक क्यों चाहता था कि ये युवा तेज गेंदबाज सीनियर टीम के साथ रहें।

उन्होंने कहा, 'तो कल अगर हमें लगता है कि वे उस भूमिका (घायल तेज गेंदबाज की जगह) को निभाने के लिए तैयार हैं तो उन्हें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। बेशक उन्होंने हमारी घोषणा से पहले कुछ मैच खेले हैं।' रोहित ने कहा, 'उन्होंने दलीप ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी भी खेली है। इसलिए हम बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन पर अच्छी तरह से नजर रखी जाए। उनके काम के बोझ का ध्यान रखा जाए।' रोहित ने कहा कि ऐसा कदम उठाना जरूरी है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट सफेद गेंद के प्रारूपों की तुलना में बिलकुल अलग खेल है और गेंदबाजों को इससे सामंजस्य बैठाने में समय लगता है।




## टेस्ट क्रिकेट हमेशा अनुकूलनशीलता के बारे में है, यह खेल का शिखर है: अश्विन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती को फिर से परिभाषित करते हुए इसे खेल का शिखर बताया। उन्होंने सोशल मीडिया एक वीडियो में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व बेंगलुरु में टीम इंडिया के अभ्यास सत्र की झलक दिखाई गई, जिसमें अश्विन की आवाज भी है। स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में, हर रोज खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुकूल होने और नई रणनीति और दृष्टिकोण के साथ आने की जरूरत होती है।

अश्विन ने वीडियो में कहा, 'देखिए, टेस्ट क्रिकेट हमेशा अनुकूलनशीलता के बारे में है, है न? आप दिन 5 की शुरुआत वैसे नहीं कर सकते जैसे आपने दिन 1 की शुरुआत की थी। हर दिन आपको परिस्थितियों के अनुकूल होने में सक्षम होने की जरूरत होती है। इसलिए वे कहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट इस विशेष खेल का शिखर है।'

पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 की क्लीन-स्वीप में अपने प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रदर्शन के बाद अश्विन के नाम 527 टेस्ट विकेट हैं। वह बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में वापसी करेंगे, जिसका पहला मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार 2021-22 में दो मैचों की सीरीज के लिए भारत का दौरा किया था, जिसे मेजबान टीम ने 1-0 से जीता था।

भारत वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जबकि 2021 में खिताब जीतने वाली न्यूजीलैंड छठे स्थान पर है। रोहित शर्मा की टीम नवंबर-जनवरी में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के महत्वपूर्ण दौरे से पहले डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी।

## बाबर , शाहीन का मजाक बना रहे पाक प्रशंसक

**लाहौर (एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट में आजकल उथल पुथल मची हुई है। टीम की बांग्लादेश के बाद इंग्लैंड के खिलाफ हार से दिग्गज और प्रशंसक भड़के हुए हैं। इसी को देखते हुए चयन समिति के साथ ही अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम तक को बाहर कर दिया गया है। बाबर के अलावा मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को भी बाहर होना पड़ा है। कुल मिलाकर 4 प्रमुख खिलाड़ियों को बाहर किया गया है। वहीं इस कारण कई नये खिलाड़ियों को अवसर मिले हैं। अब लोग अनुभवी खिलाड़ियों का मजाक बनाते हुए कह रहे हैं कि ये शायद मोहल्लों में बच्चों के साथ खेलते हुए दिखेंगे।

एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, ' अब ये लोग मोहल्लों के बच्चों के के साथ खेलेंगे। ' वहीं एक अन्य यूजर ने तंज कसा कि दिलों का दर्द कम हो जाता अगर जिम्बाब्वे के साथ एक दो सीरीज हो जाती।'एक अन्य यूजर ने



लिखा, पाक क्रिकेट बर्बाद हो रहा है तो तीसरे ने लिखा, इन सबको निकालकर जो बदलाव होगा वह कितना सफल रहेगा। इसी कई लोग हैं जो इन खिलाड़ियों के बाहर किए जाने से नाराज जिकि कई तो बोर्ड पर भड़के हुए हैं। इन लोगों का कहना है कि इससे टीम बेहतर नहीं होगी।

बाहर किये गये खिलाड़ियों का हाल में प्रदर्शन खराब रहा है। वहीं पीसीबी चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद ने कहा कि हमने बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और सरफराज अहमद और नसीम शाह को आराम दिया है जिससे ये तरोताजा हो सकें।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम जीत की लय बरकारार रखने उतरेगी

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार से यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेहमान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने इससे पहले बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज में जीत के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशित (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना रहेगा। इस मैच में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के अलवा युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे।

शुभमन ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि यशस्वी ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं। अब उनके लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ इस लय को कायम रखकर आगे जाना रहेगा। शुभमन ने पिछले कुछ समय में तेज गेंदबाजों की अंदर आती गेंदों का सामना करना सीख लिया है। वह बांग्लादेश के खिलाफ सीरी में तेज गेंदबाज हसन महमूद की गेंद पर परेशान रहे थे।

वहीं यशस्वी भी तेज गेंदबाजों पर आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। वह अब तक 20 पारियों में 12 बार तेज गेंदबाजों का शिकार बने हैं। ऐसे में इस सीरीज में उन्हें इस कमजोरी से निजात पानी होगी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के पास मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी तेज तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में शुभमन और यशस्वी की राह आसान नहीं रहेगी।

कप्तान रोहित ने इस साल 15 टेस्ट पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया पर पिछली 13 पारियों में 497 रन ही बना सके हैं। इसक अलावा विराट ने इस साल छह पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगाया है ,ऐसे में उन्हें अब रन बनाने होंगे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 46 और बांग्लादेश के खिलाफ 47 रन की पारियां खेली। उन्हें न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनरों ऐजाज पटेल और रचिन रविंद्र से सावधान रहना होगा। इन दोनो ने पहले भी देखा जाये तो मेहमान टीम न्यूजीलैंड की मुश्किलें भी कम नहीं हैं। हाल में उसे श्रीलंका ने 2-0 से हराया है। इस दौरान उसके बल्लेबाज



और गेंदबाज विफल रहे थे। उसके कोच ने भी माना है कि मुख्य तेज गेंदबाज टिम साउदी भी फार्म में नहीं हैं। ऐसे में उसके लिए भारतीय स्पिनरों आर अश्विन और रविंद्र जडेजा का सामना करना और भी कठिन रहेगा। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मददगार रहती है और ऐसे में अश्विन और जडेजा अपनी फिरकी में उन्हें फंसा सकते हैं। इनके अलावा तेज जसप्रीत बुमराह भी फॉर्म में हैं जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट में ही 11 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी हालांकि पांचवें गेंदबाज पर फैसला लेने से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को काफी विचार करना होगा।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 9000 रन पूरे कर सकते हैं विराट, 53 रनों की है जरुरत

बेंगलुरु ।भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार से यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु हो रहे पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं ।विराट के पास इस मैच में अपने 9000 रनों को पूरा करने का अवसर है । इसके लिए उन्हें केवल 53 रनों की जरूरत है । विराट हालांकि पिछली आठ पारियों में केवल एक अर्धशतक बना पाये हैं पर प्रशंसकों को उनसे इस मैच में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं । विराट ने ये अर्धशतक साल 2023 में दक्षिय अफ्रीका के खिलाफ लगाया था । भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला पिछले कुछ मैचों से शांत रहा है । विराट के अभी 8947 रन हैं । अगर वह 53 रन बनाकर 9000 रन पूरे करते हैं तो ऐसा करने चौथे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे । विराट से पहले ये उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के नाम है । वह टेस्ट में नौ हजार रन या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज भी बन जाएंगे । विराट कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 115 मैच खेलते हुए 8947 बनाए हैं ।इसमें 29 शतक और सात दोहरे शतक शामिल है । कोहली ने 30 अर्धशतक भी लगाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 254 है ।



## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वालों में एक भारतीय भी शामिल

दुबई ।क्रिकेट में कई रिकार्ड बनते रहे हैं ।ये रिकार्ड इसने बड़े स्तर के हैं कि इनका टूटना निकट भविष्य में संभव नजर नहीं आता है । इसी कड़ी में पांच गेंदबाज ऐसे हैं जिन्होंने सबसे अधिक विकेट के रिकार्ड बनाये हैं ।इसमें श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन जैसे गेंदबाज हैं । इस सूची में एकमात्र भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले हैं । कुंबले ने अपने करियर में कुल 956 विकेट लिए हैं ।वहीं सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड मुरलीधरन के नाम है ।मुरलीधरन ने अपने करियर में कुल 1347 विकेट लिए हैं ।इस दौरान उन्होंने कुल 593 पारी खेली हैं । सबसे अधिक विकेट उन्होंने टेस्ट करियर में लिए थे । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज दिवंगत शेन वॉर्न हैं । वॉर्न ने अपने करियर में कुल 1001 विकेट लिए । इस दौरान उन्होंने कुल 464 पारियां खेली थीं। उन्होंने भी सबसे अधिक विकेट टेस्ट करियर में ही लिए । वॉर्न कार साल 2021 में निधन हो गया था। तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन हैं. जिन्होंने हाल में ही संन्यास की घोषणा की है। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 560 इनिंग्स खेली थी. जिसमें उन्होंने कुल 991 विकेट लिए थे । चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले हैं । कुंबले ने 501 मैचों में कुल 956 विकेट अपने नाम किए थे । उन्होनें टेस्ट पारी में 10 विकेट लेने का भी कारनामा किया है. यह कारनामा उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ किया था. इस लिस्ट में पांचवे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा हैं। साल 2007 में संन्यास लेने वाले मैकग्रा ने अपने देश के लिए तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 493 पारियां खेली थी । इस दौरान उन्होंने 949 विकेट अपने नाम किए थे ।



## एचआईएल 2024: भारतीय कप्तान से ज्यादा ये खिलाड़ी बिके महंगे , नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला हॉकी इंडिया लीग पहली बार आयोजित हो रही है। इसका आयोजन बुधवार को दिल्ली में हुआ। इस ऑक्शन में भारतीय खिलाड़ियों के लिए टीमों ने जमकर पैसा लुटाया। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे, युवा खिलाड़ी उदिता दुहान, लारेमसियामी हमरजोटे और पूर्व कप्तान सविता पूनिया जैसे नाम महंगे साबित हुए। हालांकि, कप्तान सलीमा टेटे से ज्यादा जूनियर खिलाड़ियों पर पैसा बरसा।

सभी टीमों के पास दो करोड़ रुपये का पर्स था जिसमें से उन्हें 24 खिलाड़ी खरीदने थे। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे को सूरमा हॉकी क्लब ने 20 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद महिला टीम की कप्तान भी पंजाब के ही हिस्सा आईं। वहीं दिन की सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं डिफेंडर उदिता दुहान जिनके लिए कई टीमों के बीच लड़ाई देखने को मिली। आखिर में सूरमा और बंगाल के बीच बीडिंग की लंबी लड़ाई चली और दुहान को बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा। हालांकि, ये पुरुष लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी की आधे से भी कम रकम है।



## एचआईएल नीलामी : के दूसरे दिन बेल्जियम के विक्टर वेगनेज सबसे महंगे खिलाड़ी रहे



नई दिल्ली। बेल्जियम के मिडफील्डर विक्टर वेग्नेज हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के खिलाड़ियों की नीलामी के दूसरे दिन सोमवार को सबसे महंगे खिलाड़ी रहे ।वेग्नेज को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख रुपये में खरीदा ।नीलामी के दूसरे दिन बड़ी रकम हासिल करने वालों में नीदरलैंड के थिएरी ब्रिंकमैन (38 लाख रुपए) और आर्थर वान डोरेन (32 लाख रुपए) भी शामिल है ।इन दोनों के लिए कलिंगा लांसर्स ने बड़ी बोली लगाई । टॉमस डोमिन (दिल्ली एसजी पाइपर्स के लिए 36 लाख रुपए में), ऑस्ट्रेलिया के अरन जालेवस्की (कलिंगा लांसर्स के लिए 27 लाख रुपये में) और ब्लेक गोवर्स (तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए 27 लाख रुपए में) पर फ्रेंचाइजी टीमों ने ने बड़ी रकम खर्च की । मोरियांगथेम रबीचंद्र (कलिंगा लांसर्स के लिए 32 लाख रुपए में) और मोहम्मद राहिल मौसीन (तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए 25 लाख रुपए में) जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी अच्छी रकम मिली ।

## न्यूजीलैंड को झटका , सियर्स भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

### -अनकैप्ड गेंदबाज जैकब डफी शामिल

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ बुधवार से शुरु हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही करारा झटका लगा है। उसके तेज गेंदबाज बेन सियर्स घुटने में चोट के कारण सीरीज से भी बाहर हो गये हैं। उनकी जगह पर अनकैप्ड गेंदबाज जैकब डफी को टीम में जगह दी गयी है। सियर्स को श्रीलंका में हाल ही में टेस्ट सीरीज के लिए ट्रेनिंग के दौरान बाएं घुटने में दर्द उठा था। इसके लिए पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में उनका स्कैन भी हुआ था। इसी को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, सियर्स के स्कैन में मेनिस्कस में चोट पाये जाने के बाद वह भारत दौरे पर नहीं भेजे गये हैं। पहले उम्मीद थी कि वह ठीक हो जाएंगे पर चिकित्सा सलाह के बाद उन्हें सीरीज से बाहर किये जाने पर फैसला हुआ है। वहीं मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, इस क्रिकेटर का बाहर होना निराशाजनक है। सियर्स ने घरेलू मैदान पर गर्मियों के दौरान अपने टेस्ट करियर की अच्छी शुरुआत की और एक वास्तविक तेज गेंदबाजी विकल्प दिया है। अब यह देखना बाकी है कि वह कब वापसी कर पाते हैं। हमें उम्मीद है कि वह शीघ्र ही इस चोट से उबर जाएंगे। डफी सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए छह एकदिवसीय और 14 टी20 मैच खेले हैं और अभी उनके नाम 299 प्रथम श्रेणी विकेट हैं। स्टीड ने कहा, सियर्स की जगह शामिल डफी के लिए यह अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है। हमें तीन टेस्ट मैच खेलने हैं, इसलिए उनके पास टेस्ट डेब्यू करने का अच्छा अवसर है। काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेलने के जैकब के हालिया अनुभव ने निश्चित रूप से उनकी जगह पक्की कर दी है। टीम के लिए सफेद गेंद क्रिकेट में उनका प्रदर्शन हमेशा प्रभावशाली रहा है और हमें विश्वास है कि अगर उन्हें बुलाया गया तो वे योगदान दे पाएंगे।




## महिला टी20 विश्वकप : भारतीय महिला टीम का सफर फिर निराशाजनक रहा

दुबई ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप से बाहर हो गयी है ।भारतीय टीम की उम्मीदें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ ही समाप्त हो गयीं थीं ।इसके बाद बची हुई उम्मीदें पाकिस्तान की न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार से समाप्त हो गयीं ।पाक के साथ ही भारतीय टीम भी महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गयी । यह आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप का नौवां सत्र था जिसमें भारतीय टीम एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी ।भारतीय टीम ने साल 2020 में फाइनल खेला था। भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप में ग्रुप ए में थी । इस ग्रुप में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें भी थीं । इसमें भारतीय टीम का भारत का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड से हुआ था । भारतीय टीम को इस मुकाबले में 58 रन से हार झेलनी पड़ी थी। भारतीय महिला टीम का दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से हुआ था । इसमें भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल की थी । भारतीय महिलाओं ने इसके बाद श्रीलंका को भी आसानी से हरा दिया था। भारत ने यह मैच रिकॉर्ड 82 रन से जीता. यह टूर्नामेंट में भारत की सबसे बड़ी जीत थी । भारत का आखिरी ग्रुप मैच ऑस्ट्रेलिया से हुआ। ऑस्ट्रेलिया अपने पहले तीन मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गया था। भारत के खिलाफ भी ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त खेल देखाकर 9 रन से जीत दर्ज की. भारत को इस मुकाबले को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 14 रन बनाने थे और उसके 5 विकेट बाकी थे । इसके बाद भी भारतीय टीम दबाव में 9 रन नहीं बना सकी थी । भारतीय टीम इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमेशा ही हारती रही है ।



# मिताली राज का टीम इंडिया पर बड़ा हमला- 3 साल में कोई सुधार नहीं हुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले 3 वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। इसके साथ ही कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।

बहरहाल, मिताली ने कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है। मेरा मतलब है कि सर्वश्रेष्ठ टीम को हराने के लिए आप हमेशा तैयारी करते हैं। ऐसा लगता है कि हम अन्य टीमों को हरा रहे हैं और हम इससे काफी खुश हैं। मिताली ने कहा कि इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को अनुकूल परिस्थितियों में मिली हार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारी खिलाड़ियों ने धीमी विकेटों से सामंजस्य बैठाने में समय लिया जबकि न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ऐसा करने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि 'हैरानी की बात यह है कि हमें विकेट की धीमी गति से तालमेल बैठाने में समय लगा। वनडे विश्व कप के विपरीत यह एक छोटा टूर्नामेंट है। आपके पास परिस्थितियों से तालमेल बैठाने के लिए ज्यादा समय नहीं होता है। सोफी डिवाइन जैसी खिलाड़ी हमारे खिलाफ इतने रन बनाने में सक्षम थी और वह धीमी पिचों पर खेलने की आदी नहीं है।



## गुजरात में 'शुद्धिकरण', दिल्ली में सप्लाई, 5000 करोड़ की कोकीन बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति करने से पहले शुद्धिकरण के लिए दक्षिण अमेरिकी देशों से लगभग 1,300 किलोग्राम दवाएं गुजरात की एक दवा कंपनी में लाई गईं थीं। दिल्ली और गुजरात में नशीली दवाओं के सिलसिलेवार भंडाफोड़ के बीच यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक गुजरात और दिल्ली से 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें नवीनतम कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी है, जिसकी कीमत लगभग 5000 करोड़ रुपये है। यह बरामदगी गुजरात और दिल्ली पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद की गई, इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई बरामदगी दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ी है। गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से कोकीन की ताजा बरामदगी के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि दिल्ली भेजे जाने से पहले खेप को रसायनों के साथ मिलाकर परिष्कृत किया गया था। गुजरात से गिरफ्तार आरोपियों में विजय भेसनिया, अश्वनी रमानी और ब्रिजेश कोठिया शामिल हैं, जो अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के सह-मालिक हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाकी दोनों में से मयूर देसाले कंपनी में उत्पादन का काम देख रहे थे, जबकि अमित ने मुख्य आपूर्तिकर्ताओं और दवा कंपनी के मालिकों के बीच मध्यस्थता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## राजस्थान में डेंगू से अब तक 6 मौंते... दहशत में लोग

जयपुर। राजस्थान में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस साल डेंगू से छह लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 साल का लड़का भी शामिल है। 14 साल के गिरिराज को अलवर के एक अस्पताल में तेज बुखार के साथ भर्ती किया गया था। मरीज में डेंगू की पुष्टि की गई। हालांकि, दो दिन के उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और अस्?पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, सोमवार को मरीज की हालत फिर बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी मिली है कि डेंगू से मरने वाला गिरिराज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। अब तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में डेंगू से 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें एक आरएएस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक नर्सिंग छात्रा और एक व्यापारी शामिल हैं। उदयपुर में आरएएस अधिकारी तारू सुराणा की करीब 17 दिन तक डेंगू का इलाज चलने के बाद 5 अक्टूबर को मौत हो गई।

## बहराइच हिंसा : मृतक के परिजन चाहते हैं सीएम योगी करें इंसाफ, हमें न्याय चाहिए


लखनऊ। बहराइच हिंसा में मारे गए शख्स के परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से आरोपियों का एनकाउंटर करने की बात कही। मृतक की पत्नी ने कहा कि जैसे मेरे पति को मारा, वैसे ही उन्हें भी मारा जाए। जब उनसे पूछा गया कि क्या सीएम योगी से न्याय मिलेगा तो उन्होंने कहा कि ये तो हमें जाकर ही पता चलेगा कि न्याय करते हैं या नहीं। हमें तो खून के बदले खून चाहिए। वहीं जब उनसे पूछा गया कि पुलिस ने जो कार्रवाई की है, आप उससे संतुष्ट हैं या नहीं तो इस पर मृतक की पत्नी ने कहा कि हम पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। जब तक उन लोगों को सजा नहीं मिलती, हम संतुष्ट नहीं होंगे। वहीं परिवार के एक सदस्य ने कहा कि हमें न्याय मिलना चाहिए। हमने देखा कि उसकी हालत क्या थी। उस दौरान मेरे साथ कोई और नहीं था। न पुलिस और न ही कोई और। पूरी लापरवाही पुलिस की रही। उन्होंने आगे पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन और एसओ की लापरवाही नहीं होती तो कुछ नहीं होता। अगर लाठीचार्ज नहीं होता तो कुछ नहीं होता। हम गिरफ्तारी से संतुष्ट नहीं है। हमें उसका एनकाउंटर चाहिए। मृतक की मां ने कहा कि मेरा बेटा तो चला गया, अब हम क्या करेंगे। हमें बस न्याय मिलना चाहिए। वहीं मृतक के भाई ने कहा कि सीएम योगी से मिलने जा रहे हैं, उनको पूरी बात बताएंगे। हम पुलिस की कार्रवाई से खुश नहीं हैं। पुलिसवालों की लापरवाही का ही ये नतीजा है। मै वहीं मौजूद था जब हत्या हुई थी। हमें न्याच चाहिए।

## इस साल शरद पूर्णिमा पर धुव्र योग में चंद्रमा से अमृत वर्षा



नई दिल्ली। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा होती है। शरद पूर्णिमा व्रत को कौमुदी व्रत, कोजागरी व्रत और रास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन चांद अपनी पूरी 16 कलाओं से युक्त होता है। मान्यता है कि इस चंद्रमा की चांदनी अमृत से युक्त होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन मां लक्ष्मी रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन जाग रहा है। जो जाग रहा होता है, उन्हें मां सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। इस साल शरद पूर्णिमा पर ध्रुव योग में चंद्रमा से अमृत वर्षा होगी। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 16 को रात 08-40 बजे पर होगा। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि का समापन 17 अक्टूबर को शाम 04-55 बजे पर होगा। इस दिन चंद्रमा के निकलने का समय शाम 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। शरद पूर्णिमा पर ध्रुव योग के साथ उत्तराभाद्र और रेवती नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस दिन चंद्रमा मीन राशि में रहेंगे। इस दिन रात में गाय के दूध की खीर बनाकर अर्द्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर खीर को चांदनी रात में रखा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत प्राप्त होता है। आधी रात में चंद्रमा को भी अर्घ्य देना चाहिए। पूर्णिमा की चांदनी औषधि गुणों से युक्त होती है। इसमें रखी खीर का सेवन करने से चंद्र ग्रह संबंधी दोष जैसे कफ सर्दी छाती के रोग, मानसिक कष्ट या डिप्रेशन की समस्या और हार्मोनल संबंधी बीमारी में लाभकारी है।

# राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना रडार स्टेशन की रखी आधारशिला, कही ये बड़ी बात




**हैदराबाद (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था।

इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं, इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो, यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नज़र में, इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है।

राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है। और इस प्रकार के संचार के लिए ऐसे केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की आज जन्म जयंती भी है। डॉ. कलाम ने भारत के डिफ़ेन्स सेक्टर में जो महान योगदान किया है उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इतिहास भी इस बात का गवाह है, कि जिस भी देश ने दुनिया मेंअपनी विशेष पहचान बनाई, जो शक्तिशाली बने, उन्होंने एक समय में समुद्र पर हावी होना जरूर किया। फ्रांसीसियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों ने समुद्र में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। इस रणनीतिक प्रभुत्व, तथा, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा में, अगर भारत को अपना ब्याज सुरक्षित करना है, तो हमारे पास प्लेटफार्म और उपकरण का होना तो जरूरी है ही, उसके साथ-साथ एक संचार प्रणाली का मज़बूत होना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय नौसेना को, लगातार और भी ज्यादा मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, तथा उसके लिए जो भी आवश्यक कदम है, वह उठाने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक इस प्रोजेक्ट की बात है, तो चाहे इसके निर्माण की बात हो, या फिर इस प्रोजेक्ट के निर्माण के बाद, इसके प्रोजेक्ट की बातहो, हर क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थितियाँ का पूरा ध्यान रखा गया है। हमने इस बात का भी ध्यान रखा है, कि इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण के समय, अगर कहीं जरूरत हुई तो, प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास की भी व्यवस्था सुनिश्चित करना की जाएगी।

## लगा पटाखे फूट रहे हैं, तभी लोग चिल्लाने लगे फायरिंग हुई, फायरिंग हुई

### -बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में घायल बोला-ऐसा लगा कोई पटाखा पैर के पास फूटा

मुंबई। बाबा सिद्दीकी हत्?याकांड के दौरान ही पैर में गोली लगने से घायल हुए युवक राज कनौजिया की स्थिति खतरे से बाहर है। उसने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जताया और वारदात के बारे में बताया कि गोली लगने के बाद अब वह दो महीने तक किसी भी तरह के एक्?शन से दूर रहेगा, जिसके चलते अगले साल फरवरी में होने वाली उसकी बहन की शादी में शामिल होना मुश्किल हो जाएगा। कनौजिया का कहना है कि जब गोली चली तो उसे लगा कि पैर के पास आकर कोई पटाखा फूटा है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स ने उसकी सर्जरी की है। राज ने बताया कि दशहरा होने के चलते उसकी छुट्टी शाम 5 बजे हो गई थी। वह सिलाई का काम करता है। देव मां के दर्शन करने के लिए वह यहां आया था और दुकान पर खड़े होकर जूस पी रहा था। तभी अचानक वहां भगदड़ मच गई। इसी दौरान राज के पैर में कुछ आकर टकराया। देखा तो उसके पैर से खून निकल रहा था। लोग इधर-उधर भागने लगे। लोग चिल्लाने लगे, फायरिंग हुई है, फायरिंग हुई है। एक पैर पर लंगड़ाते हुए वह किसी तरह मंदिर में पहुंचा। कुछ लोगों ने मुझे अंदर ले गए फिर मुझे अस्पताल ले जाया गया।



## 90 साल का भी हो जाऊंगा तो भी लोगों के लिए काम करता रहूंगा: शरद पवार



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का आज ऐलान होना है। चुनाव आयोग दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके तारीखों का ऐलान करेगा। इस बीच वरिष्ठ नेता और एनसीपी के शरद पवार ने कहा कि भले ही मेरी उम्र 84 साल है, लेकिन मैं रुकने वाला नहीं। यही नहीं भले ही उम्र 90 साल हो जाए, लेकिन मैं काम करता रहूंगा। शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर ही रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करते रहेंगे। उनका इशारा अजित पवार की ओर था। शरद पवार फिलहाल एनसीपी-(एसपी) के नेता हैं। शरद पवार ने एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार की ओर से घोषित लड़की बहिन योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि बहन तो बारामती में भी थी, लेकिन वहां उसके सामने चुनाव लड़ा गया। यही नहीं उन्होंने कहा कि पहले तो बहन के खिलाफ चुनाव प्रचार हुआ और लड़ाई की गई। इसके बाद जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए तो वे बहन को याद करने लगे। शरद पवार ने कहा कि हमारे सामने सवाल है कि आखिर महाराष्ट्र किसके हाथों में रहना चाहिए। यह आम लोगों के हाथ में रहे या फिर किसी और को कमान मिले।

उन्होंने कहा कि आप जब भी अखबार खोलते हैं तो एक नई स्कीम पढ़ते हैं। कभी यह बहनों के बारे में होती है। हर कोई बहन का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि मजे की बात तो यह है कि बीते दस सालों में बहनों को याद नहीं किया गया। देवेंद्र फडणवीस के समय में पूरे पांच साल बीत गए और बहनों की याद नहीं आई। उनकी याद उस वक्त आई, जब लोकसभा चुनाव में 48 में से 31 सीटें महाविकास अघाड़ी ने जीत लीं। उन्होंने कहा कि आम जनता इन नेताओं से ज्यादा तेज है। बारामती में भी एक बहन सामने थी, लेकिन जनता ने बहन का साथ दिया। इस दौरान शरद पवार ने खुद के डटने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि मैंने 60 सालों से एक भी छुट्टी नहीं ली है। मैंने 14 बार चुनाव लड़ा। 7 बार लोकसभा में उतरा और इतनी ही बार विधानसभा चुनाव लड़ा है। लगातार आप लोगों की सेवा में ही लगा रहता हूं।

## हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद बढ़ी रार, सैलजा ने की पड़ताल की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार ने पार्टी में कलह बढ़ा दी है। चुनाव में कुमारी सैलजा और भूपिंदर सिंह हुड्डा के बीच सीधा टकराव था। इसके अलावा तीसरा धड़ा रणदीप सिंह सुरजेवाला का था। अब यह कलह फिर से सतह पर नजर आ रही है। सैलजा ने तो हाईकमान से मांग की है कि संगठन में बदलाव किया जाए। इस तरह फिर से उनका सीधा निशाना भूपिंदर सिंह हुड्डा पर ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को हुड्डा का ही करीबी माना जाता है।

सिरसा की सांसद ने कहा कि इन नतीजों ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निराश किया है, लेकिन वह हताश नहीं हैं। हाईकमान हार की पड़ताल करेगा। सैलजा का कहना है कि इस हार पर चिंता करने की बजाय पार्टी को उसके कारणों की पड़ताल करना चाहिए और मंथन करना होगा।

उन्होंने संगठन में बदलाव पर जोर दिया और कहा कि बीते 10 सालों में संगठन ठीक से काम नहीं कर रहा है। सैलजा ने कहा कि पार्टी की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी कार्यकर्ताओं से बात करेगी और उनकी राय ली जाएगी। यह पूछा जाएगा कि आखिर आप हार के क्या कारण मानते हैं। सैलजा ने कहा रिपोर्ट आने के बाद ही हाईकमान फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि हमारी जो हार हुई है, उसका अनुमान तो किसी को भी नहीं था। फिर भी किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले हम फीडबैक लेंगे।

वहीं आपसी कलह पर राहुल गांधी के गुस्से वाली खबरों को सैलजा ने खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अब तक इस पर उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि हरियाणा चुनाव की बड़ी वजह कलह को ही माना जा रहा है। चर्चा है कि भूपिंदर सिंह हुड्डा के हाथ में ही चुनाव की पूरी कमान होने से सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने दूरी बना ली।

इसके अलावा कैप्टन अजय सिंह यादव जैसे नेता भी उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में कुमारी सैलजा की ओर से बदलाव की मांग ने रार को नए सिरे से तेज कर दिया है। बता दें कि सभी एग्जिट पोल्स में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब नतीजे आए तो कांग्रेस नेता समेत राजनीतिक पंडित भी हैरान रह गए।



## नेशनल कॉन्फ्रेंस फारुख अबदुल्ला को भेज सकती हैं राज्यसभा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद करीब चार साल बाद चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को तीन राज्यसभा सीटें जीतने की उम्मीद है। गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 90 में से 48 सीटें हासिल कर बहुमत हासिल किया। सीपीआई-एम, आप और पांच निर्दलीय सहित अन्य दल गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं, जिससे कुल मिलाकर संख्या 55 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि 29 सीटों के साथ भाजपा को एक राज्यसभा सीट मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला को राज्यसभा भेज सकती है, जबकि बीजेपी अपने किसी वरिष्ठ नेता को उच्च सदन में भेज सकती है। सूत्रों ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता, जिन्हें चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया था, वे भाजपा के राज्यसभा नामांकन के लिए सबसे आगे हैं।



नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला को चार राज्यसभा सीटों में से एक से मैदान में उतारकर संसद भेज सकती है। जम्मू-कश्मीर सरकार में केवल 10 मंत्री हो सकते हैं, जिसमें सीएम भी शामिल हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने सबसे खराब प्रदर्शन में केवल छह सीटें जीतीं।

## मायावती का ऐलान, महाराष्ट्र और झारखंड में अकेले चुनावी मैदान में उतरेगी बसपा, यूपी में भी बढ़ाई अखिलेश की टेंशन

**लखनऊ (एजेंसी )।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी राज्य चुनावों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव अपने दम पर लड़ेगी। इसका मतलब साफ है कि मायावती की पार्टी अब किसी से गठबंधन नहीं करने जा रही है। महाराष्ट्र व झारखण्ड में चुनावी तारीखों के ऐलान का स्वागत करते हुए मायावती ने एक्स पर लिखा कि चुनाव जितना कम समय में तथा जितना पाक-साफ अर्थात् धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो उतना ही बेहतर, जिसका पूरा दारोमदार चुनाव आयोग पर ही निर्भर है।




इसके साथ ही यूपी की पूर्व सीएम ने कहा कि बीएसपी इन दोनों राज्यों में अकेले ही चुनाव लड़ेगी और यह प्रयास करेगी कि उसके लोग इधर-उधर न भटकें बल्कि पूरी तरह बीएसपी से जुड़कर परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान कारवाँ के सारथी बनकर शासक वर्ग बनने का अपना मिशनरी प्रयास जारी रखें। इसके बाद मायावती ने अखिलेश यादव की टेंशन उत्तर प्रदेश में बढ़ा दी। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा की सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी बीएसपी अपने उम्मीदवार उतारेगी और यह चुनाव भी अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी एवं दमदारी के साथ लड़ेगी।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। उपचुनाव में 13 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 रिक्त सीटों में से नौ पर उपचुनाव की घोषणा की। चुनाव याचिका लंबित होने के कारण उसने अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की। लोकसभा चुनाव में विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद सीसामऊ को छोड़कर सभी सीटें खाली हो गईं। सीसामऊ में सपा विधायक इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## मध्यप्रदेश के ग्वालियर में डेंगू का प्रकोप... 1 हजार पहुंची मरीजों की संख्या

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में डेंगू धीरे-धीरे फैलता जा रहा है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जहां ग्वालियर में मरीजों का आंकड़ा एक हजार को पार कर चुका है। स्वास्थ्य विभाग और नगरीय निकाय हालात पर काबू पाने सक्रिय हैं। साफ सफाई अभियान से लेकर जमाव वाले पानी की जांच हो रही है। घर-घर सर्वे भी हो रहा है। राज्य के विभिन्न इलाकों में बीते कुछ दिनों में डेंगू के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। ताजा आंकड़े के अनुसार ग्वालियर में 1000 से ज्यादा, भोपाल में 450, इंदौर में 440 और जबलपुर में 325 डेंगू के मामले सामने आए हैं। डेंगू पर नियंत्रण पाने के लिए नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हैं। घर-घर सर्वे कर साफ सफाई का अभियान भी चलाए हुए हैं मगर यह कोशिशें नाकाफी साबित हो रही है। उसका कारण भी है क्योंकि फागिंग मशीन हर इलाके में नहीं पहुंच पा रही है, जिससे मच्छरों की संख्या कम नहीं हो पा रही है, वहीं जगह-जगह पानी का जमाव है। यह स्थितियां मच्छरों की संख्या बढ़ाने में मददगार है।

इस स्थिति पर ग्वालियर की उच्च न्यायालय खंडपीठ ने भी चिंता जाहिर की है। खंडपीठ की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि ग्वालियर में दलदली खुली भूमि पर जो पानी भरा है उस पानी को खत्म किया जाए, बीमारी को रोकने का एक मजबूत सिस्टम बनाया जाए। इसके साथ ही जो मरीज सामने आते हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के अलावा गंभीर मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था की जाए। बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए नियमित सफाई और दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग मशीन का उपयोग करना जरूरी है।




जबलपुर के मलेरिया विभाग के अधिकारी का कहना है कि आमतौर पर सितंबर में डेंगू का असर कम होता है मगर इस बार बारिश का सिलसिला ज्यादा दिन चला है, ऐसी स्थिति में सतर्क रहने की जरूरत ज्यादा है। जबलपुर में ही पिछले साल के मुकाबले इस बार डेंगू के मरीज दोगुने से ज्यादा सामने आए हैं। आने वाले दिनों में मरीजों संख्या ज्यादा न बढ़े इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश, वर्षाजनित घटनाओं में चार की मौत

**चेन्नई (एजेंसी)।** दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव का क्षेत्र अभी उसी क्षेत्र में बना हुआ है और कल उत्तरी तमिलनाडु की ओर बढ़ने की संभावना है।

वहीं कल शाम से चेन्नई शहर और उपनगरों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में छिटपुट से लेकर भारी बारिश हुई और कल शाम से राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मौतें बिजली गिरने और दीवार गिरने के कारण हुईं और राज्य सरकार ने सोमवार देर रात ही पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार सुबह कहा कि इस प्रणाली पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और आज तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक स्पष्ट रूप से चिह्नित कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा। इसके बाद इसमें तब्दीली होने और उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और इससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव में तमिलनाडु और पुडुचेरी में आज अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, जिससे तमिलनाडु और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून के आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा।

मौसम विभाग के अनुसार कि बुधवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और उत्तर तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 17 अक्टूबर को आंतरिक तमिलनाडु में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन (जिन्होंने मौसम कार्यालय द्वारा विभिन्न पूर्वानुमान मॉडलों के आधार पर आज भारी बारिश और कल 20 सेमी से अधिक अत्यधिक भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद मानसून की तैयारियों की समीक्षा की) ने आज चेन्नई और तीन आसपास के जिलों में सभी स्कूलों और कॉलेजों के लिए अवकाश घोषित किया है और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों को अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहने का निर्देश दिया है। भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर संबंधित कलेक्टरों द्वारा कुड्डालोर, विल्लुपुरम और अन्य जिलों में स्कूलों और कॉलेजों के लिए भी छुट्टियां घोषित की गईं। श्री स्टालिन ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में किए गए एहतियाती इंतजामों की भी समीक्षा की इन जिलों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट और तीन अन्य जिलों के साथ कल के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरी तमिलनाडु और आंतरिक जिलों सहित राज्य के कुल 15 जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, चेन्नई क्षेत्रीय मौसम निदेशक एस. बालचंद्रन ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है, क्योंकि पूरे राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी नहीं किया गया है। चेन्नई और पड़ोसी जिलों सहित उत्तरी तमिलनाडु के तटों पर भारी बारिश होगी।

कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि आज भारी बारिश और कल अत्यधिक बारिश की संभावना है। इस बीच, मध्य क्षेत्र सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में कल शाम से छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर बारिश हुई, जिससे मुख्य सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया। चेन्नई शहर और उपनगरों में भी कल रात से छिटपुट बारिश हुई और पूरी सरकारी मशीनरी तथा ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बारिश के कहर से निपटने के लिए सभी एहतियाती इंतजाम किए हैं।

